राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात·किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 नंबर-1 टेस्ट बॉलर बनें...

नंद गोपाल नंदी ने औद्योगिक भूखंड़ों... 12

वर्ष : 14 | अंक : 266 | नई दिल्ली, गुरुवार, 08 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# राष्ट्रपति ने अमृत उद्यान के लिए शटल बस सेवा को हरी झंडी दिखाई

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमृत उद्यान आने वालों की सुविधा के लिए बुधवार को केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से शटल बस सेवा को हरी झंडी दिखाई। यह शटल सेवा केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के गेट संख्या 4 से अमृत उद्यान के गेट संख्या 35 के बीच चलेगी। यह सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति भवन का 'अमृत उद्यान' 2 फरवरी से आम लोगों के लिए खुला है। घूमने-फिरने के शौकीन लोग 31 मार्च तक सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां घूमने जा सकते हैं। प्रत्येक सोमवार को रखरखाव के लिए उद्यान आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। आगंतुकों की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेगी। अमृत उद्यान 22-23 फरवरी तथा 1 और 5 मार्च को विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा। यह 22 फरवरी को दिव्यांग व्यक्तियों, 23 फरवरी को रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए जबकि 1 मार्च को महिलाओं एवं आदिवासी महिला एसएचजी के लिए और 5 मार्च को अनाथालयों के बच्चों के लिए खुला रहेगा। ऑनलाइन बुकिंग राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है और और साथ ही गेट नंबर 35 के



बाहर स्थित सेल्फ सर्विस कियोस्क के माध्यम से भी स्लॉट की बुकिंग मुफ्त है। आगंतुक मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक चाबियां, पर्स, हैंडबैग, पानी की बोतलें और शिशुओं के लिए दूध की बोतलें ले जा सकते हैं। सार्वजनिक मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा, चिकित्सा सुविधाओं का इंतजाम किया जाएगा। आगंतुकों को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे के बीच छह घंटे के स्लॉट में यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। दो पूर्वाह्न स्लॉट (10 बजे से 12 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में 7,500 आगंतुकों और सप्ताहांत पर प्रत्येक स्लॉट में 10,000 आगंतुकों की होगी। दोपहर के चार स्लॉट (12 बजे से सायं 4 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में प्रत्येक स्लॉट में 5,000 आगंतुकों और सप्ताहांत पर 7,500 आगंतुकों की होगी। इस दौरान आगंतुक 225 साल पुराना शीशम का पेड़, बोनसाई गार्डन में 300 से अधिक बोनसाई जिनमें से कई दशकों पुराने हैं, म्यूजिकल फाउंटेन, सेंट्रल लॉन में दुर्लभ और विदेशी फूल, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन से गुजरेंगे। थीम गार्डन में 18 किस्मों के 42,000 ट्यूलिप लगाए गए हैं। बाहर निकलने पर उनके लिए फूड कोर्ट होंगे। यहां एक सुंदर सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है। अमृत उद्यान के अलावा लोग सप्ताह में छह दिन (मंगलवार से रविवार तक) राष्ट्रपति भवन और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय भी देख सकते हैं। वे राजपत्रित छुट्टियों को छोड़कर प्रत्येक शनिवार को चेंज-ऑफ-गार्ड समारोह भी देख सकते हैं। उद्यान उत्सव के दौरान स्कूली छात्र संग्रहालय का निःशुल्क भ्रमण कर सकते हैं।

अधिकतम तापमान 16°C

न्यूनतम तापमान 13°C

**बाजार**

सोना 64,550

चांदी 79,800

सेंसेक्स 72,152

निफ्टी 21,930

# कांग्रेस द्वारा 'मोदी गारंटी' पर सवाल उठाना हैरान करता है : पीएम मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर चौतरफा हमला बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र पर हमला करने वाली तथा आतंकवाद और अलगाववाद को अपने हित में देश में पनपने देने वाली कांग्रेस की सोच पुरानी पड़ गयी है और यह हैरानी की बात है कि वह मात्र दस वर्षों में देश को पांचवीं बडी अर्थव्यवस्था बनाने वाले मोदी की गारंटी पर सवाल उठा रही है। श्री मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए आज राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को आडे हाथों लेते हुए कहा कि अपने भाषण में श्री खड़गे ने करीब डेढ घंटे तक उनपर जुल्म ढहाने में कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस दौरान सदन में बैठे उनका भाषण सुन रहे थे, लेकिन उन्होंने मयार्दा तथा संयम नहीं तोड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उस दिन श्री खड़गे ने दो कमांडोह्व के न होने का पूरा फायदा उठाया। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें हैरानी थी कि देश पर इतने लंबे समय तक अपने शासन में लोकतंत्र की धज्जियां उडाने वाली कांग्रेस के नेता इतना उपदेश कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्री खड़गे ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में 400 सीटों का आशीर्वाद दिया है और



इसके लिए वह उन्हें धन्यवाद देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संबंध में वह भी एक प्रार्थना करते हैं कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल से आई चुनौती को पार करने में सफल हो और 40 से अधिक सीट हासिल करे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को कहने का और सत्ता पक्ष को सुनने का अधिकार है लेकिन उस दिन श्री खड़गे का भाषण सुनकर हमारा विश्वास पक्का हो गया है कि कांग्रेस पार्टी सोच से भी आउटडेटिड हो गयी है और उन्होंने अपना काम भी आउटसोर्स कर दिया है। उन्होंने कहा कि इतने दिनों तक देश पर राज करने वाले दल का इतना पतन देखकर हमारी उनके प्रति संवेदनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने शासनकाल में कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया और चुनी हुई सरकारों को रातों रात गिरा दिया। आपातकाल के दौरान सभी मयार्दाओं को तार-तार कर मीडिया पर अंकुश लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को तोड़ने के नये नरेटिव गढे और अब उत्तर तथा दक्षिण को तोडने के बयान दिये जा रहे हैं और अब यह पार्टी हमें लोकतंत्र और आदर्शवाद पर उपदेश दे रही है।

## हम देश को कठिन दौर से बाहर लाए हैं : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीए सरकार के 10 साल पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का दिया गया एक वक्तव्य बुधवार को राज्यसभा में पढ़ा। संसद में दिया गया मनमोहन सिंह का वक्तव्य था, ह्रसदस्य गण जानते हैं कि हमारी ग्रोथ धीमी हो गई है और फिजिकल डेफिसिट बढ़ गया है। महंगाई दर बीते 2 वर्षों से लगातार बढ़ रही है, करंट अकाउंट डेफिसिट हमारी उम्मीदों से कहीं अधिक हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का एक और अन्य वक्तव्य दोहराया, जिसमें मनमोहन सिंह ने अपनी सरकार के समय कहा था, देश में व्यापक गुस्सा है। पब्लिक ऑफिस के दुरुपयोग को लेकर भारी गुस्सा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उस समय भ्रष्टाचार को लेकर पूरा देश सड़कों पर था। गली-गली में आंदोलन चल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए शासनकाल में दिए गए तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक अन्य वक्तव्य में कहा था, टैक्स कलेक्शन में भ्रष्टाचार होता है, इसके लिए जीएसटी लाना चाहिए। राशन की योजना में लीकेज होती है, जिस देश का गरीब सबसे अधिक पीड़ित है। इसको रोकने के लिए उपाय खोजने होंगे। सरकारी ठेके जैसे दिए जा रहे हैं, उस पर शक होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजीव गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि एक और पूर्व प्रधानमंत्री का वक्तव्य है कि दिल्ली से एक रुपया जाता है और केवल 15 पैसा पहुंचता है।

# 'डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम' में भारत के अब आत्मनिर्भर होने का समय : सीडीएस

- जनरल चौहान ने तीन दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया
- अंतरिक्ष-रोधी क्षमताओं पर काम करने के लिए भारतीय उद्योग जगत से आह्वान




प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि अब भारत में अत्यधिक सक्षम आत्मनिर्भर 'डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम' के निर्माण का समय है। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत से देश की अंतरिक्ष संपत्तियों की सुरक्षा के लिए काउंटर-स्पेस क्षमताओं को बढ़ाने पर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा है कि चूंकि देश अमृत काल से गुजर रहा है, इसलिए अंतरिक्ष संवर्धन से लेकर अन्वेषण तक सरकार ने राष्ट्र के लिए बड़े लक्ष्यों की कल्पना की है। सीडीएस चौहान बुधवार को दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में तीन दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। सीडीएस ने निजी अंतरिक्ष उद्योग भागीदारों की विभिन्न तकनीक प्रगति को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। भारतीय सशस्त्र बलों में संयुक्तता, एकीकरण और परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के साथ थिंक टैंक 'संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र' और सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ यह सेमिनार आयोजित की गई। इसका उद्देश्य नागरिक, वाणिज्यिक और रक्षा अंतरिक्ष कार्यक्रमों के बीच समन्वय और तालमेल को बढ़ावा देना है।

मानव जाति और युद्ध में लगे सशस्त्र बलों के लिए अंतरिक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि भूमि, वायु, समुद्र और यहां तक कि साइबर के पारंपरिक क्षेत्रों में युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग किया जा सकता है। सशस्त्र बलों की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग करने की सरकार की प्रमुख पहलों का उल्लेख करते हुए सीडीएस ने आई-डेक्स पहल के तहत मिशन डेफस्पेस 2022 के हिस्से के रूप में 75 अंतरिक्ष संबंधी चुनौतियों का उल्लेख किया।

जनरल चौहान ने कहा कि इस पहल के तहत कुल पांच अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और चार अनुबंध प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। सीडीएस ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार देश के भीतर एक भरोसेमंद अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए स्टार्ट-अप सहित सभी हितधारकों को प्रोत्साहित कर रही है। हमारे पास अंतरिक्ष क्षेत्र में 2014 में एक स्टार्टअप था, जो 2023 में 204 तक बढ़ गए हैं। सरकार ने 2023 में इस क्षेत्र में 123 मिलियन डॉलर का निवेश किया है, जिससे कुल फंडिंग 380.25 मिलियन डॉलर हो गई है। सीडीएस ने वर्ष 2033 तक स्वदेशी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 44 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद जताई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा राकांपा चुनाव चिन्ह विवाद

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजीत पवार गुट ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय में एक 'केवियट' याचिका दायर कर गुहार लगाई कि इस पार्टी के शरद पवार गुट की ओर से यदि चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी जाती है तो उनका (अजीत) पक्ष भी सुना जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुट को वास्तविक एनसीपी घोषित करते हुए चुनाव चिन्ह घड़ी का निशान का हकदार बताया था। अजीत पवार शरद पवार के भतीजे हैं, जिन्होंने पिछले साल महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल हुए थे। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिका में कोई एक तरफा आदेश नहीं पारित करने की गुजारिश की गई है। अजीत पवार गुट ने चुनाव आयोग के समक्ष पेश हलफनामे में एनसीपी के कुल 81 विधायकों में से 57 का समर्थन हासिल हो ने का दावा किया था, जबकि उनके चाचा शरद पवार गुट के साथ मात्र 28 विधायकों का साथ होने की बात कही गई।

### संसद की बैठक शनिवार को भी होगी

नई दिल्ली। संसद के वर्तमान बजट सत्र को एक दिन बढ़ाकर 10 फरवरी तक कर दिया गया है जिससे लोकसभा और राज्यसभा के बैठकें शनिवार को भी होंगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा में कहा कि संसदीय कार्य मंत्री ने आवश्यक सरकारी कामकाज को निपटाने के लिए 17वीं लोकसभा के 15वें सत्र को 10 फरवरी तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। श्री बिरला ने सत्र को 10 फरवरी तक बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में रखा जिसे सदस्यों ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में शून्यकाल में कहा कि सदन के 263वें सत्र की अवधि एक दिन और बढ़ाकर शनिवार तक करने का प्रस्ताव है। इस दौरान सरकारी कामकाज होगा और शून्यकाल तथा प्रश्नकाल नहीं होगा। बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ हुई थी और इसे नौ फरवरी को समाप्त होना था।

# पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद दिल्ली भागने की फिराक में थे आरोपी

प्रात : किरण/एजेंसी

हरदा। बीते रोज हरदा में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका होने के बाद करीब एक दर्जन लोगों की मौत हो गई। बीते करीब चार दशकों से किसके संरक्षण में ये अवैध कारोबार हो रहा है ये जांच का विषय हो सकता है। लेकिन बताया जा रहा है जिले में बैठे कई अधिकारियों के लिए ये अवैध फैक्ट्री चारागाह थी। एक अफसर कार्रवाई करता था तो दूसरा बचाने के लिए खड़ा हो जाता है। ऐसे ही खेल में सालों से फैक्ट्री चलती रही। अब बड़ी घटना होने के बाद ब्लास्ट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। वो दिल्ली भागने की फिराक में था। लेकिन पुलिस ने उसे समय रहते धर दबोचा और अब आगे की जांच होने वाली है। बड़ी बात ये है कि इस हादसे के मुख्य आरोपी बाप-बेटे हैं जिन्हें अब पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। आरोपियों के नाम राजेश अग्रवाल और सोमेश अग्रवाल हैं जिन्हें रायगढ़ से देर रात पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि बाप-बेटे गाड़ी में बैठ दिल्ली के लिए निकलने वाले थे। लेकिन बीच हाईवे पर ही पुलिस ने उन्हें घेर लिया और उनका सारा प्लान चौपट हो गया। वैसे शुरूआती जांच में इस घटना को लेकर लापरवाही की बात सामने आ रही है, इस वजह से भी बाप-बेटे की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। अभी तक इस मामले में 11 लोगों की मौत हो चुकी है और 175 से ज्यादा घायल हैं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है, लेकिन इलाके में अभी भी धुएं का गुबार है। जानकारी के अनुसार, हरदा के बैरागढ़ गांव में मगरधा रोड पर अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री में हुए धमाकों की वजह से सुबह 11:30 बजे आग लग गई। धमाके इतने पावरफुल थे कि फैक्ट्री के आसपास के मकानों और दुकानों के शीशे टूट गए।

# सपा प्रमुख अखिलेश भी शामिल होंगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में

प्रात : किरण/एजेंसी

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिलेश यादव को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का न्योता भेजा था। अखिलेश यादव ने कांग्रेस के न्योते पर को स्वीकार कर



लिया। उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की घोषणा की। बता दें कि राहुल गांधी का काफिला 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा। अखिलेश यादव राहुल गांधी का साथ अमेठी या रायबरेली में दे सकते हैं।

उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की सहमति दे दी है। सपा प्रमुख ने कांग्रेस को बधाई देते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा का निमंत्रण स्वीकार किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश की सीमा में दाखिल होकर पीडीए की रणनीति से जुड़ेगी और सपा के सामाजिक न्याय और परस्पर सौहार्द का आंदोलन और आगे ले जाएगी। अखिलेश यादव को उम्मीद है कि टीम इंडिया और पीडीए की रणनीति का गठजोड़ जीत का नया इतिहास लिखेगा।

### सच कहने से रोकने के लिये मिल रही मारने की धमकी : दानिश

नई दिल्ली। लोकसभा सांसद कुंवर दानिश अली ने कहा कि उन्हें सच कहने से रोकने के लिये धमकी दी जा रही है। अमरोहा सीट से सांसद कुंवर दानिश अली ने एक्स पर आज इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कितना डराओगे? कल मेरे ऑफिस में फोन कर किसी ने मुझे डराने-धमकाने की कोशिश की और मुझे जान से मार देने की धमकी दी! यह कैसी हताशा है? उन्होंने कहा, भारतीय लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला तो यह हरकत नहीं कर सकता।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की बैठक

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली/एजेंसी। रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने देश में एक साथ चुनाव कराने पर विचार को लेकर तीन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधि सुदीप बंदोपाध्याय और कल्याण बंदोपाध्याय ने 11 जनवरी 2024 को



पत्र द्वारा देशभर में एक साथ चुनाव पर पार्टी के जो विचार समिति को सौंपे थे, उसी को एक बार फिर समिति के सामने दोहराया। इसके साथ ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सीताराम येचुरी, नीलोत्पल बसु और मुरलीधरन ने भी समिति के सदस्यों से मुलाकात की और अपना रुख बताया। बता दें कि पार्टी ने पहले ही लिखित रूप में एचएलसी को अपने विचार सौंप दिए थे।

### वर्ष 2022-23 में गन्ना किसानों का 99 प्रतिशत भुगतान : गोयल

नई दिल्ली। लोकसभा में सरकार ने आज बताया कि वर्ष 2022-23 में देश में गन्ना किसानों का 99 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि गत कई वर्षों से गन्ना किसानों का बकाया भुगतान समय पर हो रहा है और यही वजह है कि देश में गन्ना किसानों का कोई आंदोलन इन दिनों नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013-14 में गन्ना किसानों का कुल भुगतान 57 हजार करोड़ रुपये हुआ था, लेकिन 2022-23 में गन्ने का उत्पादन भी डेढ़ गुना बढ़ गया है, जिसके कुल मूल्य 1.15 लाख करोड़ रुपये में से करीब 1.14 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब मात्र 516 करोड़ रुपये गन्ना किसानों के बाकी हैं। गोयल ने कहा कि गन्ना उत्पादन और चीनी मिलों के नजरिये से पिछले करीब 10 वर्ष में स्थिति बिल्कुल बदल गयी है।

# चीन-पाक पर नजर रखने अब भारतीय वायु सेना को मिलेंगे 12 टोही विमान

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान और चीनी सरहदों पर अपनी कड़ी निगरानी करने भारतीय वायु सेना को अब 12 टोही विमान मिलने वाले हैं। इसके लिए भारत ने एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। जल्द ही भारत के 12 और एयरक्राफ्ट आसमान में दुश्मनों के विमानों पर नजर रखेंगे। जानकारी के अनुसार भारत अब उन्नत स्वदेशी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट (स्वदेशी हवाई पूर्व चेतावनी एवं नियंत्रण प्रणाली) को विकसित करने और भारतीय वायुसेना में शामिल करने के लिए अब तेजी से कदम उठा रहा है, जो चीन और पाकिस्तान सीमाओं पर सर्विलांस और डिटेक्शन की क्षमताओं



को बढ़ावा देगा और साथ ही दुश्मन जेट के साथ हवाई युद्ध के दौरान सीधे लड़ाकू विमानों की मदद करेगा। 12 और टोही विमानों के लिए भारत तेजी से काम कर रहा है। दरअसल, इंडियन एयरफोर्स और डीआरडीओ मिलकर सक्रिय रूप से नेत्र विमान के छह मार्क-1ए के साथ-साथ छह मार्क-2 संस्करण विकसित करने के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है, जिनमें से तीन नेत्र विमान पहले बनाए गए थे और फरवरी 2017 से शामिल किए गए थे।

गौरतलब है कि डीआरडीओ नेत्रा एक भारतीय, हल्के वजन, निगरानी और टोही अभियानों के लिए स्वायत्त मानव रहित हवाई वाहन है। यह संयुक्त रूप से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अनुसंधान द्वारा विकसित किया गया है। टीओआई ने सूत्रों के हवाले से कहा कि रक्षा मंत्रालय अगले सप्ताह 6 मार्क-1ए विमानों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति लेगा, जिसमें ब्राजीलियाई एम्ब्रेयर जेट पर सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कैन किए गए ऐरे एंटीना-आधारित रडार, इलेक्ट्रॉनिक और सिग्नल इंटेलिजेंस सिस्टम को 9 हजार करोड़ रुपए लागत से स्थापित किया जाएगा।

**यात्रा** | ओडिशा के इस्पात शहर के रूप में प्रसिद्ध राउरकेला में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर शुरू की

# ओडिशा में भाजपा-बीजद का 'गठजोड़' है : राहुल

प्रात : किरण/एजेंसी

राउरकेला (ओडिशा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच "गठजोड़" है और कांग्रेस राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध करती रही है। राहुल ने यहां ओडिशा के इस्पात शहर के रूप में प्रसिद्ध राउरकेला में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर शुरू की। उन्होंने कहा, "आप जानते ही हैं कि ओडिशा में नवीन पटनायक और नरेन्द्र मोदी की साझा सरकार है। दोनों ने हाथ मिलाया है और मिलकर काम करते हैं। मुझे संसद में पता चला कि बीजद, भाजपा



का समर्थन करती है। बीजद के लोग भी भाजपा के इशारे पर हमें परेशान करते हैं।" राहुल ने दावा किया कि अकेली कांग्रेस पार्टी ही ओडिशा के लोगों के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा, "मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए ओडिशा आया हूं।" कांग्रेस नेता ने ओडिशा में बीजद सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के 30 लाख लोग आजीविका की तलाश में दूसरे राज्यों में विस्थापित हो गए हैं क्योंकि राज्य सरकार "उनके लिए काम नहीं कर रही है।" उन्होंने कहा, "30 लाख लोगों के अपनी आजीविका के लिए दूसरे राज्यों में विस्थापित होने के साथ ही ओडिशा से बाहर के 30 करोड़पति राज्य की संपदा को लूटने के लिए यहां आए हैं।" राहुल ने कहा कि ओडिशा में आदिवासियों की बड़ी आबादी है लेकिन सरकार राज्यों में दलितों के साथ ही उनकी भी "उपेक्षा" कर रही है। उन्होंने कहा, "मैं यहां छह-सात घंटे आपके 'मन की बात' सुनने आया हूं और केवल 15 मिनट अपनी बात रखूंगा।" उन्होंने कहा कि ओडिशा में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है क्योंकि उद्योग सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। इससे पहले, राहुल ने वेदव्यास शिव मंदिर में पूजा करने के साथ राउरकेला में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की फिर शुरूआत की और उदितनगर से यहां पानपोश चौक तक 3.4 किलोमीटर लंबी पदयात्रा शुरू की। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार और ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरत पटनायक के साथ लोगों से बातचीत की। राहुल का रानीबांध में बिरसा मुंडा मैदान में दोपहर का भोजन करने और दोपहर बाद कुटरा तथा बड़ागांव में दो और सभाओं में भाग लेने का कार्यक्रम है। इसके बाद वह रानीबांध से अपनी यात्रा बहाल करेंगे और राजगंगपुर में एक रैली को संबोधित करेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 08 फरवरी, 2024



# यूसीसी: पति की क्रूरता और विवाहेतर संबंधों पर पत्नी को भी तलाक का होगा हक, महिलाओं को समान अधिकारों की वकालत

**देहरादून, एजेंसी।** पति की तरह अब पत्नी चाहेगी तो पति से तलाक ले सकेगी। तलाक के लिए पति की एक से अधिक पत्नी, दुष्कर्म का दोषी होने के साथ ही क्रूरता, किसी अन्य के साथ विवाहेतर संबंध या लगातार दो वर्ष तक दूरी बनाकर रखना भी आधार बन सकता है।

समान नागरिक संहिता में पति के साथ पत्नी को भी बराबर का अधिकार दिया गया है। पति की तरह अब पत्नी चाहेगी तो पति से तलाक ले सकेगी। तलाक के लिए पति की एक से अधिक पत्नी, दुष्कर्म का दोषी होने के साथ ही क्रूरता, किसी अन्य के साथ विवाहेतर संबंध या लगातार दो वर्ष तक दूरी बनाकर रखना भी आधार बन सकता है।

प्रस्तावित कानून के प्रावधानों के मुताबिक, नपुंसकता या जानबूझकर यौन संबंध नहीं बनाने पर विवाह शून्य हो जाएगा। इसके अलावा, याचिकाकर्ता की सहमति बलपूर्वक या धोखाधड़ी से लेने पर, विवाह के समय पत्नी के किसी अन्य पुरुष से गर्भवती होने या पति ने विवाह के समय पत्नी के अलावा किसी अन्य महिला को गर्भवती किया हो तब भी विवाह शून्य माना जाएगा। पति या पत्नी ने धर्म परिवर्तन कर लिया हो, पति या पत्नी मानसिक विकार या असाध्य संचारी यौन रोग से पीड़ित हो, तो ऐसी स्थिति में भी विवाह को शून्य माना जाएगा।

पत्नी इस आधार पर ले सकती है तलाक पति विवाह के बाद दुष्कर्म या किसी अन्य प्रकार के अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराध का दोषी रहा हो। यूसीसी लागू होने से पहले पति की एक से अधिक पत्नियां हों। पति-पत्नी मिलकर इस आधार पर तलाक की याचिका प्रस्तुत कर सकेंगे, कि वे एक वर्ष या उससे अधिक समय से अलग-अलग रह रहे हैं। वे एक साथ नहीं रह सके हैं और वे इस बात पर परस्पर सहमत हों कि विवाह का विघटन किया जाना चाहिए। याचिका प्रस्तुत करने के छह माह के बाद और उस तिथि से 18 माह के पूर्व दोनों पक्षकारों की ओर से किए गए प्रस्ताव पर अगर याचिका वापस नहीं ली गई हो। न्यायालय पक्षकारों को सुनने व जांच के बाद तलाक का आदेश जारी कर देगा।

**गर्भस्थ बच्चे को भी मिलेगा उत्तराधिकारत्न** समान नागरिक संहिता में बेटा और बेटी को बराबर अधिकार दिए गए हैं। इतना ही नहीं, गर्भस्थ बच्चे को भी वसीयत करने वाले व्यक्ति की मृत्यु के समय से ही उसका उत्तराधिकारी माना जाएगा।



विधानसभा के पटल पर पेश समान नागरिक संहिता में स्पष्ट किया गया कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के उपरांत उसकी संपत्ति का उत्तराधिकारी कौन होगा। इसे दो प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है।

पति/पत्नी, बच्चे, पूर्व मृत बच्चों के बच्चे व उनके पति/पत्नी, पूर्व-मृत बच्चों के पूर्व-मृत बच्चे व उनके पति/पत्नी और माता-पिता से होगा

दूसरी श्रेणी में सौतेले माता/पिता, भाई/बहन, पूर्व-मृत भाई/बहन के बच्चे व उनके पति/पत्नी, माता/पिता के भाई/बहन, दादा/दादी और नाना/नानी श्रेणी एक के उत्तराधिकारी एक साथ उत्तराधिकार प्राप्त करेंगे। मृतक का प्रत्येक जीवित पति/पत्नी एक-एक अंश लेगा। प्रत्येक जीवित बच्चा एक-एक अंश। प्रत्येक पूर्व मृत बच्चे का एक अंश। पूर्व मृत बच्चे की शाखा को न्यायगत होने वाला अंश प्रत्येक जीवित पति/पत्नी, जीवित बच्चे और पूर्व-मृत बच्चे के पूर्व-मृत बच्चे के मध्य समान रूप से बंटेगा।

ऐसी स्थिति में उत्तराधिकारी नहीं होंगे - मृत नातेदार की विधवा या विधुर ने इच्छापत्र रहित मृतक के जीवनकाल में पुनर्विवाह कर लिया हो, वहां ऐसी विधवा या विधुर संपदा का उत्तराधिकारी नहीं होगा।

यूसीसी में स्पष्ट किया गया कि इस अधिनियम के अलावा किसी अन्य प्रथा, रूढ़ि, परंपरा के तहत तलाक मान्य नहीं होगा। किसी प्रथा, रुढ़ी या परंपरा के तहत तलाक देने पर तीन साल की जेल और जुर्माना होगा। पूर्व की पत्नी होने के बावजूद पुनर्विवाह करने पर तीन वर्ष की जेल, एक लाख रुपये तक जुर्माना और सजा छह माह तक बढ़ाई जा सकती है।

विधेयक पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने आपत्ति जताई है। बोर्ड के कार्यकारी सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने समान नागरिक संहिता की प्रकृति पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, जहां तक यूसीसी का सवाल है, हमारी राय है कि हर कानून में एकरूपता नहीं लाई जा सकती। अगर आप किसी समुदाय को यूसीसी से छूट देते हैं, तो इसे एक समान कोड कैसे कहा जा सकता है? ऐसे किसी समान नागरिक संहिता की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा, विधानसभा के समक्ष मसौदा पेश होने के बाद बोर्ड की कानूनी टीम इसकी गहन जांच करेगी। इसके बाद वे आगे की कार्रवाई के बारे में फैसला करेंगे। एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह मुस्लिमों को इस्लाम से दूर करने का प्रयास है। हम शुरुआत से ही समान नागरिक संहिता का विरोध कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, एआईएमआईएम प्रवक्ता सैयद आसिम वकार ने इंडिया टीवी के एक कार्यक्रम में कहा, जो राज्य दर राज्य लागू हो रहा है वो यूसीसी कैसे हो गया? उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गोवा और सभी राज्यों में अलग कानून है, यह पूरे भारत में लागू नहीं हो रहा है वो तो क्षेत्रीय कानून है। हमें गुमराह मत कीजिए। भारत सरकार अगर करना चाहती है तो यूसीसी लागू करे। उत्तराखंड से इसका क्या मतलब है।

**सहमति संबंध...कोई भी साथी खुद कर सकेगा रिश्ते को खत्म.** सहमति संबंध में आने के बाद एक माह के भीतर अगर पंजीकरण नहीं कराया तो कानून सजा देगा। समान नागरिक संहिता में इसके प्रावधान किए गए हैं। वहीं, सहमति संबंध के दोनों साथियों में से कोई भी इस रिश्ते को खत्म कर सकता है, जिसकी सूचना सब रजिस्ट्रार को देनी होगी। यूसीसी में लिव इन रिलेशनशिप को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। इसके मुताबिक, सिर्फ एक वयस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### हल्द्वानी में फौजी के घर चोरी: मां-बेटी को दिखाया चाकू, मोबाइल लेकर भागा

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी में एक व्यक्ति पांच घंटे फौजी के घर में बिजली कर्मी बनकर काम करता रहा। आरोप है कि वह चोरी का प्रयास करने लगा। फिर मां-बेटी को बंधक बनाने का प्रयास किया। सफल नहीं होने पर महिला का मोबाइल छीनकर भाग गया। हल्द्वानी के जगदंबिका विहार कॉलोनी मुखानी में एक व्यक्ति पांच घंटे फौजी के एक घर में बिजली कर्मीबनकर काम करता रहा। आरोप है कि वह चोरी का प्रयास करने लगा। फिर मां-बेटी को बंधक बनाने का प्रयास किया। सफल नहीं होने पर महिला का मोबाइल छीनकर भाग गया। भागने का वीडियो सीसीटीवी में कैद हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जगदंबिका विहार कॉलोनी निवासी फौजी नीरज पांडे ने पुलिस को बताया कि पांच फरवरी को वह घर से बाहर थे। घर में उनकी पत्नी और बेटी थी। आरोप है कि इस बीच एक संदिग्ध व्यक्ति बिजलीकर्मी बनकर आया। उसने सिर पर टोपी पहनी थी और चेहरे को मफलर से छिपा रखा था। पांच घंटे तक वह घर में काम करता रहा। शाम होते ही उसने परिवार की महिलाओं को चाकू के सहारे बंधक बनाने का प्रयास किया। पत्नी ने बहादुरी दिखाई तो वह मोबाइल लेकर छत से कूदकर भाग गया। एकता कॉलोनी से भागने के दौरान वह फुटेज में दिखा है। फुटेज में ये सामने आया है कि जब वह युवक भाग रहा है तो कुछ महिलाएं चिल्लाते हुए पीछे भाग रही हैं। मुखानी थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि शिकायत मिली है। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। जांच की जा रही है।

### रस्सा खींच में केसर बैराठ की महिलाओं ने जीती ट्रॉफी

**चौखुटिया (अल्मोड़ा), एजेंसी।** गेवाड़ महोत्सव के तहत हुई रस्सा खींच प्रतियोगिता में केसर बैराठ की महिला टीम ने ट्राफी जीती। महिलाओं को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दस हजार की नकद राशि और ट्रॉफी दी गई। टीम ने मेला समिति अध्यक्ष किरन बिष्ट से ट्रॉफी प्राप्त की। टीम में प्रेमा देवी, धना देवी, पुष्पा पांडे, मोहनी पांडे, तारा देवी,किरन पांडे, मोहनी,तारा, मंजु देवी, गीता देवी, विनीता देवी और कमला देवी आदि थीं। इधर लक्की ड्रा में रामपुर के खुशाल सिंह राई ने कार और रानीखेत के भावेश कुमार ने स्कूटी, रंगचौड़ा के पीयूष कुमार ने कलर टीवी जीता। इसके अलावा 110 अन्य छोटे पुरस्कार भी दिए गए। लक्की ड्रा डॉ. कुलदीप बिष्ट की निगरानी में संपन्न हुए।

### जागेश्वर के दारुक वन में होंगे भगवान शंकर और मां पार्वती के दर्शन

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध 125 मंदिरों के समूह जागेश्वर धाम के पास दारुक वन में भगवान शंकर और मां पार्वती के दर्शन होंगे। मास्टर प्लान की तस्वीर सामने आई है जो अद्भुत है। इटली की लाइट से दारुक वन में भगवान शंकर और मां पार्वती की तस्वीर नजर आएगी। जल्द ही यह योजना धरातल पर उतरेगी। 125 मंदिरों के समूह जागेश्वर धाम का मास्टर प्लान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। पहले चरण में यहां के मंदिरों में इलुमिनेशन (लाइटिंग) का कार्य होना है जिसकी लागत 10.88 करोड़ है। खास बात यह है कि यह धाम इटली से लाइट से जगमग होगा। मास्टर प्लान के तहत कई रंग बिखेरने वाली आधुनिक लाइट को भगवान शिव का वास कहे जाने वाले दारुक वन में फोकस किया जाएगा। इससे यहां भगवान शंकर और मां पार्वती की फोटो नजर आएगी। रात के समय भक्त और पर्यटक दारुक वन में शिव-पार्वती के दर्शन कर सकेंगे। जागेश्वर धाम परिसर में देवदार का एक पेड़ है। इसमें भगवान गणेश की आकृति

## युवक को जेल से छुड़ाने के नाम पर लाखों की ठगी

**काशीपुर, एजेंसी।** साइबर ठग ने एक व्यक्ति से उसके भतीजे को जेल में बंद होने की बात कहकर 3,68,000 रुपये ठग लिए। चाचा को उस व्यक्ति पर यकीन इसलिए हो गया क्योंकि उस व्यक्ति ने भतीजे का नाम लेकर जिस व्यक्ति से बात कराई उसकी आवाज हूबहू भतीजे की तरह थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ केस दर्ज किया है। आशंका जताई जा रही है कि भतीजे जैसी आवाज के लिए कहीं एआई तकनीक का तो इस्तेमाल नहीं किया गया।

मोहल्ला आवास विकास निवासी परमवीर सिंह पुत्र मक्खन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बीते वर्ष 10 जुलाई 2023 को उन्हें जगमोहन नंदा नाम के व्यक्ति ने फोन किया और खुद को वकील बताया। इसके बाद उसने एक अन्य व्यक्ति से बात कराई जिसकी आवाज उसके भतीजे सुखविंदर सिंह जैसी थी।

## 12वीं पास संचालित करते मिला डेंटल क्लीनिक

**काशीपुर, एजेंसी।** बिना मानकों के संचालित क्लीनिक के खिलाफ अभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक डेंटल क्लीनिक को सील कर दिया है।

मंगलवार को सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम पाकीजा कॉलोनी स्थित एक डेंटल क्लीनिक पहुंची जहां पर एक 12वीं पास युवक क्लीनिक संचालित करते पाया गया। टीम ने बिना चिकित्सक के क्लीनिक से दांतों के इलाज का सामान और दवाइयां बरामद कीं। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट का सही से निस्तारण नहीं पाया। इस पर नायब तहसीलदार भुवन चंद्र आर्य व राजस्व निरीक्षक फूल सिंह ने क्लीनिक को सील कर दिया।

सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद टीम ने छापा मारा। बताया कि संचालक दानिश के पास क्लीनिक संचालन संबंधित कोई भी डिग्री एवं प्रपत्र नहीं मिले। संचालक पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। पहली बार पकड़े जाने पर 50 हजार का जुर्माना लग सकता है।



वहीं नगर निगम की टीम ने बायोमेडिकल वेस्ट का सही से निस्तारण नहीं करने पर क्लीनिक पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है। टीम में सीएमएस डॉ. खेमपाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, एसआई दीवान सिंह बिष्ट, गिरीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## द्वाराहाट की महिलाओं ने रिस्कन नदी के संरक्षण का लिया संकल्प

**द्वाराहाट ( अल्मोड़ा), एजेंसी।** पानी बोओ पानी उगाओ अभियान के तहत बेढुली गांव में महिला एकता परिषद की बैठक हुई। इस दौरान महिलाओं ने घटते जल स्तर पर चिंता जताई। कहा कि पलायन के चलते बंजर हो रही भूमि की जल संरक्षण क्षमता खत्म हो रही है जो चिंता का विषय है। मंगलवार को महिला मंगल दल अध्यक्ष हेमलता की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि बंजर भूमि की जल संरक्षण क्षमता खत्म होने से जल स्रोत सूख रहे हैं। पलायन के कारण घास और सूखी लकड़ी की आवश्यकता कम हो रही है, इससे जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसका सीधा असर जीवनदायिनी नदियों के जलस्तर पर पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि रिस्कन नदी भी धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खो रही है, इसका संरक्षण जरूरी है।

इस दौरान उन्होंने तेंदुए और बंदरों के बढ़ते आतंक से मुक्ति दिलाने की भी मांग की। कहा कि जंगलों में तेंदुए की आबादी बढ़ने से महिलाएं घास लेने जंगल नहीं जा पा रही हैं। उनके पालतू जानवरों को तेंदुआ मार रहा है। बंदर खेती बर्बाद कर उनकी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। सरकार को इन जानवरों के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस नीति बनानी होगी। इस दौरान उन्होंने एसडीएम सुनील कुमार के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी भेजा।

यहां महिला एकता परिषद की महासचिव मधुबाला कांडपाल, भावना देवी, लता देवी, मुन्नी देवी, दीपा देवी, किरण, अंबुली देवी, सावित्री देवी, पूजा देवी, हीरा देवी आदि महिलाएं शामिल रहीं।

### दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित तो पी लिया फिनायल

**द्वाराहाट (अल्मोड़ा), एजेंसी।** क्षेत्र की एक विवाहिता से दहेज के लिए मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने पर ससुरालियों पर केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि पति सहित अन्य ससुराली आए दिन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। पति ने उसके साथ मारपीट की और सास ने उसे फिनायल की बोतल पकड़ा दी और उसने वह पी ली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामनगर के नया गान चौहान, चिल्किया निवासी दीपा बिष्ट ने द्वाराहाट थाने में तहरीर दी। उसके मुताबिक वर्ष 2021 में उसका विवाह राजेंद्र के साथ हुआ। विवाह के एक सप्ताह बाद ही दहेज की मांग करते हुए पति उसके साथ मारपीट करने लगा। जुलाई 2022 में पति ने मारपीट की। वह आत्महत्या के लिए रेलवे ट्रैक पर जा पहुंची। यहां किसी महिला ने उसे समझाकर घर भेजा। घर पहुंचते ही पति ने मारपीट शुरू कर दी और सास कमला ने उसके हाथ में फिनायल की बोतल थमा दी जिसे उसने पी लिया। ससुर ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उसकी शिकायत पर रामनगर में पुलिस ने पति को समझाया लेकिन समझौता नहीं हो पाया।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि पीड़िता की तहरीर पर पति और सास के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रवीण तोगड़िया ने यूसीसी के लिए उत्तराखंड सरकार का दिया धन्यवाद

**हल्द्वानी, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डा. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि समान संहिता (यूसीसी) विधेयक के लिए उत्तराखंड सरकार को धन्यवाद। एक देश में दो कानून नहीं हो सकते। मजहब के आधार पर अलग-अलग कानून भारत में दूसरा पाकिस्तान बनाने जैसा है।



उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू होने पर यह सुनिश्चित हो जाएगा कि भविष्य में कोई दूसरा पाकिस्तान खड़ा नहीं होगा। उन्होंने राम मंदिर निर्माण को लेकर कहा कि यह बाबर की छाती पर भगवा लहराने जैसा है।

डा. तोगड़िया मंगलवार को रामपुर रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित राममंदिर विजयोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर हर वर्ष सपने देखते रहे। खून की होली भी हम खेलते रहे, लेकिन मंदिर बनाने की जिद नहीं छोड़ी। बाबर की छाती पर भगवा ध्वज लहराने के लिए पूरा देश एक साथ लड़ा। इसके लिए हिंदू समाज, आठ लाख कार सेवकों, एक लाख संतों व 500 वर्ष संघर्ष करने वाली 25 पीढ़ियों को धन्यवाद।

डा. तोगड़िया ने कहा कि वर्ष 1984 में हमने मंदिर निर्माण को लेकर मास्टर स्ट्रेटेजी बनाकर एक आधुनिक आंदोलन ताला खोलो या ताला तोड़ो शुरू किया। 1986 में ताला खुलवाकर राम मंदिर निर्माण की योजना तैयार की। 1989 में बाबर मस्जिद के आसपास छोटे-छोटे टुकड़ों में ढाई एकड़ जमीन खरीद ली गई। उसके बाद 240 फीट का राम मंदिर मॉडल रखकर धर्म संसद बुलाई गई। नौ नवंबर 1989 में राम मंदिर का भूमि पूजन किया। मंदिर निर्माण को लेकर 40 वर्षों में हिंदू शेरों को बार-बार जगाया। 2018 में अयोध्या में घुसे और बाबर के ढांचे में राम मंदिर बना दिया।

## रिजॉर्ट संचालक पर 10 लाख का जुर्माना, 1.50 करोड़ की बिक्री का मामला पकड़ा; ऐसे की गई कार्रवाई



**नैनीताल, एजेंसी।**
विशेष अनुसंधान इकाई हल्द्वानी की टीम ने रामनगर स्थित रिजॉर्ट पर छापा मारा। टीम ने अभिलेखों में छिपायी गयी 1.50 करोड़ की बिक्री का मामला पकड़ा है और संचालक पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। विशेष अनुसंधान इकाई हल्द्वानी की टीम ने रामनगर स्थित रिजॉर्ट पर छापा मारा। टीम ने अभिलेखों में छिपायी गयी 1.50 करोड़ की बिक्री का मामला पकड़ा है और संचालक पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। टीम ने अपर आयुक्त, राज्य कर कुमाऊं जोन राकेश वर्मा और संयुक्त आयुक्त विशेष अनुसंधान इकाई रोशन लाल के निर्देश पर रिजॉर्ट पर छापा मारा। टीम को पता चला कि रिजॉर्ट स्वामी की ओर से काणाताल टिहरी में भी व्यवसाय किया जा रहा है और उसकी बिक्री भी घोषित नहीं की जा रही थी। टीम ने व्यापारी को अघोषित बिक्री घोषित करने के निर्देश देते हुए 10 लाख रुपये का जुर्माना वसूला। पिछले दिनों अनुसंधान इकाई ने रामनगर के ही अन्य रिजॉर्ट पर छापा मारकर 50 लाख रुपये की करापवंचित बिक्री और टेलीकॉम सर्विसेज से जुड़ी फर्म पर छापा मारकर 6.50 करोड़ रुपये की कर बिक्री चोरी भी पकड़ी थी।

## समान नागरिकता कानून महिलाओं को कुरीतियों और रूढ़िवादी प्रथा से दूर करते हुए सर्वांगीण उन्नति का रास्ता : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

### वर्षों के इन्तजार के बाद देवभूमि के अन्दर देवभूमि की विधानसभा ने समान नागरिकता कानून पारित कर देश में की नई शुरूआत

प्रातः किरण, संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता विधान सभा सदन में बहुमत से पास होने पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं, उन्होंने सदन के सदस्यों तथा उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक पल है जब देवभूमि के अन्दर देवभूमि की विधानसभा सदन से देश के पहले समान नागरिकता कानून को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधान सभा से पारित नागरिकता संहिता कानून संवैधानिक प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 12 फरवरी 2022 को प्रदेश की जनता से समान नागरिक संहिता कानून को प्रदेश में लागू करने का वायदा किया था। आज वह वायदा पूर्ण हो गया है मुख्यमंत्री ने कहा कि जो संकल्प हमारी सरकार ने लिया था वह आज सिद्धि तक पहुँच गया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लएक भारत श्रेष्ठ भारत



की परिकल्पना ने इस समानता के कानून को लागू करने की प्रेरणा दी है ह्व यह कानून समानता और एकरूपता का कानून है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह कानून किसी के विरुद्ध नहीं है। बल्कि यह कानून महिलाओं को कुरीतियों और रूढ़िवादी प्रथा से दूर करते हुए सर्वांगीण उन्नतिका रास्ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता, उत्तराधिकार और दत्तक ग्रहण जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कानून के निर्माण हेतु पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था इसके बाद लगभग 2 सालों के कालखंड में समिति ने हर वर्ग, समुदाय, संप्रदाय के लोगों के साथ बातचीत करते हुए 10 हजार से अधिक लोगों के साथ प्रत्यक्ष रूप से बातचीत, करते हुए 72 बैठकों के बाद 2 लाख 33 हजार सुझावों को इस कानून में शामिल किया है।मुख्यमंत्री ने अन्य राज्यों से भी अपेक्षा की है वे भी इस कानून की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य हित में जो भी निर्णय लिया जाना उचित होगा वह लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष के परिणाम स्वरूप उत्तराखण्ड बना है। वे स्वयं खटीमा, मसूरी तथा मुजफ्फरनगर काण्ड के साक्षी रहे है। राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के लिये गठित विधान सभा की प्रवर समिति की रिपोर्ट के आधार पर विधान सभा द्वारा आंदोलनकारियों को सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक को मंजूरी प्रदान करने को भी उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान बताया है।

# भाजपा ईडी को आप के पीछे लगाकर केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस पर हमला करना चाहती है : प्रियंका कक्कड़

**ईडी केवल अपने राजनीतिक आकाओं के निर्देश पर तय कर रही है कि विपक्षी के किस नेता को उठाना है और किस पर रेड करनी है - जस्मिन शाह**

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




सीएम के पीएस और सांसद एनडी गुप्ता के घर मंगलवार को हुई रेड को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा और उसकी ईडी पर सीधा हमला बोला। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भाजपा ईडी को आप के पीछे लगाकर केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस पर हमला करना चाहती है, जनता यह खेल समझ रही है। उन्होंने कहा कि क्या अब ईडी बिना कारण बताए ही किसी के घर पर रेड करेगी और उससे पूछा जाएगा कि किस मामले में रेड की जा रही है तो वजह बताए बिना चली जाएगी? आखिर इस देश में यह क्या चल रहा है? मंगलवार को ईडी ने सीएम के पीएस और सांसद एनडी गुप्ता के घर रेड करने का कारण तक नहीं बताया। यह तो पूरी तरह से गुंडागर्दी है। वहीं, वरिष्ठ नेता जस्मिन शाह ने कहा कि रेड करने का एक प्रोटोकॉल होता है। पहले फाइल बनती है और प्लानिंग के साथ रेड की जाती है। लेकिन मंगवार को हुई रेड में प्रोटोकॉल का अभाव दिखा। इससे साफ है कि ईडी केवल अपने राजनीतिक आकाओं के निर्देश पर तय कर रही है कि विपक्षी के किस नेता को उठाना है और किस पर रेड करनी है। इस रेड का मकसद मात्र मीडिया के जरिए सनसनी पैदा करना था। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि सकारात्मक राजनीति के लिए पॉलिसी पर चर्चा करनी होगी, लोगों के बीच सौहार्द बढ़ाने की कोशिश करनी होगी, लोगों का जीवन स्तर बेहतर करने की कोशिश करनी होगी। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी ने देश के सामने केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस रखा है। इस मॉडल के तहत लोगों को मुक्त शिक्षा, हेल्थ केयर, बिजली, पानी दिया गया। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बसों में मुफ्त यात्रा और बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा जैसी अनेकों योजनाएं दी गईं। इसके साथ ही मुनाफे का बजट भी दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का हेल्थ केयर और एजुकेशन सिस्टम तो इतना प्रसिद्ध है कि देश-विदेशों से लोग अपना इलाज कराने और पढ़ने के लिए यहां आते हैं। लेकिन भाजपा अपने किसी भी राज्य में ऐसा मॉडल स्थापित नहीं कर पाई। बीजेपी शासित हर राज्य का बजट घाटे में रहता है। लोग अब यह डिमांड करने लगे हैं कि अरविंद केजरीवाल उनके राज्य में आएं और केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस के तहत सुविधाएं दें। लोगों को पता चल चुका है कि आम आदमी पार्टी पढ़े-लिखे लोगों की पार्टी है। पार्टी में लोग अपने बिजनेस और नौकरी को छोड़कर अरविंद केजरीवाल के विजन को आगे बढ़ाने के लिए जुड़े हैं। भाजपा की तरह आम आदमी पार्टी राजनैतिक संरक्षण के लिए लिए गुंडे-मवालियों को भर्ती नहीं करती है और न तो पैसा कमाने के लिए लोग आम आदमी पार्टी में आते हैं। बीजेपी को इसी बात से दिक्कत है। इसलिए उसने ईडी को आप के पीछे लगा दिया है। आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि ईडी को आम आदमी पार्टी के पीछे लगाने का मकसद अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता को कम करना, उनको बदनाम करना और उनके मॉडल पर हमला करना है। पिछले दो साल से देख रहे हैं कि तथाकथित शराब घोटाले में आज तक एक चवन्नी नहीं मिली। हाल ही में पता चला है कि ईडी का केस इतना कमजोर है कि कि अब ये सबूत के साथ भी छेड़छाड़ करने लगे हैं। इसलिए 5 फरवरी को मंत्री आतिशी ने एलान कर 6 फरवरी की सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए ईडी को बेनकाब करने की। इससे डरी ईडी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के पीएस विभव कुमार और पार्टी के कोषाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता के घर पहुंच गई। इस दौरान विभव कुमार के घर में 16 घंटे और एनडी गुप्ता के घर में 18 घंटे तक रेड चली, लेकिन ईडी यह नहीं बता पाई कि किस केस और एफआईआर के तहत छापेमारी हो रही है। आप की मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि ईडी के छापेमारी के दौरान न कोई पूछताछ की गई और न ही कोई तलाशी ली गई। बस ईमेल डाउनलोड कर और तीन मोबाइल लेकर चले गए। यह इस देश में क्या चल रहा है। यह तो पूरी तरह से गुंडागर्दी है। आप बताएंगे भी नहीं कि कौन सा केस चल रहा है और किस केस के तहत जांच हो रही है। ईडी बस बिना वजह किसी के भी घर में घुसकर इस तरह रेड करेगी। ये केवल धारणा बनाने के लिए किया गया कि सारा दिन मीडिया में चलता रहे कि 16-18 घंटे तक रेड हुई। आज तो कोई मीडिया नहीं दिख रहा है कि कुछ भी नहीं मिला। बीजेपी सारा परसेप्शन का गेम कर रही है। उधर, आप के वरिष्ठ नेता जस्मिन शाह ने प्रेसवार्ता कर कहा कि पहले जब सुबह टीवी ऑन करते थे तो कभी भजन-कीर्तन, कभी चित्रहार को कभी कोई शास्त्रीय संगीत का प्रोग्राम दिख जाता था। लेकिन पिछले कुछ सालों में सुबह टीवी चालू करने पर केवल विपक्षी नेता के ऊपर ईडी या सीबीआई ने रेड की खबरें देखने को मिलती है। अब ये हर दिन की बात हो गई है। मंगलवार को ईडी ने राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता और सीएम अरविंद केजरीवाल के पीएस विभव कुमार के घर रेड की, जो 16-18 घंटों तक चलीं। इसके बाद भी ईडी को एक चवन्नी का सबूत नहीं मिला। ईडी को पैसा, जेवर या कोई और चीज बरामद नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि कोई जांच एजेंसी अपनी पूरी तैयारी करके रेड करने आती है। उसको पता होता है कि रेड में क्या-क्या मिलने वाला है। विभव कुमार के घर पर रेड करने ईडी और लोकल पुलिस के 23 अफसर आए थे, वो सुबह साढ़े 6 बजे से रात के 8-9 बजे तक घर के ड्राइंग रूम में बैठे रहे। उन्होंने किसी से कोई पूछताछ नहीं की, कोई पेपर नहीं मांगे। उन्होंने तलाशी लेने की भी कोशिश नहीं की और आखिर में विभव कुमार और उनके परिवार के तीन मोबाइल फोन और उनके दो गुगल अकाउंट्स का डंप डेटा लेकर चले गए। इसलिए यह सवाल उठता है कि ईडी क्या सोच कर आई थी और किस लिए रेड करने आई थी। जिनके यहां रेड डाली गई उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया और पूछा कि किस मामले में रेड कर रहे हैं, लेकिन ईडी के अफसरों ने कुछ नहीं बताया। क्योंकि शायद उनको भी इस बात का पता नहीं था कि किस मामले में रेड करने आए है। अंततः रेड का बिना कारण बताए ही ईडी वापस लौट गई। ईडी ने अपने पंचनामे में भी एफआईआर या ईसीआईआर नंबर का कोई जिक्र नहीं किया है। आप नेता जस्मिन शाह ने कहा कि यह गंभीर सवाल खड़ा होता है कि हमारे देश में ईडी के रेड करने का क्या प्रोटोकॉल है। ईडी देश की सबसे ताकतवर एजेंसी है। इसके बाद सीबीआई और आईटी का नंबर आता है। इन तमाम एजेंसियों का एक प्रोटोकॉल होता है। ये कहीं भी रेड करने जाते हैं तो उसकी फाइल बनाई जाती है, जिसमें ये सारी जानकारी लिखी जाती है। इसके बाद एक उच्च अधिकारी उसपर साइन करता है और पूरी प्लानिंग के बाद रेड होती है। लेकिन इनकी प्लानिंग ऐसी थी कि जब ये सुबह विभव कुमार के घर पहुंचे तो पता चला कि वो उनके पुराने घर पर पहुंच गए। वहां जाकर पता चला कि ये उनका घर ही नहीं है, अब वो कहीं और रहते हैं। बाद में वो उनके सही पते पर पहुंचे। इससे पता चलता है कि आज ईडी जिस हिसाब से काम कर रहा है उसमें कोई व्यवसायिकता नहीं है। ईडी केवल अपने राजनीतिक आकाओं के दिशानिर्देश पर तय कर रही है कि किस विपक्षी नेता को उठाना है और किस पर रेड करना है। उन्होंने कहा कि ईडी यह इसलिए कर रहा है कि सुबह से शाम तक टीवी चौनलों पर रेड की खबरें चलें और ऐसा माहौल बने कि आप नेताओं के घर रेड पर रेड डाली जा रही है। ईडी की रेड का मकसद मात्र मीडिया के जरिए सनसनी पैदा करना है। पिछले कुछ दिनों में यही स्थिति दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच की भी थी।

# कॉरपोरेट जगत को लड़कियों की शिक्षा में योगदान देना चाहिए : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कॉरपोरेट और उद्योग जगत के नेताओं से देश के शैक्षणिक संस्थानों विशेषकर लड़कियों की शिक्षा में लगे संस्थानों को उदारतापूर्वक योगदान देने की अपील की।उपराष्ट्रपति दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में स्थित इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज के शताब्दी समारोह में छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में सीएसआर फंड के योगदान का आह्वान किया और कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर इंडस्ट्री के साथ बातचीत करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा, हमारे व्यवसायी विदेशी गैर सरकारी संगठनों को बहुत अधिक दान देते हैं। मुझे थोड़ी चिंता होती है और वह थोड़ा चिंतन का विषय भी है कि हमारे उद्योगपति विदेशी संस्थाओं को मोटा-मोटा डोनेशन देते हैं। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट्स को आगे आना चाहिए और लड़कियों की शिक्षा में योगदान के लिए अपने सीएसआर फंड का उपयोग करना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि एक लड़की को शिक्षित करने से पूरी पीढ़ी बदल सकती है और एक क्रांति की शुरूआत हो सकती है। धनखड़ ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में छात्राएं सबसे बड़ी हितधारक हैं। उन्होंने उपस्थित लड़कियों को आकांक्षी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक पारिस्थितिकी तंत्र पहले ही बनाया जा चुका है, जहां वे अपनी प्रतिभा का पूरी तरह से दोहन कर सकती हैं और अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, यह आपके लिए बड़ा सोचने का समय है, आपके लिए उस तरह से सोचने का समय है जैसा आप सोचना चाहती हैं।उन्होंने कॉलेज की छात्राओं को नए संसद भवन का दौरा करने के लिए आमंत्रित करते हुए उन्हें ऐसा सैनिक बताया, जो अगले 25 वर्षों में अमृत काल के स्वर्णिम काल की शुरूआत करेंगे। धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि अमृत काल आशा और अपार संभावनाओं का समय है। उन्होंने कहा, भारत पहले से ही एक वैश्विक अर्थव्यवस्था है और निवेश और अवसरों के लिए पसंदीदा स्थान है, हमारी वृद्धि बेजोड़ है, दुनिया हमारी ओर देख रही है। उपराष्ट्रपति ने छात्राओं से यह भी आग्रह किया कि वे कभी भी असफलता से न डरें। उन्होंने कहा, असफलता का डर विकास का हत्यारा है, विफलता का डर नवप्रवर्तन का हत्यारा है, हर विफलता को एक सीढ़ी के रूप में लिया जाना चाहिए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और एलपीजी कनेक्शन के वितरण जैसी हालिया पहलों का जिक्र करते हुए धनखड़ ने कहा, इस सदी में हमारे पास एक निर्णायक क्षण है। लड़कियां भारत के विकास को परिभाषित कर रही हैं! उपराष्ट्रपति ने उपस्थित छात्राओं से गौरवान्वित भारतीय होने, भारत का सम्मान करने और राष्ट्र के अभूतपूर्व उत्थान में विश्वास करने का भी आग्रह किया।

# हमारे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है- इमरान हुसैन

- खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय चश्मा बिल्डिंग में आयोजित वार्षिकोत्सव में शिरकत की, बच्चों को नियमित क्लास अटेंड करने के लिए प्रेरित किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन आज गवर्नमेंट सर्वोदय कन्या विद्यालय, चश्मा बिल्डिंग में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए। गवर्नमेंट सर्वोदय कन्या विद्यालय चश्मा बिल्डिंग में वार्षिक दिवस समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत गीत की प्रस्तुति के साथ हुई। प्राइमरी विंग की छात्राओं ने वेलकम थीम डांस पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही सीनियर विंग की छात्राओं ने ह्लबेटी बचाओह्व विषय पर दिल को छूने वाली प्रस्तुति दी जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान उपस्थित सभी अतिथि प्रस्तुति देखकर मंत्रमुग्ध हो गये। माननीय मंत्री ने छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित सामग्री से स्कूल में प्रदर्शित कलाकृति और सजावट की सराहना की। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने स्कूल के वार्षिक उत्सव पर स्कूल प्रबंधन और छात्रों को बधाई दी और कहा कि स्कूल मैनेजमेंट कमिटी के कठिन प्रयासों के कारण इस स्कूल को एसएमसी केटेगरी में दिल्ली सरकार के एजुकेशन डिपार्टमेंट द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल और उनकी टीम की प्रतिबद्धता है कि दिल्ली के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए चश्मा बिल्डिंग स्कूल में चार मंजिला स्कूल भवन आज बल्लीमारान की शान है । जिसमें सभी छात्राओं के लिए अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाओं की सुविधा हैं। जहाँ पुराने जर्जर स्कूल भवन के स्थान पर विज्ञान प्रयोगशाला, स्टाफ रूम, परीक्षा कक्ष, आईटी लैब, पुस्तकालय, एमपी हॉल और शौचालय ब्लॉक बनाये गए हैं । मंत्री ने कहा कि दूसरे फेज के निर्माण कार्य में स्कूल को बहुत जल्द सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर ऑडिटोरियम की सुविधा होगी। वहीं उपरी मंजिल पर क्लासरूम बनाए जाएंगे । माननीय मंत्री ने स्कूली बच्चों को आश्वासन दिया कि अगला वार्षिक दिवस समारोह नए ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान स्कूल में अवार्ड्स और पुरस्कारों का भी वितरण किया गया। एकेडमिक टॉपर्स को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। माननीय मंत्री ने दिल्ली में शिक्षा मॉडल की बेहतरी में सक्रिय भागीदारी के लिए स्कूली शिक्षकों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने विशेष आवश्यकता वाले छात्राओं को भी सम्मानित किया।

# दिल्ली में वाहनों पर तुरंत एचएसआरपी और कलर-कोडेड स्टीकर लगाएं : कैलाश गहलोत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने दिल्ली में वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) और कलर कोडेड स्टिकर लगाने की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए आज एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, परिवहन मंत्री ने सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) और उसके निर्दिष्ट विक्रेताओं को शहर में एचएसआरपी लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। दिल्ली में अब तक 13 लाख से अधिक वाहनों में एचएसआरपी लग चुकी है। एक बयान में, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, मैं दिल्लीवासियों से आग्रह करता हूं कि वे अपने वाहनों पर तुरंत एचएसआरपी और कलर-कोडेड स्टीकर लगाएं। इन अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन करके, हम सामूहिक रूप से राजधानी में एक सुरक्षित और अधिक संगठित वाहन व्यवस्था को बढ़ावा देने में योगदान कर सकते हैं। इससे पहले, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MORTH) ने दिसंबर 2018 में, केंद्रीय मोटर वाहन नियम (CMVR), 1989 के तहत मोटर वाहनों पर पंजीकरण चिह्न प्रदर्शित करने के तरीके को अधिसूचित किया था। यूनिक हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट पंजीकरण और वाहनों पर लगने के बाद, इलेक्ट्रॉनिक रूप से जुड़ जाता है। डीजल वाहनों के लिए कलर-कोडेड स्टिकर की पृष्ठभूमि नारंगी, पेट्रोल और सीएनजी वाहनों के लिए हल्का नीला और अन्य सभी वाहनों के लिए ग्रे है। उपयोगकर्ता एचएसआरपी और कलर कोडेड स्टिकर दोनों के लिए https://www.siam.in या https://www.bookmyhsrp.com पर लॉग इन करके सिंगल विंडो के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं । किसी भी शिकायत या प्रश्नों के लिए, उपयोगकर्ता 1800 1200 201 पर कॉल कर सकते हैं तथा hsrpquery@siam.in या grievance@bookmyhsrp.com पर ईमेल कर सकते हैं । सेवा की होम डिलीवरी सम्बंधित शिकायत के लिए उपभोक्ता homegrievance@bookmyhsrp.com पर ईमेल कर सकते हैं।

# दिल्ली में फर्जी वीजा रैकेट का भंडाफोड़

- साल भर की मशक्कत के बाद वकील समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

एक साल से अधिक की तलाश के बाद हरियाणा और दिल्ली से तीन एजेंटों की गिरफ्तारी के साथ, पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में वकील और ट्रैवल एजेंसी की आड़ में चल रहे फर्जी अंतरराष्ट्रीय वीजा के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों की पहचान जनकपुरी निवासी उदित मोघा (32), लाडपुर निवासी सागर डबास (25) और हरियाणा के जिला कैथल निवासी केवल सिंह (45) के रूप में हुई। अधिकारियों ने कहा कि तीनों एक सिंडिकेट में शामिल थे जो आकर्षक कीमतों पर विदेशी देशों के अप्रूव्ड पासपोर्ट/वीजा की पेशकश करके लोगों को विदेश भेजने के बहाने पीड़ितों को लुभाते थे। उनकी गिरफ्तारी तब हुई जब 2022 में तीन भारतीय नागरिक गुरमीत सिंह, साहिल कुमार और विक्रम सिंह एक फ्लाइट से इस्तांबुल से निर्वासित होकर आईजीआई हवाईअड्डे पहुंचे। मामले का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई एयरपोर्ट) उषा रंगनानी ने कहा, उनकी यात्रा दस्तावेजों की जांच के दौरान, यह पाया गया कि पैक्स गुरप्रीत 7 नवंबर, 2022 को आईजीआई हवाई अड्डे से रवाना हुआ, पैक्स साहिल 16 नवंबर, 2022 को जयपुर से रवाना हुआ और विक्रम भी 14 नवंबर, 2022 को जयपुर से रवाना हुआ। सभी बाकू (अजरबैजान) के लिए रवाना हुए और वहां से वे 18 नवंबर, 2022 को इस्तांबुल पहुंचे जहां नकली गुयाना वीजा के आधार पर उन्हें प्रवेश से रोक दिया गया। जांच के दौरान, साहिल ने खुलासा किया कि वह आजीविका कमाने के लिए विदेश जाना चाहता था और उसकी यात्रा की व्यवस्था एजेंट केवल सिंह और उसके सहयोगी एजेंटों उदित मोगा और सागर डबास ने 20 लाख रुपये के बदले में की थी, जिसमें से दो लाख रुपये उन्हें दिए गए थे। अग्रिम नकद के रूप में यह सहमति हुई कि शेष राशि का भुगतान गुयाना पहुंचने के बाद किया जाएगा।

# रेस्टोरेंट में आने से मना करने पर पीटा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

साउथ कैंपस इलाके में दोस्त का जन्मदिन मनाने आए युवक से वेटर ने मारपीट कर दी। आरोप है कि रविवार को एक रेस्टोरेंट के वेटर ने साथियों के साथ मिलकर युवक की जमकर पिटाई कर दी और उसके तीन दांत तोड़ दिए। पीड़ित ने अपने दोस्तों की मदद से दो आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपियों की पहचान आकाश और आशीष के रूप में हुई है। तीसरा आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने घायल वरुण को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। 19 वर्षीय पीड़ित वरुण परिवार के साथ त्रिलोकपुरी में रहता है। उसने बताया कि चार फरवरी की शाम वह अपने दोस्त कैफ और आकाश के साथ तीसरे दोस्त सूरज का जन्मदिन मनाने साउथ कैंपस गए थे। वह एक रेस्टोरेंट में जा रहे थे, तभी एक वेटर ने उन्हें रेस्टोरेंट में आने को कहा। पीड़ित ने जाने से मना कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि मना करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा और अपने दो दोस्तों को बुलाकर उनके साथ मारपीट कर दी।

# घटिया स्वास्थ्य सेवाओं की खुल चुकी है पोल : बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि केजरीवाल सरकार राजधानी में स्वास्थ्य सेवाओं को वर्ल्ड क्लास बताने का जो ढोल पीटती रही है, उसकी पोल खुल चुकी है। 25 फीसदी बजट स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करने के नाम पर करोड़ों रुपया भ्रष्टाचार की नजर चढ़ गया है। सरकारी अस्पतालों की हालत हाईकोर्ट ने खुद बयां कर दी है। ऐसी हालत में स्वास्थ्य मंत्री को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार हर साल बजट में स्वास्थ्य सेवाओं पर 25 फीसदी बजट खर्च करने का दावा करती रही है और दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को वर्ल्ड क्लास बताकर प्रचार करती रही है लेकिन अब इसकी पोल खुल चुकी है। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में घटिया दवाइयों की सप्लाई का भेद खुल चुका है और मुहल्ला क्लीनिकों के नाम पर चल रही धांधली भी जनता के सामने आ चुकी है। करोड़ों रुपए के जाली टेस्ट मुहल्ला क्लीनिकों की मार्फत किए गए हैं। अस्पताल बनाने के नाम पर करोड़ों के घपले की सच्चाई भी सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद तो दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री को अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचा। पिछले दिनों पुलिस एक बीमार कैदी को लेकर पूरी दिल्ली में घूमती रही लेकिन कहीं भी उसका इलाज नहीं हो सका और उसकी मौत हो गई। एक अस्पताल में गंभीर रूप से घायल के इलाज की सुविधा नहीं थी तो दूसरे अस्पताल की सिटी स्कैन मशीन खराब पड़ी थी, तीसरे अस्पताल में वेंटिलेटर बैड नहीं था।

# 35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के आयोजन से विश्वभर के लोगों में मानव एकता की भावना जागृत हुई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

विश्व एकता, परस्पर प्रेम और भाईचारे को संपूर्ण विश्वभर में फैलाने के उद्देश्य से 35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन का आयोजन सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन ;4-6 फरवरीद्ध के दौरान विभिन्न धर्मों के धमार्चार्य और अंतर्राष्ट्रीय वक्ता एक सांझे मंच पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने आज के समय की सबसे महत्त्वपूर्ण जरूरत आंतरिक शांति तथा अध्यात्म द्वारा मानव एकता को पाने के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। इस सम्मेलन में देश-विदेश से आए लाखों की संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर पिछली सदी के महान परम संत कृपाल सिंह जी महाराज का 130वां जन्मोत्सव मनाया गया, जिन्होंने विश्व के कोने-कोने में रूहानियत का प्रचार-प्रसार किया। इस वर्ष मानव एकता आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ है क्योंकि परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने सन् 1974 में पहले मानव एकता सम्मेलन का उद्घाटन किया था। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में परम संत कृपाल सिंह जी महाराज की इस सम्मेलन के प्रति दूरदृष्टि को समझाते हुए कहा कि सभी वर्गों, मान्यताओं, धर्मों और देशों के लोग इस सांझे मंच पर इकट्ठे होकर यह जान सकें कि आत्मिक स्तर पर पर सब एक ही हैं। हमारी आस्था और राष्ट्रीयता के बावजूद चाहे हम परमात्मा में विश्वास करते हों या नहीं, फिर भी हम सब मानवता के स्तर पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि, हम दिव्य-प्रेम से भरी आत्माएं हैं और इस सम्मेलन का उद्देश्य हमें एक ही परमात्मा की संतान होने करके अपनी इस एकता को अपनाने में मदद करना है। अपने समापन भाषण में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने सभी को अपना ध्यान पिता-परमेश्वर पर केन्द्रित करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि परम संत कृपाल सिंह जी महाराज दिव्य-प्रेम और करूणा के मसीहा थे। एक निपुण माली के रूप में उन्होंने लाखों आत्माओं का पोषण किया और उन्हें अंधकार से प्रकाश की ओर ले गए। वे चाहते थे कि हम एक नैतिक और शांतिपूर्ण जीवन जियें,



जिसमें हम अपने आपको जानने और पिता-परमेश्वर को पाने के अपने जीवन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए रोजाना ध्यान-अभ्यास में समय दें। उनकी शिक्षाओं पर चलने और अपने जीवन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें इन सम्मेलनों से पूरा-पूरा फायदा उठाना चाहिए। इस सम्मेलन के दौरान 5 फरवरी को ध्यान-अभ्यास-आंतरिक शांति व एकता को पाने का मार्ग और 6 फरवरी को कृपाल - दिव्य प्रेम और करुणा के मसीहा विषयों पर आध्यात्मिक सेमिनारों का आयोजन किया गया। अनेक धार्मिक नेताओं और विश्व के अनेक देशों से आए प्रतिनिधियों को इस सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया, जिनमें जगदगुरु विश्वकर्मा शंकराचार्य स्वामी दिलीप योगीराज जी, आदरणीय फादर बेंटो रोड्रिग्स, पंडित यादविंदर सिंह जी, श्री रवि प्रपन्नाचार्य जी, रब्बी इजेकिल इसाक मालेकर, श्री विवेक मुनि जी, सैयद फरीद अहमद निजामी साहब, महामंडलेश्वर डॉ0 स्वामी प्रेमानंद जी, महामंडलेश्वर स्वामी देवेन्द्रानंद गिरि जी, श्री श्री भगवान आचार्य जी और महामंडलेश्वर श्याम चैतन्य पुरी जी शामिल थे। अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं में ऑस्ट्रेलिया से किम मैकक्रिस्टेल, स्पेन से जीजस अंगुलो, कोलंबिया से कार्लोस लोजानो और अमेरिका से अजीली होडारी ने अपना संदेश दिया। इन सभी वक्ताओं ने अपने संदेश में विश्व-शांति को प्राप्त करने के लिए ध्यान-अभ्यास और आध्यात्मिकता को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्व धर्म फैलोशिप और मानव एकता सम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष परम संत कृपाल सिंह जी महाराज को अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज द्वारा सिखाई गई निष्काम सेवा की परंपरा के अंतर्गत 38वें मुफ्त आंखों की जांच तथा मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर और 62वें रक्तदान शिविर का आयोजन अनेक डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मी सेवादारों के सहयोग से कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इसके अलावा जरूरतमंद भाई-बहनों के लिए वस्त्र वितरण शिविर का भी आयोजन किया गया। सावन कृपाल रूहानी मिशन की ओर से दिल्ली के अनेक अस्पतालों और कई एन.जी.ओ. में जरूरतमंद मरीजों को खाने-पीने की वस्तुओं के अलावा दवाईयां और फलों का वितरण किया गया। सम्मेलन के अंत में रब्बी इजेकिल इसाक मालेकर द्वारा घोषणा पत्र पढ़ा गया, जिसे सभी धर्मों के धमार्चार्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। पिछले तीन दशकों से संत राजिन्दर सिंह जी महाराज उन लोगों के लिए जो अपने आपको जानने और पिता-परमेश्वर को पाने के इच्छुक हैं, उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। ध्यान-अभ्यास और आध्यत्मिकता द्वारा अंतरीय और बाहरी शांति को बढ़ावा देने के लिए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

# अमर उजाला शब्द सम्मान - 2023 की घोषणा

**एम टी वासुदेवन नायर और विनोद कुमार शुक्ल को आकाशदीप**

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। लेखन और जीवन के समग्र अवदान के लिए इस वर्ष अमर उजाला का सर्वोच्च शब्द सम्मान आकाशदीप-हिंदी में प्रख्यात रचनाकार विनोद कुमार शुक्ल और हिंदीतर भाषाओं में मलयालम के विख्यात लेखक -फिल्म निर्देशक एम टी वासुदेवन नायर को दिया जाएगा। 9 अगस्त 1933 को केरल में जन्मे एम टी वासुदेवन नायर को मलयालम के आधुनिक कला-साहित्य में में अप्रतिम योगदान के लिए चुना गया है और 1 जनवरी 1937 को राजनाँदगाँव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल को हिंदी लेखन क्षेत्र में अद्वितीय अवदान के लिए यह सम्मान अर्पित होगा। आकाशदीप के अंतर्गत हिंदी के साथ अब तक कन्नड़, मराठी, बांग्ला तथा उड़िया को लिया जा चुका है, इस वर्ष मलयालम को चुना गया है। अमर उजाला के समूह सलाहकार और शब्द सम्मान के संयोजक यशवंत व्यास ने बताया कि भारतीय भाषाओं के सामूहिक स्वप्न की पृष्ठभूमि में अमर उजाला फाउंडेशन ने 2018 में शब्द सम्मान की स्थापना की थी। सर्वोच्च आकाशदीप अलंकरण हिंदी और अन्य भारतीय भाषा के एक-एक साहित्य मनीषी को अर्पित किया जाता है। अलंकरण में पांच-पांच लाख रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक के रूप में गंगा प्रतिमा सम्मिलित हैं।


एम टी वासुदेवन / विनोद कुमार शुक्ल

इसके साथ ही वर्ष की श्रेष्ठ कृतियों को भी सम्मानित किया जाता है जिसमें भाषाओं के बीच सहभागिता को रेखांकित करने के लिए अनुवाद का भाषाबंधु सम्मान भी सम्मिलित है। अमर उजाला शब्द सम्मान-23 के तहत वर्ष 2022 में प्रकाशित श्रेष्ठ हिंदी कृतियों के लिए शब्द सम्मान की भी घोषणा कर दी गई है। छाप श्रेणी में कविता वर्ग में कुमार अम्बुज के संग्रह उपशीर्षक को श्रेष्ठ कृति के रूप में चुना गया है। कथा वर्ग में मनोज रूपड़ा के कहानी संग्रह दहन तथा कथेतर वर्ग में दलपतसिंह राजपुरोहित की कृति सुन्दर के स्वप्न को वर्ष की श्रेष्ठ कृति का सम्मान दिया जायेगा। किसी भी रचनाकार की पहली किताब वाला थाप चिन्मयी त्रिपाठी की कृति अपनी कही को मिलेगा। भारतीय भाषाओं में अनुवाद का भाषा-बंधु सम्मान गुजराती दलित कविता के हिंदी अनुवाद के लिए मालिनी गौतम को प्रदान किया जाएगा। इन सम्मानों में एक-एक लाख रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक के रूप में गंगा प्रतिमा सम्मिलित हैं।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | रेल भवन में रेलवे बोर्ड प्रेस ब्रीफिंग रूम/स्टूडियो की स्थापना में दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 1,01,11,371.73/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,00,600.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक **01.03.2024** 15:00 बजे तक। |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या : 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–989

दिनांक : 06.02.2024 398/2024

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# दिल्ली हाईकोर्ट से सीएम केजरीवाल को इस मामले में राहत

## एक यूट्यूबर के वीडियो को री-पोस्ट करने के मामले में उनपर मानहानि का मुकदमा चल रहा है

- लेकिन 29 फरवरी को होना होगा अदालत में पेश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आपराधिक मानहानि मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत दी है। कोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी है। हालांकि कोर्ट ने कहा कि उन्हें 29 फरवरी को अदालत में पेश होना होगा। बता दें, एक यूट्यूबर के वीडियो को री-पोस्ट करने के मामले में उनपर मानहानि का मुकदमा चल रहा है। सीएम केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में निचली अदालत द्वारा मानहानि मामले में समन जारी करने के आदेश को चुनौती दी थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। दरअसल, सीएम के वकील का कहना था कि चूकि इन दिनों दिल्ली का बजट सत्र शुरू होने वाला है, ऐसे में केजरीवाल इसमें व्यस्त हैं। इस कारण से उन्हें व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मिलनी चाहिए। दिल्ली हाईकोर्ट ने केस रद्द करने से किया था इनकार- इससे पहले, केजरीवाल मामले में निचली अदालत द्वारा समन जारी करने के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट गए थे। दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा आईटी सेल पर यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक वीडियो को री-ट्वीट करने पर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को बड़ी संख्या में लोग फॉलो करते हैं और वह वीडियो को री-पोस्ट करने के परिणामों को समझते हैं।

# संजय सिंह के शपथ लेने में कहां फंसा है पेंच?

## राज्यसभा सचिवालय ने दी ये जानकारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी की ओर से दोबारा दिल्ली से राज्यसभा पहुंचे संजय सिंह इस पूरे बजट सत्र में राज्यसभा सांसद की शपथ नहीं ले पाएंगे। इसका कारण संजय सिंह का जेल जाना नहीं है, बल्कि इसके पीछे राज्यसभा के नियम हैं। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 8 और 9 फरवरी जिस दिन कोर्ट ने संजय सिंह को जेल से संसद जाकर शपथ लेने की अनुमति दी है उस दिन वह शपथ नहीं ले पाएंगे। सूत्रों के अनुसार संजय सिंह की शपथ से पहले कुछ काम पेंडिंग हैं उनका खत्म होना जरूरी है। अगस्त 2023 से राज्यसभा से निलंबित हैं संजय सिंह-सूत्रों के अनुसार, 11 अगस्त 2023 को राज्यसभा से एक आदेश पास हुआ था कि संजय सिंह उच्च सदन से तब तक निलंबित रहेंगे जब तक विशेषाधिकार हनन समिति कोई रिपोर्ट सदन को न दें और सदन उस पर कोई कार्यवाही न करे। समिति की अब तक नहीं हुई एक भी बैठक-विशेषाधिकार समिति ने अब तक अपनी रिपोर्ट राज्यसभा को नहीं सौंपी है। कहा तो ये भी जा रहा है कि अभी तक इस मसले पर कोई बैठक ही नहीं हुई है। एक बार जब समिति अपनी रिपोर्ट राज्यसभा में पेश कर देगी तब उच्च सदन संजय सिंह के निलंबन पर फैसला करेगी। अगर राज्यसभा रिपोर्ट देखकर संजय सिंह के निलंबन को रद्द कर देती है तो आप नेता को शपथ लेने के लिए समन भेजा जाएगा।

# ईडी का असल चेहरा बेनकाब, सीएम के पीएस के घर 16 घंटे रेड की : आतिशी

- पूरी छापेमारी के दौरान ईडी के अफसर ड्राइंग रूम में बैठे रहे और सीएम के पीएस के दो जीमेल एकाउंड डाटा और तीन मोबाइल फोन लेकर चले गए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री के पीएस और सांसद एनडी गुप्ता के घर मंगलवार को हुई ईडी की छापेमारी पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने बताया कि भाजपा की ईडी का असल चेहरा अब देश के सामने बेनकाब हो गया है। ईडी ने मंगलवार को सीएम के पीएस और सांसद एनडी गुप्ता के घर 16-16 घंटे छापेमारी की, लेकिन अंत तक यह नहीं बताया कि वो किस केस में छापेमारी की है। ईडी ने न तो उनसे पूछताछ की, न घर की तलाशी ली और न तो अपने पंचनामे में ही किसी केस का जिक्र किया है। जबकि नियमानुसार उसे बताना चाहिए कि क्या केस और उसकी ईसीआईआर नंबर है? ईडी की छापेमारी का मूल मकसद मीडिया में केवल माहौल बनाना था, ताकि सीएम अरविंद केजरीवाल को बदनाम किया जा सके। ईडी ने अब सारे दिखावे को खत्म कर साफ कर दिया है कि यह जांच और समन केवल सीएम अरविंद केजरीवाल को खत्म करने की एक साजिश है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि मंगलवार को केंद्र सरकार की जांच एजेंसी ईडी ने आम आदमी पार्टी से जुड़े कई लोगों के घर पर छापा मारा। ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीएस के घर पर 16 घंटे तक छापेमारी की। आम आदमी पार्टी के कोषाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता के घर पर 18 घंटे तक छापेमारी की। लेकिन ईडी ने छापेमारी के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल के पीएस और सांसद एनडी गुप्ता के घर में कोई भी तलाशी नहीं ली, किसी कमरे के अंदर घुसकर देखा तक नहीं, कोई कागज नहीं ढूंढे। ईडी ने मुख्यमंत्री के पीएस और सांसद एनडी गुप्ता से कोई पूछताछ भी नहीं की। ईडी ने कोई कागजी कार्रवाई करके भी नहीं बताया कि वो किस मामले में जांच के लिए आए हैं। शायद ईडी के इतिहास में यह पहली बार होगा कि 16 घंटे तक छापेमारी चली, लेकिन उसने लिखित में यह नहीं दिया गया कि वो किस केस में छापा मारने आई हैं और किस केस की जांच चल रही है। आप नेता आतिशी ने कहा कि नियमतः ईडी जब भी छापा मारने आती है, तो कुछ सर्च और सीजर होते हैं। सर्च और सीजर के डॉक्यूमेंट पर यह स्पष्ट लिखा होता है कि कौन सा केस है या फिर ईसीआईआर (ईडी की भाषा में एफआईआर) नंबर क्या है? आतिशी ने मीडिया को ईडी का पंचनामा दिखाते हुए कहा कि संभवतः ईडी के इतिहास का यह ऐतिहासिक पंचनामा है, क्योंकि इस पंचनामे में कहीं भी नहीं लिखा है कि वो किस केस की जांच करने आए हैं। इसमें न ईसीआईआर नंबर दर्ज है और न तो उसकी कोई डिटेल ही है। मंगलवार की छापेमारी में ईडी यह भी बताने को तैयार नहीं है कि वो छापा किस मामले में मारने आई थी। 16 घंटे की छापेमारी में ईडी के अफसर मुख्यमंत्री के पीएस के ड्राइंग रूम में बैठे रहे। इस दौरान उन्होंने न कोई कागज देखे, न कोई सर्च और सीजर किया और न कोई पैसे, सोने के बिस्कुट, प्रॉपर्टी के कागजात या शेल कंपनी के कागज लेकर गए। ईडी ने मुख्यमंत्री के पीएस के दो जीमेल एकाउंट डाटा डाउनलोड किए और 3 मोबाइल फोन लेकर गए। लेकिन पूरी दुनिया और मीडिया में यह तमाशा चलता रहा कि सीएम के पीएस और पार्टी के राज्यसभा सांसद के घर पर ईडी की छापेमारी चल रही है। उन्होंने कहा कि ईडी ने अब तो दिखावा करना भी छोड़ दिया है कि वो किस केस में जांच और सर्च करने आई है या फिर कोई कागजात लेकर जा रहे हैं। ईडी ने अब अपना असली चेहरा सबके सामने रख दिया है कि छापेमारी और समन का मकसद केवल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करना और उनको कुचलना है। जेल में डाल दो।

# कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना-नवीन बाली गिरोह का शूटर साहिल गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



यह आदतन अपराधी है और अमन विहार थाने का घोषित अपराधी है। दिल्ली-एनसीआर में हत्या के प्रयास डकैती लूटपाट चोट पहुंचाने आपराधिक धमकी और शस्त्र अधिनियम के आठ आपराधिक मामलों में यह शामिल रहा है। क्लब मैनेजर की शिकायत पर राजौरी गार्डन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर वारदात में शामिल उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया था। राजौरी गार्डन स्थित हैंगओवर क्लब में गोलियां चलाने के मामले में वांछित बदमाश साहिल को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार कर लिया है। वह कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना-नवीन बाली गिरोह का शूटर है। क्लब में फायरिंग करने के बाद से यह फरार था। आठ आपराधिक मामलों में रहा शामिल-यह आदतन अपराधी है और अमन विहार थाने का घोषित अपराधी है। दिल्ली-एनसीआर में हत्या के प्रयास, डकैती, लूटपाट, चोट पहुंचाने, आपराधिक धमकी और शस्त्र अधिनियम के आठ आपराधिक मामलों में यह शामिल रहा है। इसके कब्जे से कट्टा व एक कारतूस बरामद किया गया हे। दिल्ली के नांगलोई का रहने वाला है साहिल-डीसीपी आलोक कुमार के मुताबिक साहिल, रमेश एन्क्लेव, किरारी, नांगलोई का रहने वाला है। इंस्पेक्टर रंजीत सिंह, सतविंदर सिंह व संजीव कुमार की टीम को सूचना मिली कि नीरज बवाना-नवीन बाली सिंडिकेट का फरार गैंगस्टर साहिल बाहरी दिल्ली इलाके में कहीं छिपकर रह रहा है। उक्त सूचना के बाद उसकी गतिविधियों के बारे में और जानकारी एकत्र की गई। करीब एक महीने से अधिक समय तक लगातार प्रयासों के बाद पांच फरवरी को पुलिस टीम को सूचना मिली कि साहिल रात करीब 8.30 बजे बस डिपो, पांडव नगर कालोनी, नारायणा में किसी से सहयोगी से मिलने आएगा। इन इंस्पेक्टरों के नेतृत्व में हवलदार देवेंद्र, नवीन, धीरज, हरविंदर, अंकित कुमार, अनिल और सिपाही राजेश की टीम ने जब उसे वहां घेरकर सरेंडर करने को कहा तब उसने कट्टा निकाल पुलिस पार्टी की ओर निशाना साध दिया। स्पेशल सेल में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज-पुलिस टीम जान पर खेलकर उसे तुरंत काबू कर लिया। उसके कब्जे से कट्टा व कारतूस बरामद कर लिया गया। इस संबंध में स्पेशल सेल में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि वह नीरज बवाना-नवीन बाली गिरोह का सक्रिय सदस्य है और गिरोह के सदस्यों को रसद और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। वह जहांगीरपुरी के रहने वाले मुकेश उर्फ भोला का भी बहुत करीबी है, जो इस सिंडिकेट का प्रमुख सदस्य है। पिछले साल 15 दिसंबर को वह अपने छह साथियों के साथ राजौरी गार्डन स्थित हैंगओवर क्लब में पहुंच कर वहां गोलियां चला दी थी।

# जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया दिल्ली मेट्रो से सफर, वीडियो आया सामने

## उनकी इस यात्रा का उद्देश्य शहरवासियों के दैनिक अनुभवों से जुड़ना था

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार (7 फरवरी) को दिल्ली की लाइफलाइन कही जाने वाली मेट्रो के सुविधाजनक सफर का आनंद लिया। इस वाकये का वीडियो सामने आया है। समाचार एजेंसी एएनआई की ओर से जारी वीडियो में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पीली साड़ी और मस्टर्ड कलर की स्वेटर पहने नजर आईं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य शहरवासियों के दैनिक अनुभवों से जुड़ना था। राष्ट्रपति की यात्रा का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि मेट्रो में सवारी के दौरान उनके आस-पास दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के कई अधिकारी दिख रहे हैं, जो उन्हें मेट्रो के संचालन को लेकर जानकारी दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने आमजनों के अनुभवों को महसूस किया साथ ही दिल्ली मेट्रो के संचालन की जानकारी ली थी।

# दिल्ली में चोरी की बड़ी वारदात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भजनपुरा इलाके में चोर घर का ताला तोड़कर 40 लाख रुपये व कई लाख रुपये के गहने ले उड़े। वारदात के वक्त पीड़ित परिवार घूमने के लिए मनाली गया हुआ था। वहां से लौटकर आने पर वारदात का पता चला। दीपिका शर्मा की शिकायत पर भजनपुरा थाना ने चोरी की धारा में प्राथमिकी की है। चोरों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। दीपिका शर्मा अपने परिवार के साथ यमुना विहार में किराये पर रहती हैं। वह गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह पहले गंगा विहार में अपने मकान में रहती थीं।

# डेढ़ साल में ही बदसूरत हो गई विश्व की सबसे बड़ी पेंटिंग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में शुरू की गई सुरंग सड़क में बनाई गई दुनिया की सबसे बड़ी वाल पेंटिंग या दीवार पर बनी पेंटिंग खराब हो गई है। उकेरे गए चित्रों के बीच-बीच कई जगह दीवार काली हो चुकी है, पानी के रिसाव ने दीवार पर बनी पेंटिंग को बदसूरत बना दिया है। प्रगति मैदान में दुनिया में सबसे बड़े आउटडोर पब्लिक आर्ट वर्क के तौर पर गिनीज रिकॉर्ड्र्स में नाम दर्ज कराने की तैयारी की जा रही थी, जो आगे नहीं बढ़ सकी है। दुनिया में सबसे बड़े आउटडोर पब्लिक आर्ट वर्क के तौर पर अभी दक्षिण कोरिया की इंचियान के नाम यह रिकॉर्ड है। जहां 23688 वर्ग मीटर के क्षेत्र में पेंटिंग बनाई गई है। जबकि प्रगति मैदान की नीचे बनी सुरंग का काम पूरा होने के बाद यहां 98 हजार वर्ग मीटर के क्षेत्र में आर्टवर्क बनाया गया है। खूबसूरत बनाने के लिए दीवार पर की गई कलाकारी-सुरंग सड़क से प्रगति मैदान के अंदर जाने और वापस आने वाले लूप में इसी माह पेंटिंग का काम पूरा हुआ है। यहां पेंटिंग में स्टील की चादरों पर कटिंग कर काफी काम किया गया है। सुरंग के भीतर बनी आर्ट को खूबसूरत बनाने के लिए सुरंग की दीवारों पर सबसे पहले तीन मिली मीटर मोटी स्टील की चादर लगाई गई है उसके ऊपर कटिंग के जरिए कलाकारी की गई है।

# संसद में सेंधमारी के बाद अब एक अज्ञात युवक द्वारा गृह मंत्रालय में सेंधमारी की कोशिश




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

जानकारी के अनुसार एक शख्स फर्जी पहचान पत्र पर नार्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय के ऑफिस में घुसने की कोशिश कर रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये है पूरा मामला-पुलिस आरोपी का नाम आदित्य बता रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आदित्य फर्जी पहचान पत्र पर गृह मंत्रालय के दफ्तर नॉर्थ ब्लॉक में घुसने की कोशिश कर रहा था। जब वहां सिक्योरिटी में तैनात जवानों ने आदित्य का पहचान पत्र चेक किया तो फर्जी पाया गया। नीति आयोग में करता है काम- इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई तो पुलिस ने आदित्य को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि वो नीति आयोग में स्टेनो के पद पर काम करता है। पुलिस इस दावे को वेरिफाई कर रही है। आदित्य अयोध्या के पास किसी गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। यह घटना कल शाम की है। आदित्य से लगातार पूछताछ जारी है।

# हमारे खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए, ताकि वो देश के लिए ढेर सारे मेडल लेकर आएं- आतिशी

## दो पेशेवर एजेंसियां प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और ट्रनर्स को ट्रेनिंग में मदद करती हैं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



इस अवसर पर मौजूद खेल मंत्री आतिशी ने कहा कि 2032 के ओलंपिक खेलों के लिए जब भारतीय दस्ता जाएगा, तो हमें दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के खिलाड़ी भी वहां देश का प्रतिनिधित्व करते दिखेंगे। उन्होंने कहा कि जिस दिन से हमारी सरकार बनी है, सीएम अरविंद केजरीवाल का स्पोर्ट्स को लेकर एक ही लक्ष्य रहा है कि देश के लिए ओलंपिक में मेडल लाना है। पिछले 8-9 सालों में जब भी इस विषय पर बात हुई है तो मुख्यमंत्री ने हमेशा ओलंपिक में मेडल लाने पर जोर दिया है। खेल मंत्री आतिशी ने आगे कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि जिन खेलों की ट्रेनिंग यहां दी जा रही है, उससे संबंधित सभी सुविधाएं खिलाड़ियों को उपलब्ध हों। हमने उन 10 आलंपिक खेलों की सूची बनाई थी, जिसके लिए हम अच्छी सुविधाएं दे सकते हैं। हमने दिल्ली या दिल्ली से बाहर खेलने के लिए जाने, डाइट, न्यूट्रिशियन समेत अन्य सभी जरूरतों को पूरा किया है। अगर इससे आगे जाने के लिए भी आपको कोई जरूरत होगी, हम उसे पूरा करेंगे। खेल मंत्री ने स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर कर्णम मल्लेश्वरी को बधाई देते हुए कहा कि उनका खेल वेट लिफ्टिंग है। जब उन्होंने उन बच्चों की ट्रेनिंग देखी, तो उनके आंखों में आंसू थे क्योंकि जब वो वेट लिफ्टिंग की ट्रेनिंग करती थीं तब उनको ऐसी सुविधाएं नहीं मिलती थी। हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ियों को सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए, ताकि वो देश के लिए ढेर सारे मेडल लेकर आएं। खिलाड़ियों ने पूछे सवाल, सीएम केजरीवाल ने दिए जवाब- वातानुकूलित स्वीमिंग पूल के उद्घाटन के दौरान दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में ट्रेनिंग ले रहे खिलाड़ियों ने अपनी खेल यात्रा और यहां तक के सफर के बारे में अपने अनुभवों को सीएम अरविंद केजरीवाल से साझा किया। साथ ही उन्होंने सीएम से कई प्रश्न भी पूछे, जिनका उन्होंने बेबाकी से जवाब दिए। एक छात्रा ने स्पोर्ट्स स्कूल के आइडिया के बारे में पूछा। इस पर सीएम ने कहा कि अगर कोई बच्चा खेलना चाहता है तो उसे बुरा माना जाता है। मां बाप को लगता है कि उनका बच्चा खेलेगा तो उसे डिग्री नहीं मिलेगी और फिर नौकरी नहीं मिलेगी। इसलिए हमने तय किया कि अगर कोई बच्चा खेल में फर्स्ट क्लास हैं, तो उसे स्पोर्ट्स में बीए की डिग्री मिलनी चाहिए। यहां से मिलने वाली डिग्री बीए, बीएससी या बीकॉम की डिग्री से कम नहीं होगी। इसलिए हम स्पोर्ट्स को एजुकेशन की डिग्री के बराबर लाना चाहते थे, ताकि जो बच्चे खेलना चाहते हैं वो खेलें, जो साइंस-कॉमर्स पढ़ना चाहते हैं वो साइंस-कॉमर्स पढ़ें। बच्चों ने शानदार ट्रेनिंग सुविधाएं देने के लिए सीएम का किया धन्यवाद- इस दौरान छात्रा जीवन ज्योति ने बताया कि वो राजस्थान के चुरू स्थित एक छोटे गांव से है। उसके टीचर ने उसे खेलने के लिए प्रेरित किया और उसने राज्य स्तर पर दो मेडल जीते। छात्रा ने बताया कि उसके टीचर ने उसे बताया कि दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक स्पोर्ट्स स्कूल खोला है। उसने बताया कि उसने टीचर ने ही फॉर्म भरा और चयन हो गया। ज्योति ने कहा कि स्पोर्ट्स स्कूल में बहुत शानदार सुविधाएं मिल रही हैं। इसके लिए मैं सीएम अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करना चाहती हूं कि आपने यह स्कूल खोला और हमें यहां ट्रेनिंग लेने का अवसर मिल रहा है। इसी तरह, राजस्थान के जयपुर से आए बॉक्सिंग के छात्र टिकम सिंह ने बताया कि वो 9वीं में पढ़ता है। वह घर के पास एक बॉक्सिंग अकैडमी में ट्रेनिंग करता था लेकिन वहां अच्छी सुविधाएं नहीं थी। जब उसे दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के बारे में पता चला तो उसने यहां आवेदन किया और चयन हो गया। यहां पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग दी जा रही है। यहां डाइट का भी ध्यान रखा जाता है। पढ़ाई और खेल साथ-साथ चल रहा है। इससे पढ़ाई का भी नुकसान नहीं हो रहा है। ओलंपिक के लिए खिलड़ियों को तैयार करना है स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का मकसद- दिल्ली सरकार से मान्यता प्राप्त दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी को 2020 में स्थापित किया गया था। इस यूनिवर्सिटी का मुख्य उद्देश्य खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने का साथ-साथ ओलंपिक में विशेष प्रतिभा वाले युवाओं को बढ़ावा देना है। भारत की पहली महिला ओलंपिक पदक विजेजा कर्णम मल्लेश्वरी यूनिवर्सिटी की पहली वाइस चांसलर हैं। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का मुख्य कैंपस मुंडका के घेवरा में करीब 80 एकड़ में बनाया जा रहा है। अगले तीन साल में कैंपस बनकर तैयार हो जाएगा। कई तरह की आधुनिक सुविधाओं से लैस कैंपस में करीब 2500 छात्रों व कर्मचारियों के रहने की क्षमता है। दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के बारे में-दिल्ली में शाम नाथ मार्ग पर बने आवासीय दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल कम उम्र से ही बच्चों के टैलेंट को पहचानने और उन्हें उच्च शिक्षा तक ले जाने के लिए एक इनक्यूबेटर के रूप में तैयार किया गया है। यह स्कूल स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूलों में से एक है, जो छठीं से 12वीं तक की शिक्षा देता है। ये दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (डीबीएसई) से जुड़ा हुआ है और एक खेल-केंद्रित पाठ्यक्रम के जरिए बच्चों को शिक्षित करता है। बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए चयनित बच्चों को रहने के लिए आवास, पौष्टिक आहार, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग और अकैडमी से जुड़ी सभी जरूरी सुविधाएं पूरी तरह से मुफ्त दी जाती हैं। साथ ही यहां दो पेशेवर एजेंसियां प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और ट्रनर्स को ट्रेनिंग में मदद करती हैं। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 6वीं से 9वीं में प्रवेश के लिए देश भर से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे और करीब 15 हजार आवेदन मिले। सात राज्यों में टैलेंट स्काउटिंग कैंप का आयोजन किया गया जिसमें से 200 छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया। वर्तमान में दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में 10 ओलंपिक खेलों में 172 छात्रों का दाखिला हुआ है। इन अकेडमी खिलाड़ी ले रहे ट्रेनिंग-ओलंपिक खेलों के लिए तैयार किए जा रहे खिलाड़ियों को दिल्ली में स्थित विभिन्न अकादमी में ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसमें अशोक विहार ब्लॉक 2 स्थित एसकेवी प्लेग्राउंड/दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में तीरंदाजी में 19 छात्र ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसी तरह, त्यागराज स्टेडियम, आईएनए में एथलेटिक्स में 26, आईजीआई स्टेडियम, आईटीओ में बॉस्किंग के लिए 19, लुडलो कैसल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बैडमिंटन के लिए 19, त्यागराज स्टेडियम, आईएनए में लॉन टेनिस के लिए 19, एसपीएम इनडोर स्वीमिंग पूल के कॉम्प्लेक्स में नए स्विमिंग पूल के उद्घाटन के बाद यहां स्वीमिंग के 16 छात्र ट्रेनिंग लेंगे। इसके अलावा, सोल एंड शॉट शूटिंग क्लब, पंजाबी बाग में शूटिंग के लिए 18, दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में टेबल टेनिस के लिए 18, दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में वेट लिफ्टिंग के लिए 19, छत्रसाल स्टेडियम, चंदगीराम अखाड़ा में कुश्ती के लिए 17 छात्रों को ट्रेनिंग दी जा रही है। शुरूआती सफलता-पहले साल में ही 70 छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट में हिस्सा लिया और 19 पदक हासिल किए। जबकि ट्रेनी छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 88 से अधिक पदक जीते हैं।

# दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में वातानुकूलित इंडोर स्विमिंग पूल का उद्घाटन कर बोले सीएम केजरीवाल

## स्कूलों में आए 10 हजार आवेदनों में से 172 खिलाड़ियों को चुना गया, जिन्हें ओलंपिक के 10 खेलों की ट्रेनिंग दी जा रही है

- स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए सभी सुविधाएं देगी सरकार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को सिविल लाइंस स्थित दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में वातानुकूलित इंडोर स्वीमिंग पूल का उद्घाटन किया। यहां ट्रेनिंग लेने वाले खिलाड़ियों को निःशुल्क सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। सीएम ने स्पोर्ट्स स्कूल का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में किसी भी चीज की कमी नहीं होने देंगे। दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में 172 बच्चों को ओलंपिक के 10 खेलों में ट्रेनिंग दी जा रही है। देश ने आप पर विश्वास किया है। इसलिए अब आपको दिन-रात मेहनत करके देश का सपना पूरा करना है। सीएम ने आगे कहा कि ओलंपिक में ज्यादा से ज्यादा मेडल लाने के उद्देश्य से ही हमने दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई है। मुंडका में 80 एकड़ में बन रही स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में 2500 स्टूडेंस को ओलंपिक के 20 खेलों में ट्रेनिंग दी जाएगी। इस अवसर पर खेल मंत्री आतिशी, दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर कर्णम मल्लेश्वरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वातानुकूलित स्वीमिंग पूल का उद्घाटन कर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरा दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। स्कूल में बहुत ही शानदार सुविधाएं हैं। कुछ साल पहले हम लोगों ने दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाने के बारे में सोचा था। उस समय हमारे मन में यही था कि भारत 140 करोड़ लोगों का देश है, लेकिन जब ओलंपिक और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा होती है तो मेडल के मामले में हम काफी नीचे आते हैं। हम एक-एक मेडल के लिए तरसते हुए दिखते हैं और सारे मेडल चीन और अमेरिका ले गए। आखिर हमारे देश में किस चीज की कमी है। 140 करोड़ लोगों के देश में प्रतिभा की तो कोई कमी नहीं है। हमारे देश में बहुत प्रतिभा है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने ट्रैफिक लाइट के उपर बहुत बार बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाते हुए देखा है। उस समय मेरे आंखों में आसूं आ जाते हैं कि ट्रैफिक लाइट पर करतब दिखा रहे बच्चों की बॉडी बहुत ही लचीली होती है। प्रतिभा गरीबी और पैसे का मोहताज नहीं है। टैलेंट पैसे वालों और गरीब लोगों के पास भी हो सकता है। हमारे गांवों के बच्चों में भी बहुत ज्यादा प्रतिभा छिपी हुई है, लेकिन आजतक उस प्रतिभा को किसी ने सपोर्ट नहीं किया। अगर उस टैलेंट को सपोर्ट कर दिया जाए तो हम दुनिया के किसी भी देश को प्रतियोगिता में हरा सकते हैं। हमने केवल ओलंपिक में अधिक से अधिक मेडल लाने के मकसद से ही स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई है। दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में ट्रेनिंग ले रहे सभी खिलाड़ियों को ओलंपिक में अधिक से अधिक मेडल लाने की तैयारी करनी है। यही हमारा मकसद है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी को बनाने के पीछे हमारा बहुत बड़ा विजन है। यह यूनिवर्सिटी मुंडका में करीब 80 एकड़ क्षेत्रफल में बनाई जा रही है। जिसमें 2500 छात्र होंगे। यूनिवर्सिटी को बनने में करीब तीन साल लग सकते हैं। तब तक के लिए दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल बनाया गया है और यहां 10 ओलंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग दी जा रही है। स्कूल का दौरा करने के दौरान मैंने कोच के साथ भी बात की और पाया कि उनके अंदर बहुत आत्मविश्वास देखा। कुछ कोच ने बताया कि 2028 में अवश्य मेडल लाएंगे, जबकि कुछ ने कहा कि 2032 में मेडल लाकर देंगे। इसका मतलब यह है कि अर्जुन की तरह सभी के दिमाग में लक्ष्य बहुत साफ है कि हमें ओलंपिक में मेडल लाना है और उसी विश्वास के साथ काम कर रहे हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वेट लिफ्टिंग के सेक्शन का विजिट करने के दौरान यूनिवर्सिटी की वाइस चेयरमैन कर्णम मल्लेश्वरी ने कहा कि जब वो अपने समय में ट्रेनिंग कर रही थीं तो उस समय उनको ऐसी सुविधाएं नहीं मिली थी। हमारे स्पोर्ट्स स्कूल में सबसे अच्छी सुविधाएं मिल रही हैं, अच्छे कोच और पौष्टिक आहार मिल रहा है। आपके उपर यह पैसा पूरा देश खर्च कर रहा है। यहां मिल रही सारी सुविधाएं बिल्कुल फ्री हैं। देश ने आपके उपर जो विश्वास किया है, उसे पूरा करके आप सभी को दिखाना है। आपको दिन-रात मेहनत करके देश का सपना पूरा करना है। सीएम ने कहा कि दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में अभी 10 ओलंपिक खेलों की ट्रेनिंग दी जा रही है, लेकिन जब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनकर तैयार हो जाएगी, तो उसमें 20 ओलंपिक खेलों की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस देश की इच्छा है कि इन 20 ओलंपिक खेलों में सारे मेडल भारत को आने चाहिए। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सभी बच्चे बहुत कठिन टेस्ट से गुजरते हुए यहां तक पहुंचे हैं। कई स्तरों पर टेस्ट हुए और फिर प्रतियोगिता हुई। इसके लिए 10 हजार से ज्यादा आवेदन आए थे, उन में से केवल 170 बच्चों को ही चुना गया है। इसका मतलब है कि यहां ट्रेनिंग ले रहे सभी बच्चे बहुत ही प्रतिभावान है। छठवीं सातवीं कक्षा में हमने चुना है और जब तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे तब तक हम सपोर्ट करते रहेंगे। इसलिए अब आपको मेहनत करनी है। अब यह आप सबके उपर है कि देश ने जो विश्वास दिखाया है, उसको पूरा करना है। सीएम ने कहा कि हमें स्पोर्ट्स नहीं आता है। इसलिए जो भी जरूरतें हैं, उसके बारे में आप हमें बताएंगे, हम वो सुविधाएं देंगे। हमारा वादा है कि हम किसी भी चीज की कमी नहीं होने देंगे, लेकिन आपको बताना पड़ेगा। हमें यकीन है कि आप सभी एक दिन ओलंपिक में भारत का नाम रौशन करके दिखाएंगे। मुझे खुशी है कि मात्र चार-छह महीने के अंदर स्टेट और नेशनल लेवल पर कई सारे मेडल जीत लिए, जो हम सभी को हौसला देता है कि भविष्य में हम बहुत अच्छा करके दिखाएंगे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, गुरूवार, 08 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### बीपीआरओ नहीं सौंप रहे बीडीओ को प्रभार

मधेपुरा । बिहार पंचायत राज (संशोधन) अधिनियम के तहत सरकार ने पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में बीडीओ को नियुक्त किया है। राज्य ने इस संदर्भ में दिशा निर्देश भी जारी कर दिया है। इसके बावजूद प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ने षष्टम एवं 15वीं आयोग से संबंधित अभिलेख सहित वित्तीय प्रभार अभी तक सदर बीडीओ को नहीं सौंपा है।बीपीआरओ के द्वारा प्रभार नहीं दिए जाने की वजह से पंचायतों का विकास कार्य बाधित हो रहा है। मालूम हो कि बिहार पंचायत राज (संशोधन) अधिनियम के तहत सरकार ने पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सदर बीडीओ ने षष्टम एवं 15 वीं वित्त आयोग से संबंधित अभिलेख सहित वित्तीय प्रभार सौंपने को लेकर बीपीआरओ को पत्र भी लिखा है। सदर बीडीओ अखिलेश्वर कुमार का कहना है कि प्रभार नहीं मिलने की वजह से योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा नहीं हो पा रही है।

### लुट कांड का फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

सौरबाजार/सहरसा- पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नादो पंचायत स्थित मधुरा गांव निवासी लक्ष्मण यादव के पुत्र प्रेम राज उर्फ संटी यादव को सहरसा व्यवहार न्यायालय के बाहर से मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। उसके निशान देह एवं उनके बयान पर एक और प्राथमिक अभियुक्त मधुरा गांव निवासी भुवनेश्वर यादव के पुत्र मुन्ना कुमार को हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि प्रेमराज उर्फ संटी यादव अररिया बैंक लूट कांड में भी अभियुक्त है।

# सरस्वती पूजा को लेकर एसडीएम और एएसपी ने की शांति समिति की बैठक

## सभी पूजा पंडालों के आस पास सादे लिबास में रहेगी पुलिस बलों की तैनाती

● सोशल मीडिया पर भी पुलिस की है पैनी नजर, डीजे पर पूर्ण रूपेण प्रतिबंध

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा। मधेपुरा में आगामी सरस्वती पूजा को लेकर सदर थाना परिसर में एसडीएम और एएसपी प्रवेंद्र भारती ने संयुक्त रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित कर शहर वासियों को शांतिपूर्ण माहौल में पूजा अर्चना करने का सख्त निर्देश जारी किया। अधिकारियों ने पूर्ण रूपेण डीजे पर प्रतिबंध लगाया।दरअसल मधेपुरा सदर थाना परिसर में सदर एसडीएम धीरज कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक का संचालन मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने किया। वहीं एसडीएम ने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाने की अपील की। साथ हीं उन्होंने कहा कि पूजा अर्चना व मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे पर पूर्ण रूपेण प्रतिबंध रहेगा, पूजा स्थल के आसपास हुड़दंगियों पर नजर रखने एवं इसकी सूचना पुलिस को देने की एसडीएम ने लोगों से अपील भी की। उन्होंने कहा कि पूजा में डीजे बजाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, विसर्जन जुलूस के दौरान धार्मिक उन्माद वाले गीत बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा की पूजा समिति के सदस्यों को लाइसेंस लेना होगा एवं विसर्जन जुलूस का रूट चार्ट बताना होगा। वहीं मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने कहा कि जिन लोगों ने लाइसेंस नहीं लिया है वह लाइसेंस प्राप्त कर लें, किसी भी तरह की असामाजिक तत्व पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि शहर में पूजा स्थल के आस पास सादे लिबास में भी पुलिस बलो की तैनाती की जा रही है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम भी किया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार का कोई गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं रहे।साथ उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी किए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अंचलाधिकारी योगेंद्र दास, सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद ध्यानी यादव, समाजसेवी शौकत अली, शुभम बिरुली, सुमित कुमार, हिमांशु कुमार, प्रिंस कुमार, अमित कुमार एवं अन्य दर्जनों जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# गर्भवती महिलाओं व शिशुओं को किया गया टीकाकरण



प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) जोरगामा पंचायत सरकार भवन परिसर स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को कैंप आयोजित कर टीकाकरण करवाया गया। टीकाकरण के दौरान गर्भवती महिलाये व जीरो से छह वर्ष तक के बच्चो का टीकाकरण किया गया। साथ ही गर्ववती महिलाओ का जांचकर उनको टीका लगया गया। वही बीएमसी यूनिसेफ सुजित कुमार शास्त्री ने बताया कि प्रत्येक महीना के पहले बुधवार को आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 29 का टीकारण जोरगामा पंचायत सरकार भवन परिसर स्थित उप स्वास्थ्य केंद मे टीकाकरण किया जाता है। सीएचओ खुशबू कुमारी ने बताया कि 5 गर्भवती महिलाओ का जांच कर टीका लगाया गया। इसके अलावे 23 नवजात शिशु का टीकाकरण किया गया है। टीकाकरण के दौरान जोरगामा मुखिया जितेंद्र कुमार उर्फ टुनटुन साह, सीएचओ खुशबू कुमारी, एएनएम सानू कुमारी, आशा फेसीटियेटर पूजा कुमारी, आशा रिंकी कुमारी, सुलेखा कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार में बड़ा खेला




● असली खेला होगा जब बिहार की जनता खेला करने वाले लोगों को झाड़ू मारकर बाहर कर दे : प्रशांत किशोर

प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले ही सियासत में संकट के बादल मंडराने लगे हैं। एक तरफ कांग्रेस में टूट का डर है तो दूसरी तरफ बिहार के सत्ताधारी गठबंधन एनडीए में भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसी बीच प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार में कोई भी खेला हो जाए आपको शायद जानकारी हो कि बिहार में 2012 के बाद ये नीतीश का छठा से सातवां प्रयोग है। केंद्र में चाहे वढअ की सरकार हो या प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार हो। बिहार में नीतीश कुमार चाहे महागठबंधन के साथ रहें या अकेले रहें या फिर इखढ के साथ रहें इससे बिहार में क्या बदल गया? क्या आज बिहार में बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था अच्छी हुई? बिहार में क्या चीनी मिलें चालू हुई? बिहार के लोगों को रोजगार तो मिला नहीं। बिहार के लोग आज भी पलायन के लिए मजबूर हैं। बिहार में किसी की भी सरकार बन जाए चाहे वो किसी भी फॉर्मेशन में आ जाए। किसी भी तरह का खेला हो जाए, बिहार में परिवर्तन आने वाला नहीं है। बिहार में खेला तो तब होगा जब बिहार की जनता खुद खड़ा होकर जितने भी खेला करने वाले लोग हैं उन्हें झाड़ू मारकर बाहर करेगी तब असली खेला होगा।

# भारी पैमाने पर मकई के फसल को अज्ञात लोगों ने काट कर किसान को क्षति किया

प्रात: किरण, संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिला के थाना सौर बाजार ओपी पतरघट अंतर्गत मौजा पतरघट में मनोज कुमार पिता स्वर्गीय मदन प्रसाद साह साकिम पतरघट वार्ड नंबर 04 के निवासी ने जब अपने ही खेत पर गए तो मनोज कुमार के घर से पूरब नहर के समीप था। जब सुबह में खेत घूमने निकले तो देखे तो लगभग 5 कट्ठा का मकई की फसल काट कर खेत में ही गिरा हुआ था। तब किसान मनोज कुमार ने कुछ समाज को बुलाकर वह अपने खेत पर लाकर दिखाए। किसान ने बताया कि हमको किसी से दुश्मनी नहीं है हम एक भला व्यक्ति है। लोगो ने परेशान किया है। छह सात व्यक्ति ने मिलकर फसल को क्षति किया है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि यह एक बहुत क्षति पहुंचा है ऐसे व्यक्ति के ऊपर भगवान जरूर दंड देंगे किसान भारत के सर्वोपरि माना जाता है। भारत में किसान खेती नहीं करेंगे तो भोजन मिलना असंभव है। मनोज कुमार ने ओपी पतरघट में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। मौके पर मौजूद मौके पर मौजूद मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार, समाजसेवी विजेंद्र प्रसाद जी,निरंजन,मिथलेश जी एवं अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# देशी कट्टा व जिन्दा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



मुरलीगंज (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र के चामगढ चौक के आस पास पुलिस ने मंगलवार की शाम वाहन जांच के दौरान बाइक सवार दो युवक को एक देशी कट्टा समेत चार जिन्दा कारतूस व एक खोखा के साथ गिरफ्तार किया गया है। मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया गया मंगलवार की शाम मुरलीगंज पुलिस ने चामगढ़ चौक के पास वाहन जांच कर रहे थे। इसी बीच एक एचएफ डिल्क्स बाइक सवार दो युवको को शक के आधार पर तालाशी लिया गया। इस दौरान युवक के पास से एक देशी कट्टा, चार जिन्दा कारतूस, एक खोखा और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार युवक पहचान भरार्ही ओपी क्षेत्र के मुरहो पंचायत वार्ड सात बुढ़ी गाँव निवासी रूपेश कुमार और सौरभ कुमार के रूप में हुआ है। थानाध्यक्ष बबलु कुमार ने बताया कि हथियार के साथ गिरफ्तार दोनों युवक के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। मामले को लेकर छानबीन की जा रही है। इधर हथियार के साथ गिरफ्तार होने पर क्षेत्र में लोगों के द्वारा तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। लोगों का कहना था कि कहीं घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से युवक क्षेत्र में घुम रहा होगा। हालांकि पुलिस गिरफ्तार युवकों से पूछताछ में मिले जानकारी पर छानबीन कर रहे हैं।

# श्री श्री 108 बजरंगबली मंदिर में 9 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा एवं अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे

प्रात: किरण, संवाददाता



सोनवर्षा राज/सहरसा। बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चल रहे चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुक्रवार को दिनांक 09/02/2024 को स्थापना ध्वज रोपण10/02/2024 शनिवार को कलश यात्रा निकाला जाएगा 11/02/2024 को प्रतिमा स्थापना प्राण प्रतिष्ठा एवं अष्टयाम प्रारंभ किया जाएगा। 13 /02/ 2024 मंगलवार को अष्टम समापन भंडारा एवं रात्रि मैया जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ आरम्भ होगा। कलश यात्रा के बाद तीन दिनों तक चलने वाले भजन कीर्तन एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। काफी संख्या में लोग रात को आयोजित कार्यक्रम में भाग लिए जाएंगे। चार दिनों तक वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहेंगे। इस अवसर पर संगीतमय प्रवचन कर्ता घनानंद जी महाराज ने लोगों को अपनी कथा सुनाई। कहा कि अच्छे कार्य करते रहना ही धर्म है और जिसने धर्म का रास्ता अपना लिया उसे कभी कष्ट नहीं होता है। अपने संगीतमय प्रवचन के माध्यम से उन्होंने कहा कि संस्कार सबसे बड़ी चीज होती है। अच्छे संस्कार से हम समाज में लोगों का दिल जीत सकते है। उन्होंने कहा कि यज्ञ का काफी महत्व है। यज्ञ एवं प्रवचन धर्म का एक अंग है। लोगों को भगवान के कथा का श्रवण करना चाहिए। भगवान की कथा हमें भवसागर से पार करती है। उनके द्वारा कई आकर्षक भजन एवं रामायण की चौपाई भी प्रस्तुत की जायेगी। जिसमें कलश पूजन योगेन्द्र मंडल, उपेन्द्र मंडल,मुलूर मंडल, चन्देश्वरी मंडल, ललन मंडल,उदयकान्त मंडल, विजेन्द्र मंडल, योगेन्द्र मंडल, संजय मंडल,राधेम मंडल, अरुण मंडल, अमरदीप केशरी, विकास कुमार, राजदीप मंडल, लक्ष्मी मंडल,पवन मंडल, दिलीप मंडल एवं समस्त ग्रामीणों ने भाग लेंगे और हर्षोल्लास के साथ यज्ञ को सफल बनाने के लिए तन मन धन से सहयोग देने की बात रखी।

# फरार एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



प्रात: किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की सौरबाजार थाना कांड संख्या-19/24, दिनांक-04.0124, धारा-395/397 भा०दाविक के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त प्रेम राज उर्फ संटी, पे० लक्ष्मण यादव सा0 मधुरा, थाना-सौरबाजार, जिला-सहरसा किसी परिचित से मिलने सहरसा व्यवहार न्यायालय के समीप बोड़ा पट्टी आया है।उक्त सूचना के सत्यापन एवं गिरफतारी हेतु जिला आसूचना ईकाई के टीम एवं सौरबाजार थानाध्यक्ष एवं सशस्त्र बल पुलिस वाहन से जब सहरसा व्यवहार न्यायालय न्यायालय के बोझ पट्टी बाजार स्थित प्राप्त सूचना के स्थान पर पहुँचे तो उक्त अभियुक्त पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया तथा इसके निशानदेही पर अभियुक्त मुन्ना कुमार, पिता भुवनेश्वरी यादव, सा०-मधुरा, थाना-सौरबाजार जिला सहरसा को घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकल के साथ गिरफतार किया गया। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



प्रात: किरण, संवाददाता

सोरबाजार/सहरसा। जिले के सौरबाजार थाना क्षेत्र में गोली मारकर एक व्यक्ति जख्मी करने के बाद भाग रहे तीन अपराधी में से 1 अपराधी को स्थानीय लोगों ने पड़कर पुलिस को सुपुत्र कर दिया बता दे की जख्मी व्यक्ति का नाम विजेन्द्र यादव पिता-कुलदेव यादव, सा०-सबैला वार्ड नं0 -5, थाना-सौरबाजार जिला-सहरसा को आपसी विवाद के कारण गोली मारकर घायल कर दिया गया, जिसका ईलाज वर्तमान में स्थानीय सूर्या विलीनिक में चल रहा है। उक्त घटना में शामिल 03 अपराधी में से 01 अपराधी को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पकड़ लिया गया तथा पुलिस को सूपूर्द कर दिया गया। पकड़ाये अपराधी का नाम पता पूछने पर नितीश यादव पिता-ब्रजेश यादव सा०-सबैला वार्ड नं0-5, थाना-सौरबाजार, जिला-सहरसा बतलाया गया। पकड़ाये अपराधी नितीश कुमार के पास से 01 देशी कट्टा, 01 जिन्दा कारतुस तथा 04 खोखा बरामद किया गया। शेष 02 अभियुक्तों की गिरफतारी हेतु छापामारी की जा रही है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है। निगरानी रखी जा रही है।

# 50 वर्षों से बंद है पेपर मिल, बावजूद इसके वही सांसद, वही दल, वही व्यक्ति बार-बार जीतकर कैसे आ रहा हैः प्रशांत किशोर




प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर स्थानीय लोगों के साथ बैठक में शामिल होने के लिए बुधवार को मत्स्यगंधा रोड सहरसा स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान 70 के दशक में मधेपुरा-सहरसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैजनाथपुर में बने पेपर मिल का मुद्दा भी उठा। मामले में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि कोई भी इतना सीधा नहीं है। आप इतनी मासूमियत के साथ कह रहे हैं कि हम विधायक को जीता रहे हैं और वो घूस ले रहा है। जब आप विधायक को चुन रहे हैं तो एक बार विधायक ने बेवकूफ बना दिया। दूसरी बार भी बेवकूफ बना दिया, वो 50 वर्षों से कैसे बेवकूफ बना रहा है। आप कह रहे हैं यहां पर पेपर मिल बंद है, पेपर मिल 50 वर्षों से बंद है, कोई आज तो वो बंद नहीं हुआ। बावजूद इसके वही सांसद, वही दल, वही व्यक्ति बार-बार कैसे जीतकर आ रहा है। अगर लोगों के पास ऑप्शन नहीं है, तो जन सुराज नया विकल्प बनाने का है प्रयासः प्रशांत किशोर प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर लोगों के पास ऑप्शन नहीं है, तो जन सुराज नया ऑप्शन, नया विकल्प बनाने का प्रयास है। ताकि लोगों को मजबूरी में गलत लोगों को वोट न देना पड़े। लोगों को विधायक बेवकूफ नहीं बना रहा है, आप और हम या तो खुद से बेवकूफ बन रहे हैं या तो जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर या 500 रुपए की लालच में या मजबूरी में हमें बेवकूफ बनना पड़ रहा है।

# सहरसा में श्रवण जांच शिविर का आयोजन, डीएम ने शिविर का किया शुभारंभ

प्रात: किरण, संवाददाता



सहरसा । बुनियाद केंद्र कहरा में जिला दिव्यांगजन व सशक्तिकरण कोषांग सहरसा द्वारा बैटरी चलित रिक्शा,हस्त चालित रिक्शा,बैशाखी तथा श्रवण यंत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त वितरण कार्यक्रम में जिलापदाधिकारी सहरसा श्री वैभव चौधरी ने अपने हाथों से बैटरी चालित रिक्शा की चाबी लाभार्थियों को सुपुर्द किया।उन्होंने बैटरी चालित रिक्शा को एलिम्को कानपुर से प्राप्त होते ही बाँट देने के निदेश सहायक निदेशक, दिव्यांगजन को दिया क्योंकि देर होने से बैटरी के वारंटी पीरियड्स यूँहीं खत्म हो जाते हैं।पूर्व से रखे तिपहिया को बांटने में देरी पर जिलापदाधिकारी ने नाराजगी जतायी तथा दोषी कर्मियों पर करवाई के निदेश दिया।हस्त चालित रिक्शा में चैन ढीला रहने तथा अन्य छोटी-छोटी खराबियों को दूर कराकर रिक्शा वितरण का आदेश दिया गया। श्रवण यंत्र को वितरित करने के पूर्व जिलापदाधिकारी ने यंत्र की जांच की तथा लाभुकों को यंत्र के बारे में जानकारी दी। बुनियाद केंद्र तथा सदर अस्पताल में श्रवण जांच नहीं होने पर जिलापदाधिकारी ने सी आर सी पटना से कैम्प लगवाकर श्रवण जांच करवाने हेतु बिभाग से पत्राचार का निदेश दिया। बुनियाद केंद्र पर खड़े एम टी वी वैन के बारे में जिलापदाधिकारी ने पूछा तो बताया गया कि ड्राइवर के प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण वैन का संचालन बंद है।जिलापदाधिकारी ने विभाग से पत्राचार के निदेश दिए।

# थाना में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता



सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र में आगामी सरस्वती पूजा को लेकर नवपदस्थापित सोनवर्षा थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को थाना प्रागंण में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया।आयोजित बैठक में उपस्थित विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, वार्ड पार्षद, सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकताओं से परिचय करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से सरस्वती पूजा मनाने की अपील करते हुए पुलिस को सहयोग करने की अपील किया।वहीं सभी लोगों के द्वारा अपने अपने विचार के साथ साथ थाना क्षेत्र के इतिहास और भूगोल कि जानकारी दिया गया।थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने नगर पंचायत अध्यक्ष मनिष कुमार से नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत मुख्य बाजार में जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आग्रह किया।वहीं आमजनों से अपने अपने घरों के तरफ कर लगाए गए सीसीटीवी को थोड़ा सडक या गली मोहल्ले को फोकस करते हुए लगाने के लिए कहा।साथ ही किसी भी तरह की घटना दूर्घटना की सुचना पुलिस को देने की अपील किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण सिंह, अजय कुमार सिंह, इंद्रदेव साह, अमरेंद्र कुमार सिंह बब्बन, पूर्व उप प्रमुख कुमार मौलेश सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मनिष कुमार, राजीव कुमार सिंह मुन्ना, अमीर राम, मंडल अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह, अशोक सेन, राजद नेता चंदन यादव, सत्यदेव सिंह, नरेश साह, शैलेंद्र सिंह, मो हशीर उद्दीन, शंभू सादा, राजेश सादा, सुधीर सिंह, चूडामणी झा, मो मशीर आलम, रंजीत झा, संजय विश्वास, कुणाल सिंह, मनटुन सिंह, नागेंद्र यादव सहित सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुरलीगंज में निमार्णाधीन पावर ग्रिड को मार्च में करें चालू : डीएम

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा । नल जल योजना, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में हुई। समीक्षा के क्रम में भवन निर्माण विभाग, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम की भी समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने कहा कि जलापूर्ति को लेकर छुटे हुए 570 टोले में समय से कार्य प्रारंभ करा कर जलापूर्ति की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। इसके साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मतदान केन्द्रों एवं कर्मी, पुलिस बल के ठहराव वाले स्थलों पर जलापूर्ति एवं शौचालय की उचित व्यवस्था की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग की समीक्षा के कम में डीएम ने मुरलीगंज प्रखंड अंतर्गत निमार्णाधीन पावर ग्रिड को इस माह के लास्ट तक चालू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कुमारखंड पावर सब स्टेशन को मुरलीगंज पावर स्टेशन से डायरेक्ट जोड़ने हेतु विभाग से समन्वय स्थापित करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल को दिया गया। भवन प्रमंडल, मधेपुरा एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मधेपुरा एवं उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम को निर्देश दिया गया कि निमार्णाधीन सभी भवनों का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्यपालक अभियंता निर्देश दिया कि पंचायत सरकार भवन, सामुदायिक भवन-सह- वर्क शेड एवं कब्रिस्तान घेराबंदी हेतु व्यक्तिगत रूची लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें एवं नियमित रूप से प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में वरीय उप समाहर्त्ता पंकज कुमार घोष, प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा संतोष कुमार, उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा निकिता, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, मधेपुरा, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल सहित अन्य मौजूद थे।

# एमटी वासुदेवन और विनोद को 'आकाशदीप' पुरस्कार से किया सम्मानित

प्रात: किरण, संवाददाता




नई दिल्ली। हिंदी में विनोद कुमार शुक्ल और गैर हिंदी भाषाओं में मलयालम के लेखक-फिल्म निर्देशक एमटी वासुदेवन नायर को अमर उजाला का सर्वोच्च पुरस्कार आकाशदीप सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। 1933 में केरल में जन्मे एमटी वासुदेवन नायर को मलयालम आधुनिक कला और साहित्य में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया है, जबकि 1937 में पैदा हुए विनोद कुमार शुक्ला को हिंदी लेखन में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। एमटी वासुदेवन नायर ने कहा कि मैं ऐसे अनुभव इकट्ठा करता हूं जैसे बच्चे अपनी जेबें भरने के लिए सुंदर पत्थर इकट्ठा करते हैं और ये क्षण बाद में मेरे लेखन में अपना रास्ता खोज लेते हैं। वहीं विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि मुझे इसमें स्पष्टता मिलती है शब्दों की अराजकता. लिखना एक अंतहीन प्रयास है और मैं इसे एक ज़िम्मेदारी मानता हूं। कार्यक्रम में कन्नड़, मराठी, बंगाली, उड़िया और हिंदी भाषाओं को शामिल किया गया है, जिसमें इस वर्ष मलयालम को चुना गया है। आकाशदीप पुरस्कार, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्यिक संतों का सर्वोच्च सम्मान है।

सम्पादकीय

## लोकतंत्र के साथ सच्चा न्याय

30 जनवरी को हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव में पीठासीन अधिकारी की धांधली के कारण भाजपा को जीत मिली है, यह आरोप आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ने लगाए। मामला पहले पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा और वहां से राहत नहीं मिली तो फिर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया गया। सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड ने कहा, यह लोकतंत्र का मजाक है। जो हुआ, हम उससे हैरान हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह से हत्या नहीं होने दे सकते। देश के मुख्य न्यायाधीश जिस बात पर हैरान थे, यानी लोकतंत्र का मजाक बनाने पर, लोकतंत्र की हत्या करने पर, उस पर विपक्ष समेत देश का एक बड़ा तबका बहुत लंबे वक्त से हैरान ही नहीं, परेशान भी है। लेकिन सोमवार को यह देखकर राहत मिली कि अब सुप्रीम कोर्ट को भी इस पर दुखद हैरानी हुई है। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की ओर से दाखिल की गई इस याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डी. वाई.चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पदीर्वाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की बेंच कर रही थी। अपनी सख्त टिप्पणी में मुख्य न्यायाधीश डी. वाई.चंद्रचूड़ ने कहा कि-पीठासीन अधिकारी मतपत्र में बदलाव करते दिखे हैं। क्या ये एक रिटर्निंग ऑफिसर का बर्ताव होना चाहिए? वो कैमरे की ओर देखते हैं और मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जिस मतपत्र के नीचे क्रॉस का निशान बना हुआ है, उसे ये ट्रे में रख देते हैं। जिस मतपत्र के ऊपर क्रॉस नहीं बना हुआ है, उसे ये बिगाड़ देते हैं और फिर कैमरे की ओर देखते हैं। इनसे बताइए कि सुप्रीम कोर्ट इन्हें देख रहा है। हम लोकतंत्र की ऐसे हत्या नहीं होने देंगे। देश में स्थिरता लाने की सबसे अहम शक्ति चुनाव प्रक्रिया की शुचिता है। शीर्ष अदालत से आई इस टिप्पणी को शायद निर्वाचन आयोग से लेकर केंद्र सरकार के तमाम दफ्तरों में चस्पां करने की जरूरत है। चंडीगढ़ के मेयर पद के चुनाव को लेकर हार का डर शायद भाजपा को पहले से था, इसलिए पहले पीठासीन अधिकारी के बीमार होने को वजह बताकर चुनाव की तारीखें बढ़वाई गईं और जब 30 जनवरी को चुनाव हुए तो संयोग से पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा की गई तथाकथित छेड़छाड़ कैमरे में कैद हो गई। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने जिसे लोकतंत्र की हत्या कहा है, वह दरअसल लोकतंत्र की सुपारी देने जैसा गंभीर अपराध है, क्योंकि यहां हत्या गैरइरादतन नहीं, बल्कि रणनीति के तहत करवाई गई है। अनिल मसीह को अदालत से फटकार लग चुकी है, हो सकता है उन पर मुकदमा चले और दिखाने को कार्रवाई भी हो। लेकिन उसके बाद क्या लोकतंत्र को खत्म करने का खेल रुक जाएगा। क्या अनिल मसीह को इसका अकेले जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, या फिर अदालत की नजर में वे लोग भी आएंगे, जिनके कहने पर अनिल मसीह जैसे अधिकारी कठपुतलियों की मानिंद काम करते हैं। अभी तो एक अदने से चुनाव के लिए इतना दुस्साहस दिखाया गया है, लेकिन जहां लोकसभा में बाकायदा आंकड़ों के साथ ऐलान हो रहा है कि हम 400 सीटें जीतेंगे और तीसरी बार सत्ता में आएंगे, वहां और कितने खेल होंगे, क्या इस बारे में भी शीर्ष अदालत को विचार नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के ही कुछ वकीलों ने बाकायदा ईवीएम के खिलाफ मोर्चा खोलकर बताया है कि किस तरह ईवीएम हैक करके वोटों में गड़बड़ी हो सकती है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने अंतिम सत्य की तरह ऐलान कर दिया है कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती। अगर निष्पक्ष चुनाव पर जनता के एक तबके को संदेह है, तो क्या उस संदेह को दूर करने के लिए खुद निर्वाचन आयोग को पहल नहीं करना चाहिए या फिर गुलाम भारत की तरह जनता की बात तभी सुनी जाएगी, जब कोई आंदोलन खड़ा हो। क्या सुप्रीम कोर्ट ईवीएम पर कोई स्वतः संज्ञान लेकर देख पाएगा कि इसमें भी लोकतंत्र को कुचला जा रहा है या नहीं।

## हरदा का हादसा और हमारी सरकार

राकेश अचल-

देश के दिल मध्यप्रदेश के हरदा में हुए बारूदी विस्फोट ने पूरे सूबे को दहलाकर रख दिया है, यहां तक कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी तक इस हादसे से विचलित हो गए और उन्होंने भी मृतकों के आश्रितों और घायलों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा कर दी। मध्यप्रदेश सरकार ने तो अपने हिस्से की राहत पहले ही देने का ऐलान कर दिया। हादसों के बाद राहत की बरसात अलग बात है किन्तु हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों और सिस्टम को दण्डित करने से बचना दूसरी बात है। हरदा हादसे के मामले में कमोवेश यही सब हो रहा है। हरदा में विस्फोट कोई पहला हादसा नहीं है। चार दशक पहले ग्वालियर शहर में भी इसी तरह के बारूद कारखाने में ऐसा ही विस्फोट हुआ था जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग मारे गए थे। मै यहां आपको बारूद कारखानों में होने वाले हादसों की गिनती करने नहीं जा रहा, क्योंकि ये नामुमकिन है। नामुमकिन तो ये भी है कि कम्प्यूटर के युग में हमारे किसी भी जिले के प्रशासन के पास उनके यहां काम करने वाले बारूद कारखानों की फेहरिस्त नहीं है। यदि है भी तो इन कारखानों की जांच पड़ताल के लिए तैनात उस अमले के पास है जो इन कारखानों को कभी सरकारी रिकार्ड में दाखिल नहीं करते। ये अमला इन वैध और उससे ज्यादा अवैध बारूद कारखानों के संचालकों से अपनी आँखें बंद करने की नियमित कीमत वसूल करते हैं और नतीजा होता है हरदा जैसा हृदयविदारक हादसा। हरदा जिले के मगरधा रोड पर स्थित अवैध पटाखा फैक्ट्री में आग की घटना मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुई. फैक्ट्री में हुए धमाके से पूरा शहर दहल गया. इलाके के घर भी इस विस्फोट की चपेट में आ गए. रिपोर्ट के मुताबिक 60 घरों में आग फैली। इस हादसे में अभी तक 11 लोग मारे गए और दो सौ के आसपास घायल हो गए। प्राथमिक जाँच में ही ये तथ्य सामने आ गया की कारखान अवैध थ। इस अवैध कारखाने में 15 टन से ज्यादा बारूद जमा थी लेकिन प्रशासन को इसकी कानों-कान खबर नहीं थी। यदि थी भी तो प्रशासन अपने कानों में रिश्वत का तेल डालकर बैठा था। बारूद कारखानों में सुरक्षा के न्यूनतम इंतजाम होते है। पेट की आग बुझाने के लिए गरीब मजदूरों को इन कारखानों में लोगों की जिंदगी में रौशनी भरने के लिए आतिशबाजी का सामान बनाना पड़ता है। यहां न कोई श्रम कानों लागू होता है और न कोई दूसरा कानून। इन वैध-अवैध बारूद कारखानों में मालिक का बारूद कानून चलता है जो हमेशा जानलेवा होता है। हरदा का हादसा राज्य सरकार के लिए शर्मनाक है लेकिन ज्यादा नहीं, क्योंकि मौजूदा सरकार को तो आये अभी जुमा-जुमा पचास दिन हुए है। कारखाना तो यहां वर्षों से चल रहा है। किसी ने कभी इसका संज्ञान नहीं लिया। लिया होता तो मुमकिन है की इस तरह के हादसे को टाला जा सकता थ। अब प्रदेश सरकार की पूरी मशीनरी प्रदेश भर में चल रहे वैध-अवैध कारखानों के बारे में जानकारी जुटा रही है, जबकि ये जानकारी तो उँगलियों के पोटरों पर होना चाहिए थी। हरदा हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य के लिए प्रशासन और शासन की मुस्तैदी काबिले तारीफ हो सकती है। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के लिए सेना की मदद ली इससे हादसे की व्यापकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। दुर्भाग्य ये है कि अब पूरी सरकार इस हादसे के बाद लकीर पीटती दिखाई दे रही है। प्रदेश के गृह सचिव को मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। गृह सचिव हादसे की जांच भी कर लेंगे लेकिन ये कौन सुनिश्चित करेगा की इस हादसे के लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी ही। कारखाने के संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है लेकिन उसे फांसी पर तो नहीं चढ़ाया जा सकता। लम्बी कानूनी प्रक्रिया होती है, लेकिन शासन कम से कम अपने प्रशासन के जिम्मेदार लोगों को तत्काल दण्डित कर सकता है। तबादला ऐसे लोगों के लिए कोई सजा नहीं है। इन सबके खिलाफ बाकायदा आपराधिक मुकदमे कायम होना चाहिए। मध्यप्रदेश में आतिशबाजी बनाने के कुल कितने कारखाने हैं ये जानकारी न प्रशासन के पास है और न शासन के पास। क्योंकि अधिकांश आतिशबाजी निमार्ता अवैध रूप से अपने कारखाने चलते हैं। आतिशबाजी कारखाने जितने अवैध तरीके से बेहतर चलते हैं उतने शायद वैध तरीके से नहीं चलाये जा सकत। क्योंकि वैध लायसेन्स लेकर आतिशबाजी बनाना आसान नहीं है। वैध लायसेन्स के बाद कारखाना चलने के लिए जितने सुरक्षात्मक प्रबंध करना होंगे, कर्मचारियों को जितनी मजदूरी देना होगी वो बहुत ज्यादा होती है। इसीलिए ज्यादातर कारखाने अवैध रूप से चलते हैं। हरदा का हादसा इस बात की गवाही देता है की हम, हमारी सरकार और हमारा समाज मनुष्य के जीवन से किस तरह और किस हद तक खिलवाड़ कर सकता है।

# न्याय प्रणाली में सुधार कैसे हो?

**वैसे तो सुप्रीम कोर्ट हो या हाईकोर्ट, प्रति व्यक्ति न्यायाधीशों की संख्या अत्यंत सीमित होने के कारण मुकदमों के निस्तारण में विलंब होता है, पर निचली अदालत में वादकारियों को न्याय मिलने में अत्यंत पीड़ादायक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और वे प्रणालीगत उत्पीडन के शिकार बनकर रह जाते हैं। उनका इतना अधिक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक शोषण होता है कि आम तौर पर लोग पुलिस, अदालत जाने के नाम से ही घबराने लगते हैं। साथ ही कुछ लोगों में कानून अपने हाथ में लेने की प्रवृत्ति बढे लगती है। अनेक लोगों का सत्र न्यायालय में या निचली अदालतों में यह अनुभव बड़ा ही कड़वा और पीड़ादायक होता है। यहां पर प्रधानमंत्री जी की इच्छा अनुसार न्याय प्रणाली को अनुकूल बनाने की कवायद और भी जरूरी लगती है। न्याय प्रणाली को लचीला और अनुकूल बनाने की दिशा में इस समय आईटी सेक्टर प्रमुख भूमिका निभा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की वजह से न्यायिक प्रणाली में बड़ा बदलाव आया है। सूचना प्रौद्योगिकी ने न्यायिक प्रणाली को आसान कर दिया है। आम लोगों के लिए न्यायिक प्रणाली अब सुलभ हो गई है। सूचना प्रौद्योगिकी ने सिस्टम को आम लोगों के लिए बहुत आसान बना दिया है। ऑनलाइन सिस्टम से काम करने में बहुत बड़ा बदलाव आया है। आज हम लगभग सभी निर्णयों तक पहुंच सकते हैं, जो हमारे लिए और आभासी प्रणाली के साथ उपलब्ध हैं।**





**डॉ. वरिंदर भाटिया-**
**लेखक कालेज प्रिंसीपल है**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि न्याय प्रदान करने वाली कानूनी प्रणालियों को आधुनिक बनाने की जरूरत है। वैसे तो हमारी न्याय प्रणाली दुनिया के अनेक देशों से बेहतर है, फिर भी इसमें रचनात्मक सुधार की गुंजाइश बनी हुई है। भारत की न्याय प्रणाली विश्व की सबसे पुरानी प्रणालियों में से एक है, जो अंग्रेजों ने औपनिवेशिक शासन के दौरान बनाई थी। देश में कई स्तर की अदालतें मिलकर न्यायपालिका बनाती हैं। भारत की शीर्ष अदालत नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय है और उसके तहत विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालय हैं। उच्च न्यायालयों के मातहत जिला अदालतें और उनकी अधीनस्थ अदालतें हैं जिन्हें निचली अदालतें कहा जाता है। इनके अलावा ट्रिब्यूनल, फास्ट ट्रैक कोर्ट, लोक अदालतें आदि मिलकर न्यायपालिका की रचना करते हैं। भारत में संविधान निमार्ताओं ने शासन के तीनों अंगोंह्वविधानपालिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका को एक समान शक्तियां दी हैं। एक समान शक्तियां प्राप्त होने के बावजूद न्यायपालिका (सर्वोच्च न्यायालय) को ही संविधान का संरक्षक कहा गया है। न्याय की बात जहां आती है, वहां कुछ बड़ी सैद्धांतिक बातें सामने आने लगती हैं। मसलन न्याय में विलंब अन्याय है, वादकारी का हित सर्वोच्च है, इत्यादि, पर जब व्यवहार में हम देखते हैं तो ठीक इसके विपरीत नजर आता है। प्रक्रियात्मक खामियों के अलावा सिस्टम में व्याप्त कदाचार, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के साथ कुटिलता से किसी मामले को अनंत काल तक लटकाए रखने एवं न्याय में विलंब होने और ह्वतारीख पर तारीख की त्रासदी सामने आती है। बॉलीवुड स्टार सन्नी दियोल का मशहूर फिल्मी डायलॉग ह्वतारीख पर तारीख अब रोजमर्रा की भाषा का हिस्सा बन गया है। यह कटु सत्य है कि न्याय प्रणाली की कुछ कमियों के चलते अनेक वादकारियों को प्रक्रियात्मक अनियमितताओं के कारण कई बार न तो समय से न्याय मिल पा रहा है, न ही उनकी पीड़ा का कोई तारणहार है। वे न्याय प्रणाली के अंतिम पायदान पर असहाय पड़े रहने के लिए अभिशप्त हैं। यही कारण है कि समाज में मौके पर ही न्याय की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है और आए दिन देश के किसी न किसी हिस्से में घटित हो रही है। इसे क्या न्याय की संज्ञा नहीं दी जा सकती है? तारीख पर तारीख के कई कारण विदित हैं, जैसे कि बार (वकील) और बेंच (अदालतें) न्यायिक प्रक्रिया के मूल आधार हैं। अदालतों में मुकदमों का अंबार लगने का सबसे बड़ा कारण है धीमी सुनवाई। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों की तुलना में निचली और जिला अदालतों की हालत ज्यादा खराब है। मुकदमों की शुरूआत यहीं से होती है और जिस मात्रा में मुकदमे दायर होते हैं, उस अनुपात में निपटारा नहीं होता। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय कई बार समयबद्ध सुनवाई करने का आदेश देते भी हैं, लेकिन जजों की कमी भी सुनवाई को प्रभावित करती है। पुलिस के पास साक्ष्यों के वैज्ञानिक संग्रहण हेतु प्रशिक्षण का अभाव है। इसके अतिरिक्त कुछ अधिकारी प्रायः अपने कत्र्तव्यों को पूरा करने में विफल रहते हैं जिससे सुनवाई में अत्यधिक विलंब हो जाता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति पर न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच गतिरोध भी बना रहता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया तय करने का काम अभी भी अधर में ही लटका हुआ है। रूल ऑफ लॉ इंडेक्स रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रशासनिक एजेंसियां बेहतर प्रदर्शन नहीं करती और न्यायिक प्रणाली की गति बहुत धीमी है। इसकी मुख्य वजह अदालत में मामलों की बेतहाशा बढ़ती संख्या और कार्यवाही में होने वाली देरी है। वैसे तो सुप्रीम कोर्ट हो या हाईकोर्ट, प्रति व्यक्ति न्यायाधीशों की संख्या अत्यंत सीमित होने के कारण मुकदमों के निस्तारण में विलंब होता है, पर निचली अदालत में वादकारियों को न्याय मिलने में अत्यंत पीड़ादायक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और वे प्रणालीगत उत्पीडन के शिकार बनकर रह जाते हैं। उनका इतना अधिक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक शोषण होता है कि आम तौर पर लोग पुलिस, अदालत जाने के नाम से ही घबराने लगते हैं। साथ ही कुछ लोगों में कानून अपने हाथ में लेने की प्रवृत्ति बढ़े लगती है। अनेक लोगों का सत्र न्यायालय में या निचली अदालतों में यह अनुभव बड़ा ही कड़वा और पीड़ादायक होता है। यहां पर प्रधानमंत्री जी की इच्छा अनुसार न्याय प्रणाली को अनुकूल बनाने की कवायद और भी जरूरी लगती है। न्याय प्रणाली को लचीला और अनुकूल बनाने की दिशा में इस समय आईटी सेक्टर प्रमुख भूमिका निभा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की वजह से न्यायिक प्रणाली में बड़ा बदलाव आया है। सूचना प्रौद्योगिकी ने न्यायिक प्रणाली को आसान कर दिया है। आम लोगों के लिए न्यायिक प्रणाली अब सुलभ हो गई है। सूचना प्रौद्योगिकी ने सिस्टम को आम लोगों के लिए बहुत आसान बना दिया है। ऑनलाइन सिस्टम से काम करने में बहुत बड़ा बदलाव आया है। आज हम लगभग सभी निर्णयों तक पहुंच सकते हैं, जो हमारे लिए और आभासी प्रणाली के साथ उपलब्ध हैं। इस समय कानूनी प्रक्रिया में क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग करने की आवश्यकता है। यदि हम न्याय तक पहुंच की बात करते हैं, तो अंततः प्रचलित भाषा को किसी अन्य भाषा का स्थान लेना होगा। न्यायिक सुधारों को लेकर विधि आयोग ने कई सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपी हैं, जिनमें कई महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं, लेकिन इस दिशा में कोई गंभीर पहल अब तक नहीं हो पाई है।

# साइबर सुरक्षा : चुनौतियां और समाधान

**वर्तमान में भारत की आधी से ज्यादा आबादी इंटरनेट से जुड़ी हुई है। आज हम देखते हैं कि एक गरीब से गरीब आदमी भी स्मार्टफोन यूज करता है। इंटरनेट ने लोगों के बीच सूचना प्रसार में एक महत्वपूर्ण क्रांति लाकर डिजिटल डिवीजन को खत्म करने का काम किया है। इसके अलावा सरकारों को भी अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार और प्रसार करने में आसानी हुई है। इसके अतिरिक्त सिटीजन जर्नलिज्म व डायरेक्ट मनी ट्रांसफर जैसी चीजें भी इंटरनेट से ही संभव हो पाई हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में चीन के बाद सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स हैं। लगभग 1.05 बिलियन यूजर्स के साथ चीन वैश्विक इंटरनेट उपयोगकताओं के मामले में सबसे आगे है। चीन में लगभग 4 में से 3 लोग (74.36 फीसदी) इंटरनेट का उपयोग करते हैं। भारत वर्तमान में इंटरनेट का उपयोग करने वाली अपनी आधी आबादी (49.15 फीसदी) के साथ दूसरे स्थान पर है। यानी करीब-करीब भारत में 692 मिलियन लोग इंटरनेट का यूज करते हैं, जोकि एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2025 तक यह संख्या बढकर 900 मिलियन होने की उम्मीद है। लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव एवं डिजिटल अज्ञानता के कारण हम देखते हैं कि भारत के आम लोग साइबर ठगी का शिकार बन रहे हैं।**






**रमेश धवाला-**
**लेखक पूर्व मंत्री है**

21वीं सदी को हम सूचना और क्रांति के युग (इनफार्मेशन एज) से जानते हैं। सूचना और क्रांति से मानव जीवन के हर एक पहलू में बदलाव आया है। मुख्य रूप से संचार के नए-नए साधनों ने पूरे विश्व को ही एक ग्लोबल विलेज बना दिया है। इंटरनेट के माध्यम से विभिन नेटवर्किंग साइट्स जैसे व्हाट्स एप्प, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ईमेल इत्यादि ने मीलों की दूरियों को खत्म कर दिया है, लेकिन जिस तरह से हम पिछले एक दशक में सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में आगे बढ़ रहे हैं, उतनी ही तेजी से साइबर क्राइम में भी वृद्धि हुई है। साइबर हमलों से भारत भी अछूता नहीं रहा है। भारत में हमें साइबर क्राइम का सबसे खतरनाक रूप कोरोना महामारी के दौरान देखने को मिला। 2020-21 में जहां भारत देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था, तो दूसरी ओर साइबर अटैक्स से। एक रिपोर्ट के अनुसार कोरोना महामारी के समय एशिया महाद्वीप में जापान के बाद सबसे ज्यादा साइबर अटैक्स झेलने पड़े। ये साइबर अटैक्स सबसे ज्यादा वित्तीय, बीमा और उन संस्थाओं पर किए गए जो महामारी में लोगों को एसेंशियल सर्विस प्रोवाइडर का काम कर रही थीं। अभी हाल में ही एक अमरीकी कंपनी ने दावा किया है कि भारतीयों का डाटा डार्क वेब पर उपलब्ध है, जो कि वास्तव में ही एक गंभीर और सोचनीय विषय है। अपराधी इस डाटा, जिसमें पब्लिक के फोन नंबर से लेकर आधार तक की जानकारी शामिल है, को गलत तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं। अभी पिछले महीने ही दिल्ली पुलिस ने डार्क वेब पर भारतीय नागरिकों का डाटा बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया था। भारत में स्मार्टफोन आने से एक बहुत बड़ा वर्ग इंटरनेट से जुड़ गया है। वर्तमान में भारत की आधी से ज्यादा आबादी इंटरनेट से जुड़ी हुई है। आज हम देखते हैं कि एक गरीब से गरीब आदमी भी स्मार्टफोन यूज करता है। इंटरनेट ने लोगों के बीच सूचना प्रसार में एक महत्वपूर्ण क्रांति लाकर डिजिटल डिवीजन को खत्म करने का काम किया है। इसके अलावा सरकारों को भी अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार और प्रसार करने में आसानी हुई है। इसके अतिरिक्त सिटीजन जर्नलिज्म व डायरेक्ट मनी ट्रांसफर जैसी चीजें भी इंटरनेट से ही संभव हो पाई हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में चीन के बाद सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स हैं। लगभग 1.05 बिलियन यूजर्स के साथ चीन वैश्विक इंटरनेट उपयोगकताओं के मामले में सबसे आगे है। चीन में लगभग 4 में से 3 लोग (74.36 फीसदी) इंटरनेट का उपयोग करते हैं। भारत वर्तमान में इंटरनेट का उपयोग करने वाली अपनी आधी आबादी (49.15 फीसदी) के साथ दूसरे स्थान पर है। यानी करीब-करीब भारत में 692 मिलियन लोग इंटरनेट का यूज करते हैं, जोकि एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2025 तक यह संख्या बढकर 900 मिलियन होने की उम्मीद है। लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव एवं डिजिटल अज्ञानता के कारण हम देखते हैं कि भारत के आम लोग साइबर ठगी का शिकार बन रहे हैं। भारत की कुल अर्थव्यवस्था का 14 से 15 प्रतिशत डिजिटल इकॉनमी से संचालित होता है। लोग भी अब लेन-देन के लिए फोन-पे, गूगल-पे आदि का प्रयोग करते हैं। इस दृष्टि से भी साइबर सिक्योरिटी अर्थव्यवस्था का एक अहम बिंदु है। पिछले कुछ वर्षों में साइबर ठगी के अलग-अलग प्रकार हमें देखने को मिले हैं। प्रायः हर रोज अखबार पलटते हुए कोई न कोई खबर साइबर ठगी की मिल ही जाती है। गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्यों के साथ-साथ 19 मेट्रो शहरों में साइबर अपराध के मामलों में तेज वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट बताती है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर अपराधों में 24.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। साइबर अपराध के कारण महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध में भी लगातार इजाफा हो रहा है। पोर्नोग्राफी के वीडियो बनाकर अपलोड करना, अश्लील चैट, अवांछित एसएमएस, सेक्स-टोर्सन इत्यादि मामले शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 प्रतिशत महिलाओं ने ही अपने खिलाफ हुए साइबर अपराध की शिकायत की थी। वहीं साइबर अपराध से पीड़ित 46.7 फीसदी महिलाओं ने किसी भी तरह की कोई शिकायत दर्ज न कार्रवाई व 18.3 प्रतिशत महिलाओं को तो इस बात का अंदाजा ही नहीं था कि वे साइबर अपराध का शिकार हो रही हैं। साइबर अपराध से संबंधित शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर की जा सकती है। यदि किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार की साइबर अपराध घटना होती है तो 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। केंद्र में मोदी सरकार ने भी साइबर सिक्योरिटी को बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, साइबर सुरक्षित भारत पहल जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

# उनका है तो परिवारवाद इनका है तो समाजवाद?

निर्मल रानी-

गत दिनों राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां तो कम गिनाईं परन्तु विपक्ष पर अधिक हमलावर रहे। उन्होंने एक बार फिर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी व राहुल गांधी पर निशाना साधा। कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कि ह्लदेश ने जितना परिवारवाद का खमियाजा उठाया है, खुद कांग्रेस ने भी उसका उतना ही खमियाजा उठाया है। सदन में ही जब कांग्रेस की ओर से ह्वबीजेपी में फलते फूलते परिवारवादह्न पर सवाल किया गया तो मोदी ने कहा कि उनके लिए परिवारवाद का मतलब एक ही परिवार के कई लोगों के राजनीति में आने से नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लअगर किसी परिवार में अपने बलबूते पर व जनसमर्थन से एक से अधिक लोग राजनीतिक क्षेत्र में भी प्रगति करते हैं, उसको हमने कभी परिवारवाद नहीं कहा है। हम परिवारवाद की चर्चा वो करते हैं, जो पार्टी परिवार चलाता है, जो पार्टी परिवार के लोगों को प्राथमिकता देती है, पार्टी के सारे निर्णय परिवार के लोग ही करते हैं, वो परिवारवाद है। न राजनाथ जी की कोई पॉलिटिकल पार्टी है न अमित शाह की कोई पॉलिटिकल पार्टी है।ह्व यानी प्रधानमंत्री ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोलने की सुविधाजनक परिभाषा गढ़ डाली। अमितशाह व राजनाथ सिंह का नाम लेकर उन्हें सदन में इसलिये सफाई देनी पड़ी क्योंकि कांग्रेस पार्टी और कई विपक्षी नेता अक्सर यह सवाल करते हैं कि गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र जय शाह बीसीसीआई के सचिव से लेकर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष तक किस आधार पर बन जाते हैं? विपक्ष पूछता है कि जय शाह के पास अमित शाह का पुत्र होने के अतिरिक्त ऐसी कौन सी योग्यता है जिसके आधार पर उन्हें इतने महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त, मनोनीत या निर्वाचित कराया जाता है? इसी तरह राजनाथ सिंह के एक पुत्र जहाँ भाजपा से विधायक हैं वहीं दूसरे भी किसी महत्वपूर्ण पद पर आसीन हैं। मोदी ने परिवारवाद की नई परिभाषा गढ़ते हुये अपनी ही पार्टी के अनुराग ठाकुर, पियूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, वसुंधरा व ज्योतिरादित्य सिंधिया, देवेंद्र फड़नवीस, जतिन प्रसाद, आर पी एन सिंह, राव इंदरजीत सिंह व किरण रिजिजू जैसे उन अनेक नेताओं का बचाओ किया जो अपनी पैतृक राजनीति के ही प्रतीक हैं। परन्तु प्रधानमंत्री के अनुसार जो पार्टी, एक परिवार चलाता है, जो पार्टी परिवार के लोगों को प्राथमिकता देती है, जिस पार्टी के सारे निर्णय एक ही परिवार के लोग करते हैं, ऐसे दलों व नेताओं के परिवारवाद का देश ने खमियाजा उठाया है ?फिर तो प्रधानमंत्री को यह भी बताना चाहिये कि 2014 तक भाजपा का जिस बल ठाकरे व उद्धव ठाकरे की शिवसेना के साथ महाराष्ट्र में 25 वर्षों तक गठबंधन रहा और महाराष्ट्र में अनेक लोकसभा व विधानसभा चुनाव भाजपा -शिवसेना मिलकर लड़ी वह परिवारवादियों से समझौता था या नहीं? इसी तरह जो शिरोमणि अकाली दल, बादल परिवार की पार्टी है और किसान आंदोलन से पूर्व दशकों तक भाजपा की सहयोगी रही है उसका परिवारवाद प्रधानमंत्री की परिभाषा से कैसे अलग है? इसी तरह भाजपा जब चाहे तब हरियाणा में एक ही परिवार की पार्टी इंडियन नेशनल लोकदल से समझौता कर सकती है? आज भी भाजपा हरियाणा में जिस जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के साथ सत्ता की साझेदार है वह भी एक ही परिवार की पार्टी है। इसी तरह भाजपा जब चाहे कश्मीर में मुफ़्ती मोहम्मद सईद की पारिवारिक पार्टी पी डी पी से समझौता कर सकती है? बिहार में राम विलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी क्या परिवारवाद की पार्टी का प्रतीक नहीं? कर्नाटक में भाजपा परिवारवादी राजनीति करने वाले येदियुरप्पा के हाथों में क्यों खेलती है? इसी तरह के और भी कई ह्वपरिवारवादीह्न दल हैं जिनसे भाजपा गठबंधन करने में परहेज नहीं करती। सवाल यह है कि जब प्रधानमंत्री कहते हैं कि -ह्लपरिवारवाद का देश ने खमियाजा उठाया हैह्व फिर आखिर उन्हीं की परिभाषा वाले ह्वपरिवारवादियोंह्न से भाजपा के गलबहियां करने का अर्थ व औचित्य क्या? दरअसल मोदी सहित भाजपा नेताओं को कांग्रेस व कांग्रेस सहयोगी दलों में ही सारा परिवारवाद नजर आता है। इन्हें केवल राहुल गाँधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव जैसे नेता ही परिवारवादी राजनीति के प्रतीक नजर आते हैं। इन्हें राहुल गाँधी की परिवारक कुंडली तो नजर आती है परन्तु उनका कन्याकुमारी से कश्मीर व मणिपुर से मुंबई तक की साहस भरी भारत जोड़ो न्याय यात्रा नजर नहीं आती? इन्हें राहुल के पिता व दादी की कुरबानी दिखाई नहीं देती? इन्हें राहुल की मां सोनिया गाँधी द्वारा प्रधानमंत्री जैसे उस पद का त्याग नजर नहीं आता जिससे आजीवन चिपके रहने के लिये कौन कौन से हथकंडे नहीं अपनाये जा रहे? लालू यादव व मुलायम सिंह यादव की सामाजिक न्याय की वजह से भी भाजपा इनकी पार्टी की वैचारिक विरोधी है जिसके चलते इनपर परिवारवाद का आरोप लगाती है। पिछले दिनों अपने जिस राजनैतिक गुरु लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देकर उनसे प्रधानमंत्री पद हड़पने का पश्चाताप किया गया उन्हीं आडवाणी को 22 अक्टूबर 1990 को लालू यादव ने बिहार का मुख्यमंत्री रहते गिरफ़्तार किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### शामली में अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला

उत्तर प्रदेश के शामली जिले में थाना थानाभवन क्षेत्र के महमूदपुर गांव के बाहरी इलाके में एक गोबर के ढेर से अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। उसकी उम्र करीब 40-45 साल के आसपास बताई जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और व्यक्ति की पहचान करने की भी कोशिश की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आस-पास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं। मामले को सुलझाने की कोशिश की जा रही है।

### बिजनौर में पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर थाना क्षेत्र के हकीमपुर मेघा गांव में एक महिला ने अपने प्रेमी संग मिलकर 45 वर्षीय पति की हत्या कर शव को गटर में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान तीबड़ी गांव निवासी मनोज पुत्र राजपाल के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, धामपुर पुलिस को हकीमपुर मेघा गांव निवासी शिवचरण सिंह ने 30 जनवरी को लापता 45 वर्षीय पुत्र महेन्द्र की गुमशुदगी के संबंध में एक प्राथमिक दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया और तत्काल जांच में जुट गई और आसपास के सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर की जांच की। इसके बाद पुलिस की जांच में मृतक की पत्नी कमलेश व उसके प्रेमी मनोज समेत हत्या में शामिल तीन लोगों के नाम प्रकाश में आए। बिजनौर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बुधवार को बताया कि हत्या में शामिल एक आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी और मृतक की पत्नी के कमलेश से संबंध विकसित हुए और उसके पति ने इसका कड़ा विरोध किया था। अभियुक्त मनोज ने बताया कि महेन्द्र की पत्नी कमलेश और मैंने अपने एक सहयोगी विकास त्यागी के साथ हत्या की योजना पर चर्चा की। 29 जनवरी की रात को उसने और उसके सहयोगी विकास त्यागी ने मिलकर महेंद्र की हसिया से गर्दन काटकर हत्या कर दी और शव बगदाद अंसार रोड पर स्थित महाराणा प्रताप स्कूल के गटर में छिपा दिया और मौके से फरार हो गए। एसएसपी ने कहा कि आरोपी की निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है।

### भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे सपा समेत विभिन्न दलों के नेता

लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में बढ़ती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण करेंगे। भाजपा सूत्रों ने बताया आज दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के समक्ष विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने समर्थकों के साथ पार्टी के राज्य मुख्यालय पर भाजपा की सदस्यता लेंगे। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की ह्वभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न में सम्मिलित होने के लिए रजामंदी दी थी। उन्होने कहा था कि इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी का निमंत्रण प्राप्त हुआ जिसे स्वीकार किया गया एवं 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के पश्चात अमेठी या रायबरेली में ह्वभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न में सपा कांग्रेस की यात्रा में शामिल होगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत

फरुर्खाबाद जिले के मेरापुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर रात तीन युवक एक मोटरसाइकिल से संकिसा की तरफ से आ रहे थे, रास्ते में मेरापुर के राजेन्द्र नगर के एसआर इंटर कालेज के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों की शिनाख्त अभिषेक पाल (19), अजित पाल (20) तथा पवन पाल (22)के रूप में हुई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर कांग्रेसियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

## अहंकार और अन्याय के विरुद्ध न्याय की हुंकार बनेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा: अनीस विशाल अंसारी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आगामी दिनों में जनपद अमरोहा में आने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अमरोहा की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई एवं जोया ब्लॉक एवं नगर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की संवाद कार्यशाला आयोजित की गई।बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जिला प्रभारी अनीस विशाल अंसारी ने कहा* कि आगामी कुछ ही दिनों में जनपद अमरोहा में जननायक आदरणीय श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में मणिपुर से लेकर महाराष्ट्र तक अन्याय और अहंकार के विरुद्ध न्याय की हुंकार भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो न्याय के हक मिलने तक जारी रहेगी निकाली जा रही है वह अमरोहा भी आएगी जनपद अमरोहा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाना प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी की जिम्मेदारी है हम सबको मिलकर इस यात्रा को सफल बनाना ही होगा। जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा भाजपा सरकार में भारत की जनता पर और विपक्षी राजनीतिक पार्टियों पर जुल्म और अन्याय किया जा रहा है लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है भाजपा की सरकारो में लोकतंत्र की प्रजातंत्र की हत्या की जा रही है भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है विरोधी राजनीतिक दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है सामाजिक भेदभाव किया जा रहा है धार्मिक भेदभाव किया जा रहा है लोगों में नफरत फैलाई जा रही है नफरत का दूषित वातावरण देश के अंदर बनाया जा रहा है इन्हीं सब बातों को लेकर आदरणीय श्री राहुल गांधी जी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने का कार्य कर रहे हैं जो आगामी दिनों में जनपद अमरोहा में भी आने वाली है हम सबको मिलकर इस यात्रा को सफल बनाना है। शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी ने कहा की जनपद अमरोहा में यात्रा का बहुत ही भव्य तरीके से स्वागत किया जाएगा सामाजिक संगठनों को यात्रा में शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अमरोहा प्रभारी अनीश विशाल अंसारी,ज़िला अध्यक्ष ओमकार कटारिया,शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी,पार्टी द्वारा नामित लोकसभा कॉर्डिनेटर आतिफ हसन,सुखराज चौधरी,तारिक मो खाँ,शमीम अय्यूब राजकुमार अरुण,अकबर हुसैन ठेकेदार,सत्तार सैफी,अनवर हुसैन,विनोद कुमार सक्सेना,जयपाल सिंह जाटव,नौसाब खाँ,मनोज कटारिया,नाज़िम अली,मयंक कुमार,साहिद खेड़ी,हरिओम पुष्कर,अहमद मुर्तजा,अफसर अली सैफी,अफसर अली खाँ,छूनन्न भारती,इकबाल अंसारी,संजय त्यागी,मकसूर सलमानी,यासीर अंसारी,मानव त्यागी,सचिन चौहान,हरस्वरूप प्रधान जी,अली हसन,उवैद आलम,मोहसीन अली,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा भेंट किए गए गए वॉटर कूलर का भी लोकार्पण



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक शमशाद अहमद एवम बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक सुनील वर्मा के द्वारा विद्यालय घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर कैलसा के नवनिर्मित रिसेप्शन का फीता काटकर सुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा अमरोहा की ओर से विद्यालय को भेट किये गए वॉटर कूलर का भी लोकार्पण किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष अजय टंडन द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी पढ़ाई के प्रति समर्पित रहना चाहिए।इसी समर्पण की भावना के रहते वह देश सेवा के प्रति भी अपने दायित्व का निर्वाहन कर सकते है।इस दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों व अभिभावकों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके इसके लिए वॉटर कुलर भेंट किया गया है।इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष श्री अजय टंडन ने कहा कि शमशाद के कार्यकाल में बैंक ऑफ बडौदा वित्तीय सहायता के माध्यम से छेत्र में विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र वर्मा, दिनेश प्रभाकर, ध्यान सिंह, कृपाल सिंह तथा समस्त विद्यालय स्टाफ एवम विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जन चौपाल के माध्यम से जन जन तक पहुचानी है पार्टी की नीतियां: सत्यपाल तौमर




प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय रौनक वाटिका के पीछे केलसा रोड अमरोहा पर संपन्न हुई जिसमें बोलते हुए जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारीयो को कहा कि गांव-गांव जाकर जन चौपाल के माध्यम से हमें सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का जन आधार गांव गांव पहुंचना है मान्य राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जी के हाथों को मजबूत करना है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जी की सोच है की उत्तर प्रदेश में पूर्ण रूप से शराब बंद हो समान शिक्षा लागू हो तकनीकी शिक्षा लागू हो गरीबों का इलाज फ्री किया जाए।1 फरवरी को प्रदेश स्तरीय बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सभी जिला अध्यक्षों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए थे कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए हम लोगों को गांव-गांव जाकर जन चौपाल लगानी है सरकार की नीतियों को बताना है आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहूमत से जीता कर भेजना है बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया राम प्रजापति जिला कोऑर्डिनेटर यूनुस प्रधान जी जिला सलाहकार डॉ जगत सिंह गुर्जर आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें और संगठन को मजबूत बनाने के लिए गांव-गांव जाने की बात कही बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, आदेश अमरोही, मोहम्मद यूनुस सैफी, डॉक्टर जगत सिंह गुर्जर, मोहम्मद नाजिम, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रपाल सिंह विधानसभा अध्यक्ष जगबीर सिंह चौहान ब्लॉक अध्यक्ष अमरोहा इस्लामुद्दीन इदरीसी ब्रह्मपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष गजरौला जितेन्द्र राणा, नदीम अख्तर बाबर साहब रोहित कुमार वीरपाल राणा ओम सिंह कश्यप जोगिंदर सिंह कश्यप वाजिद मंसूरी वसीम मंसूरी विशाल सैनी सोनू मंसूरी पंकज राय कमरुद्दीन सोनू सैफी आकाश पंडित मोहम्मद नफीस आदि मौजूद रहे।

# नमो एप के टॉप 5 में से प्रथम स्थान पर जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, प्रधानमंत्री ने दी बधाई




प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने नमो एप पर लगातार प्रयासरत रहकर पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके पूरे देश के विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज के मासिक श्रेणी जनवरी माह का परिणाम घोषित किया है। जिसमें देश के यशस्वी मा० प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्न एवं विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नमो ऐप पर 100 दिन ह्वविकसित भारत एंबेसडर चैलेंजह्न में अमरोहा के प्रथम नागरिक मा० जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर को पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिस पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट करते हुए बधाई दी है। अमरोहा के जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने अपने लगातार प्रयासों से नमो एप पर कई दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। जिससे सभी कार्यकताओं में खुशी की लहर है। इस विषय में प्रसन्नता जताते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तवंर ने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए ह्वविकसित भारत संकल्प यात्रा चैलेंजह्न को स्वीकार करें और इस यात्रा को अंजाम तक पहुंचाने में सहयोग करें।

# योग्यता प्राप्त भारतीय नागरिकों को आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव पूर्णकालिक डी0एल0एस0ए0 डॉ0 सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुये कहा कि जनपद अमरोहा में लीगल एड डिफॅन्स काउन्सिल सिस्टम (एल.ए.डी.सी.एस.) के अन्तर्गत चीफ लीगल एड डिफैन्स काउन्सिल के लिये 01 पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के लिये 01 पद और असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के लिये 02 पदों पर नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता प्राप्त भारतीय नागरिकों को आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। जिनको संविदा के आधार पर प्रारम्मतः दो (02) वर्ष के लिये रखा जायेगा। उनकी संविदावधि उनके कार्य प्रदर्शन के आधार पर वषार्नुवर्ष बढ़ाई जा सकती है।अतः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा के विस्तृत विज्ञापन में दी गयी पात्र योग्यता पूर्ण करने वाले व्यक्ति निर्धारित आवेदन-प्रारूप पर समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुये अपने आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा के कार्यालय में दिनाक 15 फरवरी की सायं 5.00 बजे तक प्रत्येक दशा में प्राप्त करा सकते है। अन्तिम तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उपर्युक्त के संबंध में विस्तृत अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र के प्रारूप के लिए जनपद न्यायालय की वेबसाइट www.districts.ecourt.gov.in/amroha उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की वेबसाइट www.upslsa.up.nic.in, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in एवं माननीय राष्ट्रीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की वेबसाइट www.nalsa.gov.in पर सम्पर्क कर सकते है।

# सरकार की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति जीरो हो गई : अखिलेश यादव

लखनऊ, एजेंसी



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में इस समय जितना भ्रष्टाचार है उतना कभी नहीं रहा। सरकार की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति जीरो हो गई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को विधानसभा में बजट सत्र के मौके पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि थाने और तहसीलों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति जीरो हो गई है। राज्यपाल का सदन में दिया गया अभिभाषण एक सरकारी दस्तावेज है। जो सरकार चाहती है, अभिभाषण में वही बातें होती हैं। सरकार पर तंज कसते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी सबसे ज्यादा कार्यवाहक डीजीपी बनाने में नंबर एक है। झूठे प्रचार पर खर्च करने में यूपी नंबर एक है। बेरोजगारों पर लाठी चलवाने में नंबर वन है। महिलाओं के खिलाफ अपराधियों को बचाने में यूपी नंबर वन है। यूपी दलितों-पिछड़ों के उत्पीड़न में नंबर वन है। केंद्र व राज्य की टकराहट में नंबर वन है। यूपी आज पीडीए (पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों) को प्रताड़ित करने में नंबर वन है। यही सच्चाई है। सपा मुखिया ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में किसान कितना खुशहाल हुआ है। क्या किसान सम्मान निधि से ही आय दोगुनी हो जाएगी या सरकार वो फॉमूर्ला बताएगी, जिससे आय दोगुनी होगी। किसानों के बच्चों की सेना में भर्ती रोक दी गई है। ये हमारे गांव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी। किसान की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन आधी जरूर हो गई है। सपा ही हमेशा किसानों की पार्टी रही है, किसानों की सच्ची आवाज उठाई है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अग्निवीर योजना लागू होने से सर्वाधिक नुकसान यूपी के नौजवानों का हुआ है। पहले फौज में 70 हजार युवाओं की भर्ती होती थी पर अब नहीं होती है। सेना में भर्ती नौजवानों को वेतन, पेंशन और मेडिकल सुविधाएं मिलती थी, अग्निवीर योजना में चार साल की नौकरी के बाद उन्हें निकाल दिया जाएगा।

# नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने थामा भाजपा का दामन



प्रात: किरण संवाददाता

मंडी धनौरा। नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल बसपा के हाथी की सवारी को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने बुधवार को लखनऊ में प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके इस कदम से उनके समर्थकों को भारी धक्का लगा।गौरतलब है कि प्रवीण अग्रवाल सपा से होते हुए बसपा में शामिल हुए थे। मुस्लिम जाटव गठजोड़ के फामूर्ले से बसपा के टिकट पर मंडी धनौरा के चेयरमैन निर्वाचित हुए थे। बसपा के टिकट पर चुनाव लड़कर मुस्लिम जाटव व अन्य सभी का वोट लेकर उन्होंने पिछले 10 साल से काबिज धनौरा नगरपालिका में भाजपा का किला ढहाया था।भाजपा से निवर्तमान चैयरमेन राजेश सैनी को बगैर बसपा के फॉमूर्ला से पराजित करना आसान नही था। राजेश सैनी ने लगातार दस सालों तक चैयरमेन रहते हुए हर आम मतदाता के बीच गहरी पैठ बनाई थी, जो बसपा के समीकरण के आगे फैल हो गई थी। प्रवीण अग्रवाल के जीत के कुछ दिनों बाद से ही माना जा रहा था कि वह हाथी का साथ छोड़ कर कभी भी भाजपा का दामन थाम लेंगे। बुधवार को उन्होंने लखनऊ में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर अपने समर्थकों को चौका दिया।

# लखनऊ : जल जीवन मिशन का यूनिक नंबर दूर कराएगा पानी की परेशानी

लखनऊ, एजेंसी




देश में पहली बार उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे प्रत्येक नल को अब एक खास यूनिक नंबर मिलेगा। इस नंबर को जिस घर में नल लगा है, उसके बाहर दीवार पर अंकित भी किया जाएगा। दरअसल, आमतौर पर जब गांव में किसी ग्रामीण के घर में नल खराब हो जाता है, तो वह विभाग में ऑनलाइन शिकायत करता है। इससे उसका निस्तारण भी हो जायेगा। शिकायत के आधार पर कई बार कर्मचारियों को मकान ढूंढने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे समस्या के समाधान में देरी हो जाती है। इस परेशानी को देखते हुए जल जीवन मिशन अब अपने प्रत्येक टैप (नल) को एक खास नंबर देगा। हर घर नल से जल योजना में यह नंबर उस मकान की पहचान बन जाएगा। इस नंबर को गूगल मैप पर भी रजिस्टर कर दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक ग्रामीण के मकान को ढूंढना आसान हो जाएगा। गांव में किसी भी मकान का कोई नंबर नहीं होता, ऐसे में जल जीवन मिशन की ओर से दिया गया खास नंबर उस मकान की पहचान पत्राचार के लिए भी बन सकेगा। उत्तर प्रदेश इस व्यवस्था को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। हर घर नल से जल योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 2.63 करोड़ नलों को गांव में लगाना है। जल जीवन मिशन इस योजना के तहत 2 करोड़ से अधिक के लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है। अगले कुछ समय में यह पूरा आंकड़ा भी प्राप्त हो जाएगा। सभी टैप का यूनिक आईडी, घर की दीवार पर अंकित किया जा रहा है। नल का नंबर गूगल मानचित्र पर दर्ज किया जाएगा। जिससे कर्मचारियों को शिकायतकर्ता का घर ढूंढने में आराम हो जाएगा। यह समाधान ग्रामीणों के घरों को पहचान भी दिलाएगा। जल निगम ग्रामीण के प्रबंध निदेशक डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्रामीणों को जलापूर्ति के साथ ही बेहतर गुणवत्ता भी उपलब्ध करवाना है। किसी तरह की समस्या होने पर इसी नंबर के आधार पर शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। पानी की समस्या से जुड़ी शिकायतों के निवारण के लिए टोल फ्री 18001212164 जारी किया गया है। टोल फ्री नंबर के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी।

# जयंत चौधरी बहुत सुलझे हुए इंसान हैं, वो राजनीति को समझते हैं : अखिलेश यादव

लखनऊ, एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जयंत के भाजपा में शामिल होने की संभावना पर कहा कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी बहुत सुलझे हुए इंसान हैं। वो राजनीति को समझते हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को सदन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रालोद के मुखिया जयंत चौधरी बहुत पढ़े-लिखे और सुलझे इंसान हैं। मुझे उम्मीद है कि किसानों की लड़ाई के लिए जो संघर्ष चल रहा है, वे उसे कमजोर नहीं होने देंगे। इससे पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा था कि मैं जयंत को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। वे धर्मनिरपेक्ष लोग हैं। भाजपा केवल मीडिया का इस्तेमाल कर गुमराह कर रही है। वह इंडिया गठबंधन में रहकर भाजपा को हराएंगे। डिंपल यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार जिस प्रकार से किसानों के विरुद्ध काम कर रही है, बजट में किसी भी प्रकार की एमएसपी का जिक्र नहीं है, भाजपा के द्वारा हमारी पहलवान बहनों का अपमान हुआ है, मैं नहीं मानती कि आरएलडी के नेता जयंत चौधरी इस तरह का कोई कदम उठाएंगे, जिससे किसानों को नुकसान पहुंचे। सियासी जानकार बताते हैं कि पश्चिमी यूपी में रालोद काफी मजबूत है। उसका कई सीटों पर अच्छा प्रभाव है। इसी कारण उसे इंडिया और एनडीए दोनों अपने-अपने पाले में लाने में लगे हैं। भाजपा पश्चिमी यूपी में मुस्लिम बहुल सीटों के लिए रालोद को साधना चाहती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव रालोद से गठबंधन की घोषणा कर चुके हैं। सीटें चिह्नित करने और सपा की ओर से तीन सीटों पर रालोद के चुनाव निशान पर अपने उम्मीदवार खड़ा करने की शर्त पर पेच फंस गया तभी से रालोद के भाजपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

# अयोध्या-वाराणसी के साथ 17 महानगरों को भी सोलर सिटी बनाएगी सरकार

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश में सोलर एनर्जी को प्रोत्साहित करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। अयोध्या और वाराणसी के साथ 17 महानगरों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सरकार महानगरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के बाद ग्रामीण इलाकों को सोलर ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य करेगी। बहुत जल्द उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बनकर सामने आएगा। इसकी शुरूआत हो चुकी है। अयोध्या को हमारी सरकार सोलर सिटी के रूप में विकसित कर रही है। इसकी शुरूआत भगवान राम के चरणों से हुई है तो स्वाभाविक रूप से सफलता और बेहतर मिलेगी। अयोध्या के सर्किट हाउस की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लग चुका है। अयोध्या में 14 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होने लगा है और बाकी 40 मेगावाट का प्लांट लग चुका है, जिसका उत्पादन भी जल्द होने लगेगा। ऊर्जा मंत्री ने अयोध्या में सोलर सिटी को लेकर हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि अयोध्या में 2500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट्स सौर एनर्जी से संचालित होने लगी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में सोलर बोट का शुभारंभ कर दिया है। कई स्थानों पर वाटर एटीएम सौर ऊर्जा से चलायमान हैं। अयोध्या में लगभग 40 चौराहे ऐसे हैं जहां सोलर ट्री लगाए गए हैं। मंत्री ने बताया कि अयोध्या को हमने सोलर सिटी बना दिया है और अगला लक्ष्य सरकारी इमारतों की छतों पर सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने का है। वाराणसी में 25 हजार रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य मिला है। इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है और जल्द ही अयोध्या की तर्ज पर वाराणसी को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित कर लिया जाएगा। अयोध्या और वाराणसी की तर्ज पर राज्य के 17 महानगरों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में भी सोलर प्लांट लगाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने प्रदेश में चार्जिंग स्टेशन लगाए जाने के लिए कहा कि जल्द ही इसका रोडमैप शेयर किया जाएगा। प्रदेश में व्यापक पैमाने पर चार्जिंग स्टेशन बनाने की तैयारी है, जब तक चार्जिंग स्टेशन नहीं बनेंगे तब तक लोग ईवी का उपयोग नहीं करेंगे। ऐसे में यह सरकार की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यूपीपीसीएल कारपोरेशन के द्वारा राजस्वि (थ्रू-रेट) में वृद्धि के आधार पर आउटसोर्स कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव देने की व्यरवस्थां लागू की गई है। प्रोत्साशहन योजना के अंतर्गत पात्र पाए गए उपकेंद्रों के संविदा कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव्स के तौर पर माह में मिलने वाले पारिश्रमिक पर वर्ष 2024-25 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि दी जाएगी। यदि उन्हीं उपकेंद्रों पर वर्ष 2024-25 के सापेक्ष आपूर्ति की गई विद्युत के सापेक्ष राजस्व (थ्रू-रेट) में वृद्धि होती है तो वर्ष 2025-26 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि अतिरिक्ते (अर्थात कुल 20 प्रतिशत इंसेंटिव) दी जाएगी। विभागीय कार्य के दौरान मृत्युप होने की दशा में मिलने वाली अनुग्रह राशि को कारपोरेशन द्वारा 5 लाख से बढ़ाकर 7.50 लाख रुपए कर दिया गया है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रदेश में ट्रस्ट बिलिंग व्यवस्था की शुरूआत के लिए लॉन्च किए गए कंज्यूमर ऐप को काफी पसंद किया जा रहा है। वर्तमान में 2,95,000 उपभोक्तार इस ऐप का उपयोग कर रहे हैं। 2023-24 में 30,704 उपभोक्ता ओं द्वारा ऐप के माध्यम से 7,23,97,381 रुपए का भुगतान किया गया। बिजली चोरी के मामलों से जुड़े सवाल पर उन्होंने बताया कि प्रदेश में 01.04.2023 से 31.01.2024 तक विद्युत चोरी के 1,25,047 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई है। विद्युत चोरी के सापेक्ष 1,22,990 प्रकरणों में राजस्वा निर्धारण किया जा चुका है, 19,543 प्रकरणों में धारा-3 एवं 5,869 प्रकरणों में धारा-5 की नोटिस प्रेषित की जा चुकी है। ओटीएस योजना के अंतर्गत विद्युत चोरी के 13,995 प्रकरणों का समाधान किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विदाई सह अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन



नासरीगंज (रोहतास) थाना अंचल पुलिस निरीक्षक सुबोध कुमार का पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रमोशन होने के उपलक्ष्य में भव्य समारोह आयोजित कर उन्हें अभिनंदन सह भावपूर्ण विदाई दी गई। वहीं नये पदस्थापित कुणाल कृष्णा का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्रकान्त कुमार मुन्ना और संचालन भाजपा नेता सह सद्भावना समिति के मिडिया प्रभारी सिकन्दर सिंह ने किया। जबकि सिकन्दर सिंह ने कहा कि सुबोध कुमार नासरीगंज थाना में पदस्थापित अपने अल्पकालिन समय में हीं अपने कार्य से सबका दिल जितने का काम किया और सबको एकसूत्र में बांधकर चलने का जो काम किया है, वही काम अब वर्तमान अंचल पुलिस निरीक्षक के लिए नजीर होगा।समारोह में उपस्थित लोगों ने अंगवस्त्र, फुलमाला और गुलदस्ता देकर सम्मानि किया और सभी लोगों की ओर से उपहार भेंट की गई। अंचल पुलिस निरीक्षक सुबोध कुमार को आयोजन समिति की ओर से सामुहिक रूप से अंगवस्त्र गुलदस्ता और श्रीराम मंदिर का मोमेंटो भेंट किया। मौके पर अंचलाधिकारी अमित कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी राकेश कुमार, इंस्पेक्टर कुणाल कृष्णा, थाना अध्यक्ष अमित कुमार, सद्भावना समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, नितेश कुमार, मुकेश कुमार, रौशन कुमार, मोहित कुमार, अमित चन्द्रबंशी आदि अन्य अन्य लोग उपस्थित थे।

### नशे की हालत में शराबी गिरफ्तार

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थाना के चनवथ गांव से पुलिस ने एक नशेड़ी को जेल भेजा। गिरफ्तार नशेड़ी चनवथ निवासी धीरेंद्र यादव उर्फ लड्डू यादव है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष नन्दु कुमार ने बताया कि उक्त नशेड़ी शराब के नशे में पत्नी और घरवालों के साथ मारपीट कर रहा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा मिलते ही पुलिस नशेड़ी को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच द्वारा अल्कोहल की पुष्टि होने के बाद नशेड़ी को कोर्ट अभिरक्षा में भेज दिया।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैंकों का थानाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

नावानगर (बक्सर) बैंकों का सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने पुलिस टीम के साथ प्रखंड क्षेत्र के नावानगर व केसठ सहित 8 बैंकों का निरीक्षण किया। वहीं दो सीएसपी ग्राहक सेवा केंद्र जो पीएनबी एवं स्टेट बैंक से संचालित है। साथ ही पीएनबी बैंक नावानगर, कॉपरेटिव बैंक नावानगर, रूपसागर और केसठ का दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, बंधन बैंक पहुच कर शाखा प्रबंधक से मिल कर तथा बैंक का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिसके तहत उन्होंने सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि बैंको के कैश काउंटर पर भीड़ को देख बैंक कैशियर संदिग्ध व्यक्ति व ग्राहक के प्रति तत्काल सूचना दे। जबकि आपातकाल स्तिथी में बैंको से बजाए जाने वाले सायरन का जायजा भी लिया गया। मौके पर डीएपी के पुलिस जवान भी मौजूद थे।

### चौकीदारों को थानाध्यक्ष ने दिया दिशा- निर्देश

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने थाना क्षेत्र के सभी चौकीदारों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने चौकीदारों से परिचय करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया कि चौकीदारों का क्राइम कंट्रोल करने में सबसे ज्यादा भूमिका होती है। यदि चौकीदार सजग रहे तो कोई भी आपराधिक घटना क्षेत्र में नहीं होगी। जो अपने क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में सक्षम है। थानाध्यक्ष ने चौकीदारों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में अपराधियों पर नजर रखे तथा इसकी सूचना थाना को दे। क्षेत्र में शराब बेचने वालों पर कड़ी नजर रखें एवं इसकी सूचना अविलंब दे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी चौकीदार रात में अपने अपने क्षेत्र में गस्ती करेंगे। इसके अलावा वह बैंक के आसपास भी नजर रखेंगे।

### पुलिस 10 लीटर शराब किया जब्त, महिला धंधेबाज फरार

नावानगर (बक्सर) बासुदेवा ओपी प्रभारी चुनमुन कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने आथर गांव में छापेमारी किया छापेमारी में 10 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ। वही कारोबारी तीजिया देवी पुलिस देख कर फरार हो गई इसकी पुष्टि करते हुए ओपी प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि आथर गांव में शराब का कारोबार हो रहा है। सूचना पर तत्काल छापेमारी किया गया जिसमे तीजिया देवी के घर के आगे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ महिला कारोबारी पुलिस देख कर फरार हो गई।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने दिया प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) प्रखंड में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने हेतु नियुक्त सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को बुधवार को काराकाट प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह की उपस्थिति में एक दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लोकसभा आम चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों, नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दिए जाने के अतिरिक्त उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया। प्रखंड में नियुक्त सभी नोडल अधिकारी को मतदान से पूर्व अपने-अपने क्षेत्रों का स्थलीय भ्रमण कर मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, फर्नीचर, मतदाता सूची, संचार आदि बेसिक सुविधाओं की पूरी जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मतदान स्थलों पर वल्नरेबिलिटी मैपिंग रिपोर्ट समय से उपलब्ध की जाए। वही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जाए। मतदान स्थलों पर मोबाइल नेटवर्क सुविधा, पहुंच मार्ग एवं सुगम रास्तों का निरीक्षण किया जाए। वही अतिसंवेदनशील मामला जैसे कोई ऐसे व्यक्ति जो आपने पक्ष मत देने का प्रलोभन या कोई लालच देने की बात हो तो उसे तत्कालीन तस्वीरों के साथ सीवी ऐप्प पर उसकी जानकारी दिया जाए जो कि सीधी निर्वाचन आयोग तक जाएगी। वही निर्वाचन क्षेत्र में आम लोगों को नए मतदान स्थलों, परिवर्तित मतदान स्थलों और ईवीएम पर मतदान की जानकारी भी दी जाए। आदर्श आचार संहिता के नोडल अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने नियुक्त सभी मजिस्ट्रेटों को अपने क्षेत्रों में मतदान से पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद मजिस्ट्रेट के कर्तव्य एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए अपने क्षेत्रों में आदर्श आचार संहित का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय से मतदेय स्थलों का अच्छी तरह से निरीक्षण कर मतदान स्थलों के निकट स्वास्थ्य एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर प्रशिक्षक संजय सिंह, लाल मोहर राम, काशीनाथ राम, अजमल अंसारी, मनोज कुमार, सुदर्शन सिंह, एसआई अंजली कुमारी, एएसआई संजय ठाकुर, एएसआई जे जे वर्मा, एएसआई महेंद्र उरांव, एएसआई रफीक खान, एएसआई संजीव कुमार, एएसआई शांति टीका सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अजीत पवार को घड़ी छाप केंद्रीय चुनाव आयोग ने दी मान्यता

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। केंद्रीय चुनाव आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार को ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी घड़ी छाप केंद्रीय चुनाव आयोग ने आज मान्यता दे दिया है, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश मुख्य प्रवक्ता आशुतोष सिंह :ने बयान जारी कर बताया कि दिल्ली केंद्रीय कार्यालय एनसीपी के राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित दादा पवार राष्ट्रीय अध्यक्ष को ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय चुनाव आयोग ने माना है तथा केंद्रीय चुनाव आयोग अजित दादा पवार वाला पार्टी को ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का मानता दिया है और अजित दादा पवार को ही घड़ी छाप दिया गया है, केंद्रीय चुनाव आयोग ने, चुनाव आयोग द्वारा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मानता मिलने के बाद बिहार प्रदेश अध्यक्ष राहत कादरी, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुख्य प्रवक्ता बिहार प्रदेश आशुतोष सिंह ने सभी केंद्रीय नेतृत्व अजीत दादा पवार राष्ट्रीय अध्यक्ष, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, केंद्रीय महासचिव के के शर्मा, केंद्रीय राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह को बहुत-बहुत बधाई धन्यवाद दिया है।

# लूटकांड के तीन अपराधियों को पुलिस ने दबोच भेजा जेल

## फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल के नासरीगंज थाना क्षेत्र से लूट कांड के तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में बुधवार को बिक्रमगंज डीएसपी कुमार संजय ने अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि बीते रात्रि एक ट्रक चालक सीमेंट लदे हुए अपने ट्रक को इटिमहा बाजार पर लगाकर सोया हुआ था। इसी दौरान करीब 12 बजकर 15 मिनट पर तीन बाइक पर सवार 6 अपराधियों के द्वारा ट्रक का दरवाजा खोलने का प्रयास किया गया। जब ट्रक का दरवाजा नहीं खुला तो अपराधी ईट से गेट का शीशा तोड़कर ट्रक के केबिन में घुसने में सफल हुए और चालक के साथ मारपीट कर उसका पर्स छीन लिए जिसमें चालक के पर्स में 17 सौ रुपया रखा हुआ था और ड्राइवरी लाइसेंस के साथ अन्य रखे हुए आवश्यक कागजात भी छीन लिया। इसकी जानकारी चालक के द्वारा नासरीगंज थाने को दी गई जिसके आलोक में थाना कांड संख्या 47/24 दर्ज किया गया। इस घटना का जानकारी नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा बिक्रमगंज डीएसपी को दिया गया। जिसके आलोक में बिक्रमगंज डीएसपी कुमार संजय ने कांड का उदभेदन करने के लिए नासरीगंज थानाध्यक्ष एवं काराकाट थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का सफल उदभेदन किया गया। जिसके तहत लूट कांड की बाइक, मोबाइल, चालक अनुज्ञप्ति सहित 1700 रुपये के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही इसमें संलिप्त शेष बचे 3 अपराधकर्मियों की पहचान भी कर ली गई है जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में काराकाट थाना क्षेत्र के किशुनाथडीह निवासी 20 वर्षीय विशाल कुमार पिता-भरत सिंह, 22 वर्षीय विकाश कुमार पिता- ब्रम्हदेव सिंह तथा बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के आसकामिनी नगर निवासी 21 वर्षीय प्रिंस कुमार पिता प्रेमचन्द्र सिंह शामिल है। जिस लूटकांड में नसारीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार और काराकाट थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी के गठित पुलिस टीम के सराहनीय कार्य के लिए सभी को बधाई दी।


# विदाई सह अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



नासरीगंज (रोहतास) थाना अंचल पुलिस निरीक्षक सुबोध कुमार का पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रमोशन होने के उपलक्ष्य में भव्य समारोह आयोजित कर उन्हें अभिनंदन सह भावपूर्ण विदाई दी गई। वहीं नये पदस्थापित कुणाल कृष्ण का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्रकान्त कुमार मुन्ना और संचालन भाजपा नेता सह सद्भावना समिति के मिडिया प्रभारी सिकन्दर सिंह ने किया। जबकि सिकन्दर सिंह ने कहा कि सुबोध कुमार नासरीगंज थाना में पदस्थापित अपने अल्पकालिन समय में हीं अपने कार्य से सबका दिल जितने का काम किया और सबको एकसूत्र में बांधकर चलने का जो काम किया है, वही काम अब वर्तमान अंचल पुलिस निरीक्षक के लिए नजीर होगा।समारोह में उपस्थित लोगों ने अंगवस्त्र, फुलमाला और गुलदस्ता देकर सम्मानि किया और सभी लोगों की ओर से उपहार भेंट की गई। अंचल पुलिस निरीक्षक सुबोध कुमार को आयोजन समिति की ओर से सामुहिक रूप से अंगवस्त्र गुलदस्ता और श्रीराम मंदिर का मोमेंटो भेंट किया। मौके पर अंचलाधिकारी अमित कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी राकेश कुमार, इंस्पेक्टर कुणाल कृष्णा, थाना अध्यक्ष अमित कुमार, सद्भावना समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, नितेश कुमार, मुकेश कुमार, रौशन कुमार, मोहित कुमार, अमित चन्द्रबंशी आदि अन्य अन्य लोग उपस्थित थे।


# निर्माणाधीन धडहर पम्प कैनाल से जून माह से किसानों को पानी होगा उपलब्ध

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। जिला पदाधिकारी सावन कुमार ने निर्माणाधीन धडहर पम्प कैनाल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में पाया गया कि पम्प मे 28-28 द सेट की चार मोटर अधिष्ठापित की गई है जिसका अभी टेस्टिंग नहीं किया गया। पम्प कैनाल का सिविल वर्क लगभग कम्पलीट हो गया है मैकेनिकल वर्क भी जल्द ही कम्पलीट होने की संभावना है। स्थल पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल भभुआ द्वारा बताया गया कि इसमें अभी 2.6 किलोमीटर आर सी सी लाइनिंग कैनाल का कार्य बाकी है जिसे जून माह तक पूर्ण कर अगले खरीफ मौसम में पानी की आपूर्ति की जा सकेगी। कार्यपालक अभियंता ने बताया गया कि इस पम्प के बन जाने से 2716 हेक्टेयर भूमि आच्छादित होगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, संबंधित सहायक अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बस के जोरदार टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

## स्कूल बस को पुलिस ने किया जब्त, कार्रवाई जारी

प्रात: किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के खैराडीह गांव के समीप तेज रफ्तार बस ने एक बाइक सवार शिक्षक में जोरदार टक्कर मार दी।

जिस सड़क दुर्घटना में शिक्षक की हो गई। मृतक शिक्षक की पहचान जिला के राजपुर थाना क्षेत्र के बकुलाखोह गांव निवासी भरत पाठक का 30 वर्षीय पुत्र पप्पू पाठक के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में मृतक शिक्षक के परिजन बबलू पांडे ने बताया कि शिक्षक पप्पू पाठक पड़डिया मध्य विद्यालय में कार्यरत थें। जो जिला मुख्यालय सासाराम में एक घर में रहकर विद्यालय में पढ़ाने के लिए आते जाते थे। वही बुधवार को सासाराम से पडडिया मध्य विद्यालय जाने के क्रम में सुबह करीब 9 बजे नोखा थाना क्षेत्र के मुख्य सड़क खैराडीह के समीप तेज रफ्तार बस ने इनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिस घटना में शिक्षक की मौत हो गई। दूसरी घटना की सूचना पर मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए कानूनी प्रक्रिया कर पोस्टमार्टम के लिए जिला सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना के संबंध में नोखा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि घटना को अंजाम देकर स्कूल बस चालक फरार हो गया है। लेकिन बस को पुलिस द्वारा जब्त कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई जारी कर दी गई है।

# रोहतास में अपराधी बेलगाम, एक व्यक्ति की गोली मारकर की हत्या

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास जिले में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद है। बैंक लूट, हत्या, छिनैती समेत तमाम अपराधिक घटनाएं जिले के लिए आम बात हो गई है। ऐसे में जिलेवासी सहमे हुए हैं तथा रोहतास पुलिस के खिलाफ लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। ताजा मामला सासाराम मुफस्सिल थानाक्षेत्र के डुमरिया गाँव से है। जहां मंगलवार की देर शाम अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान डुमरिया गाँव निवासी धर्मनाथ राम के रूप में हुई है। जिन्हें घायल अवस्था में ग्रामीणों की मदद से सासाराम सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया था। लेकिन ईलाज के दौरान हीं धर्मनाथ राम की मौत हो गई। वहीं घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि तकरीबन रात्रि के 8 बजे मुफस्सिल थाने को सूचना मिली कि डुमरिया गाँव में एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। घायल अवस्था में ग्रामीणों ने उन्हें ईलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। लेकिन ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल कुछ लोगों के नाम सामने आ रहे हैं तथा पुलिस हर बिंदुओं पर गहनता से जाँच कर रही है। वही इस घटना के बारे में परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि गाँव एक बारात आया हुआ था और गांव ही के एक शख्स के द्वारा तेज रफ्तार में गाड़ी लाया जा रहा था। गाड़ी की रफ्तार को कम करने के लिए कहने पर शख्स के द्वारा धर्मनाथ राम को गोली मार दी। वही इस मामले में भीम आर्मी के रोहतास जिला प्रभारी अमित पासवान ने रोहतास पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है उन्होंने कहा कि रोहतास में गरीब और दलित और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और दिन प्रतिदिन रोहतास में क्राइम का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है ऐसी स्थिति में रोहतास एसपी को भीम आर्मी के जिला प्रभारी अमित पासवान ने हटाने की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगे नहीं पूरी हुई तो रोहतास में आंदोलन किया जाएगा।

# नवोदय विद्यालय में दाखिला के लिए होगी वार्षिक परीक्षा

नावानगर (बक्सर) स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय में 11 कक्षा में प्रवेश हेतु वार्षिक प्रवेश परीक्षा होगी आयोजित। इसको लेकर जानकारी देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य कौशल कुमार ने अभ्यर्थियों को बताया कि वार्षिक प्रवेश परीक्षा 10 फरवरी दिन शनिवार को आयोजित की जायेगी।इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उक्त परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1:30 बजे तक होगी जो जवाहर नवोदय विद्यालय में ही आयोजित की जायेगी।साथ ही परीक्षार्थियों को निर्धारित समय सुबह 10 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की बात कही।वही परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र, पहचान पत्र, नीला एवं काला बॉल पॉइंट पेन लेकर आने की बात बताई।

वही प्राचार्य ने आगे बताया कि परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।साथ ही किसी भी तरह की असुविधा के लिए हेल्पलाइन दूरभाष नंबर 7004303019 उपलब्ध कराई। जिससे परीक्षार्थियों की सहायता की जायेगी।

# एसडीएम व डीएसपीओ ने सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान चलाया



बिक्रमगंज (रोहतास) बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे एसडीएम अनिल बसाक व डीएसपी कुमार संजय ने संयुक्त रूप से तेंदुनी चौक पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत अभियान चलाया। जहां बाईक व बड़े वाहन चलाने वाले चालको के साथ-साथ आने जाने वाले लोगो को भी सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। इसी कड़ी में तेंदुनी चौक पर एक ट्रक के नीचे एक बाइक सवार भी आ गया जो बाल-बाल दुर्घटना का शिकार होने से बच गया। वही प्रसाशन व स्थानीय लोगो के द्वारा काफी मशक्कत के बाद ट्रक के नीचे फंसे हुए बाइक को निकाला गया। इस दौरान यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले बाइक व बड़े वाहनों के चालको से जुमार्ना लगाते हुए ऑनलाइन चालान भी काटा गया तो दूसरी तरफ यातायात नियमो का पालन करने वाले चालको को एसडीएम अनिल बसाक व डीएसपी कुमार संजय के द्वारा गुलाब का फूल देते हुए सम्मानित भी किया।

# एसबीआई ने फ्लाईवायर के साथ साझेदारी की

प्रात: किरण संवाददाता

भारत के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने फ्लाईवायर कॉर्पोरेशन के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग से भारतीय छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक पाठ्यक्रों के लिए पेमेंट सिस्टम को बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है। साझेदारी का उद्देश्य पारंपरिक रूप से जटिल प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाना और एक निर्बाध और पूरी तरह से डिजिटल भुगतान अनुभव प्रदान करना है।

यह साझेदारी फ्लाईवायर तकनीक को सीधे बैंक के प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ती है, जिससे भारतीय छात्रों को उनके अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भुगतान के लिए एक उन्नत डिजिटल चेकआउट अनुभव मिलता है। आवेदन से लेकर ट्यूशन फीस तक, छात्र एसबीआई के नेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर तीन सरल चरणों के भीतर भारतीय रुपये में आसानी से लेनदेन पूरा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, संस्थानों को छात्रों के बारे में प्रासंगिक जानकारी स्वचालित रूप से हासिल हो जाएगी, जिससे सटीक और पहचान योग्य भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह साझेदारी डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक कदम है जो भारतीय रिजर्व बैंक की लिबरलाज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) दिशानिदेर्शो के साथ बढ़ी हुई पारदर्शिता और अनुपालन सुनिश्चित करती है, जिससे भारतीय निवासियों के लिए विदेशी लेनदेन सरल हो जाता है।यह साझेदारी वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिहाज से भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। भारतीय छात्र अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के प्रमुख चालक हैं, और यह संख्या दोगुनी होने की ओर अग्रसर है, यह देखते हुए कि 2024 तक भारतीय आउटबाउंड छात्र आबादी 1.8 मिलियन छात्रों तक पहुंच जाएगी, जिससे 75 बिलियन यूएस डॉलर से 85 बिलियन यूएस डॉलर के बीच पर्याप्त खर्च का अनुमान लगाया जाएगा। बाजार के फासले को पहचानते हुए, एसबीआई का लक्ष्य पारंपरिक कागज-आधारित भुगतान प्रक्रिया के लिए एक आधुनिक, कुशल समाधान प्रदान करने की दिशा में अग्रणी बनना है।

# चार शराबी एवं एक वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

कैमूर। जिला के रामपुर प्रखंड के बेलांव थाना अध्यक्ष अनीश कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे हैं समकालीन अभियान के दौरान चार शराबियों को अलग-अलग जगह से नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पियक्कड़ों में बेलांव थाना क्षेत्र के खरेंदा गांव निवासी कन्हैया राम के पुत्र प्रदीप कुमार, स्वर्गीय सोमारू राम के पुत्र लाल बाबूराम, बेलांव थाना क्षेत्र अकोढ़ी गांव निवासी स्वर्गीय शिवकुमार राम के पुत्र छठु राम, मोहनिया थाना क्षेत्र के डरवा गांव निवासी शिवनारायण राम के पुत्र अशोक राम। चारों को शराब सेवन मामले में मेडिकल जांच बाद पांचों को न्यायिक हिरासत भभुआ भेज दिया गया।

# डीआईजी ने किया औचक निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास। खबर रोहतास जिले के सासाराम से है। जहां शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी नवीन चंद्र झा ने बुधवार को सासाराम अनुमंडल पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के संदर्भ में जानकारी देते हुए डीआईजी ने बताया कि यह एक रूटिंग वार्षिक निरीक्षण था। जिसके तहत पुलिस पदाधिकारीयों को पेंडिंग केसेस, सुपरविजन एवं उससे संबंधित कमीयों को दूर करने के लिए निर्देशित किया गया है। पाक्सो, रेप एवं अन्य मामलों के निष्पादन के लिए 60 दिनों की समय सीमा निर्धारित की गई है तथा सभी थानाध्यक्षों को आवेदक एवं शिकायतकर्ता के साथ बेहतर व्यवहार रखने के लिए कहा गया है। वहीं शहर में लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं पर खेद व्यक्त करते हुए डीआईजी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक, एसडीपीओ एवं सभी थानाध्यक्षों को असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसका असर जल्द देखने को मिलेगा। साथ हीं अपराध के दृष्टिकोण से शाहाबाद प्रक्षेत्र के अन्य जिलों की तुलना के सवाल पर डीआईजी ने कहा कि सभी जिले चुनौती पूर्ण हैं। लेकिन कांडों के निष्पादन के मामले में रोहतास जिले की स्थिति बेहतर है। वार्षिक निरीक्षण के दौरान सदर एसडीपीओ दिलीप कुमार, नगर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन राय, मुफस्सिल थानाध्यक्ष धनंजय कुमार निर्दोष, धौढाड ओपीध्यक्ष जयराम शुक्ला सहित सासाराम अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# बाबू जगदेव प्रसाद की 102 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता



नुआवं। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामकृष्ण नगर लोहिया जगदेव इंटर कॉलेज के प्रांगण में अमर शहीद जगदेव प्रसाद जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता रामजी मौर्य एवं संचालन डॉ राकेश मौर्य के द्वारा किया गया जयंती समारोह के उद्घाटनकर्ता सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग बिहार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विरेन्द्र सिंह ने कहा कि बाबू के दिये मार्गदर्शन पर चलने की जरूरत है। बाबू कहा करते थे। पहली पीढ़ी मरेगा दुसरी पीढ़ी जेल जाएगा तिसरी पीढ़ी राज करेगा। और बाबू ने अपने कर्तव्य पंथ पर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा आवाज बुलंद करते हुए शहीद हो गए। शोषित वंचित अशिक्षित 90% पिछड़ा वर्ग अपने अधिकार के लिए लड़ेगा जिस दिन शोषित पीड़ित वंचित का अधिकार मिलेगा वहीं जगदेव बाबू की संच्ची श्रद्धांजलि होगी।नुआवं मुख्य मार्ग स्थित अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सभी महानुभावों ने समारोह स्थल पर पहुंचकर उन्होंने जगदेव प्रसाद जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए नहीं थके मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री सह स्थानीय विधायक सुधाकर सिंह ने कहा कि जगदेव बाबू शोषित वंचित की आवाज उठाते उठाते शहीद हो गए।

# 2024 लोकसभा चुनाव स्वच्छ स्वतंत्र पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने को लेकर रणनीति पर बैठक संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। जिला निर्वाचन पदा०-सह-जिलाधिकारी कैमूर श्री सावन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री ललित मोहन शर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर लोक सभा आम निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निश्चित समय पर सम्पन्न कराने के लिए गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, एवं नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सभी अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव से संबंधित सभी कार्यो का निष्पादन प्राथमिकता के आधार करेंगे।जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/सभी थानाध्यक्ष/सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि 15 दिनों के भीतर अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी बूथों का भ्रमण निश्चित रूप से कर लेंगे।

जिले में कुल 1257 मतदान केंद्र बनाया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर जाने वाले संपर्क पथ की जांच कर उसे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया एवं कर्मियों के डाटा बेस, पोलिंग पार्टी, सेक्टर पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, चुनाव कार्य में लगने वाले वाहनों के आंकलन, डिस्पैच सेंटर स्थल को चिन्हित एवं स्थल का निरीक्षण तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्य आदि चुनाव संबंधित तैयारी समय पर कराने एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बूथवार 107 की कार्रवाई अभी से करना शुरू करें। कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर शीघ्र समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा प्रेषित हैंडबुक एवं चेक लिस्ट का गहन अवलोकन करने हेतु सभी ए० आर०ओ० को निर्देश दिया।लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को सफल संचालन के लिए 21 कोषांगों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा गठन किया गया जिसमें से मुख्य कोषांग-कार्मिक प्रबंधन कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री प्रबंधन कोषांग, वाहन प्रबंधन कोषांग, जिला संचार योजना एवं कंप्यूटराइजेशन कोषांग, स्वीप कोषांग, विधि व्यवस्था प्रबंधन कोषांग, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, मतपत्र/ पोस्टल वैलेट पेपर प्रिंटिंग एवं फैसिलिटेशन कोषांग, मीडिया कोषांग कोषांग, बजगृह प्रबंधन कोषांग, कार्मिक कल्याण प्रबंधन एवं ए एम एफ कोषांग, आईटी प्रबंधन कोषांग एवं वीडियो ग्राफी प्रबंधन कोषांग का गठन किया गया है।

सभी कोषांगों में वरीय प्रभारी पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी के साथ लिपिक और अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति आवश्यकता के अनुरूप की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदान के पूर्व, मतदान के समय तथा मतदान के बाद सम्पन्न होने वाली क्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित अधिकारियों को दिया। सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने कोषांगों के लिए सामग्रियों का आकलन कर निर्वाचन शाखा को ससमय मांग पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे एवं सभी नोडल पदाधिकारी अपने-अपने कोषांग के अधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे।चुनाव आयोग द्वारा प्रेषित पत्रों का प्रतिवेदन ससमय समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीसीएलआर, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, आईटी मैनेजर, डी ई ओ, एन आई सी, तथा संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 08 फरवरी, 2024





# आमिर ने अपकमिंग फिल्म की शूटिंग शुरू की

फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद फिल्म इंडस्ट्री से दूरी बना ली थी। अब लंबे समय के बाद वो वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने खुद इस बात की जानकारी दी है। उनका कहना है कि वो अपकमिंग फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हाल में आमिर खान ने एक्स वाइफ किरण राव के साथ इंटरव्यू में पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की। जब आमिर से इतने लंबे ब्रेक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा- मैंने यह शॉर्ट ब्रेक इसलिए लिया था क्योंकि मैं परिवार के साथ वक्त बिताना चाहता था। मैं पिछले कई सालों से काम में बहुत बिजी था। मैंने पिछले 2 सालों बहुत इंजॉय किया है। मैंने अपने परिवार के साथ बहुत समय बिताया और सभी के साथ एक मजबूत बॉन्ड बनाने की कोशिश की है। प्रोफेशनल करियर के बारे में उन्होंने कहा कि वो अब काम करने के लिए तैयार हैं और 1 फरवरी से अपकमिंग फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।

## जैसे पहले काम करता था, वैसे ही करूंगा

आमिर खान ने आगे कहा- जो कहानी मुझे पसंद आती है मैं वो करता हूं। जैसा मैं पहला काम कर रहा था वैसा ही करूंगा। जो चीज मेरे दिल को छू लेगी मैं करना चाहूंगा। उन्होंने अलग-अलग जॉनर में काम करने की इच्छा भी व्यक्त की। इंटरव्यू के दौरान आमिर से पूछा गया कि क्या वो रोमांटिक रोल में देखे जा सकते हैं? जवाब में उन्होंने कहा- इस ऐज के हिसाब से सही कहानी मिलेगी और उस किरदार में फिट रहा, तो बिल्कुल करूंगा। वैसे इस उम्र में रोमांस थोड़ा नॉर्मल हो जाता है।



# आईपीएस ऑफिसर के रोल में नजर आएंगी अदा शर्मा

'द केरला स्टोरी' फेम एक्ट्रेस अदा शर्मा की अगली फिल्म 'बस्तर- द नक्सल स्टोरी' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म में अदा आईपीएस ऑफिसर नीरजा माधवन के रोल में नजर आ रही हैं जो नक्सलियों के खिलाफ युद्ध छेड़ चुकी हैं।

नक्सलियों ने हमारे 15 हजार जवानों की हत्या की फिल्म के इस टीजर में आईपीएस नीरजा नक्सलियों पर बात करती नजर आईं। अपने ऑफिस में सोल्जर एट वॉर लुक में बैठीं नीरजा कहती हैं, 'पाकिस्तान से हुए हमारे 4 युद्ध में हमारे 8 हजार 738 जवान शहीद हुए, लेकिन क्या आपको पता है कि हमारे देश के अंदर ही नक्सलियों ने हमारे 15 हजार जवानों की हत्या की है?'

टीजर में नीरजा जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी पर भी बात करती हैं। वो कहती हैं, 'बस्तर में हमारे 76 जवानों को नक्सलियों ने बड़ी क्रूरता से मारा था और तब इसका जश्न मनाया गया। सोचिए हमारी देश की इतनी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी हमारे जवानों की शहादत पर जश्न मनाती है। कहां से आती है ऐसी सोच? बस्तर में भारत के टुकड़े करने की साजिश कर रहे हैं ये नक्सली और उनका साथ दे रहे हैं बड़े शहरों में बैठे ये लेफ्ट, लिबरल, सूडो इंटेलेक्चुअल्स। इन वामपंथियों को सड़क पर खड़ा कर सरे आम गोली मार दूंगी.. चढ़ा देना फांसी पर..।' अदा के अलावा फिल्म में इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, यशपाल शर्मा, राइमा सेन और शिल्पा शुक्ला जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। इस फिल्म को सुदीप्तो सेन ने डायरेक्ट किया है और विपुल शाह इसके प्रोड्यूसर हैं। अदा, सुदीप्तो और विपुल ने इससे पहले 'द केरला स्टोरी' पर साथ काम किया था। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह फिल्म 15 मार्च को थिएटर्स में रिलीज होगी।






# एमी पुरस्कार विजेता रिची मेहता की सीरीज पोचर से जुड़ीं आलिया

एमी पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता रिची मेहता इन दिनों अपनी आगामी सीरीज पोचर को लेकर चर्चा में हैं। यह सीरीज हाथी दांत के सबसे बड़े शिकार गिरोह पर आधारित है। पोचर को रिची मेहता और क्यूसी एंटरटेनमेंट बना रहे हैं। इसके अलावा नई अपडेट ये है कि अमेजन प्राइम वीडियो की इस सीरीज से अभिनेत्री आलिया भट्ट भी बतौर प्रोड्यूसर इस सीरीज से जुड़ गई हैं। आज अमेजन प्राइम वीडियो ने सीरीज के साथ आलिया के जुड़ने का एलान किया है। आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा कर ये जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि पोचर से आलिया भट्ट बौतर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर जुड़ी हैं। यह ऑरिजनल क्राइम सीरीज 23 फरवरी को रिलीज होने जा रही है। पोचर सच्ची घटनाओं पर आधारित एक क्राइम सीरीज है। यह भारतीय इतिहास में हाथी दांत के सबसे बड़े शिकारी गिरोह पर आधारित होगी। एमी अवॉर्ड विजेता फिल्म निर्माता रिची मेहता ने इस सीरीज को लिखा है। निर्देशन और निर्माण भी वही कर रहे हैं। इसमें निमिषा सजयन, रोशन मैथ्यू और दिब्येंदु भट्टाचार्य जैसे सितारे अहम किरदारों में नजर आएंगे। भारत के अलावा ये सीरीज अलग-अलग भाषाओं में दुनियाभर के 240 से अधिक देशों और इलाकों में स्ट्रीम होगी।

## आलिया ने जताई खुशी

अपनी प्रोडक्शन कंपनी इटरनल सनशाइन के जरिए आलिया बतौर एग्जीक्यूटिव निर्माता इस सीरीज का हिस्सा बनी हैं। सीरीज से जुड़ने पर आलिया भट्ट ने खुशी जताते हुए कहा, इस बेहद महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे और मेरे प्रोडक्शन हाउस इटरनल सनशाइन की पूरी टीम के लिए बहुत सम्मान की बात है। रिची की ये सीरीज बहुत ही अहम मुद्दे पर है। इसकी कहानी ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। जब मुझे मालूम चला कि ये सच्ची घटना पर आधारित है तो हैरान रह गई। उम्मीद है कि पोचर के जरिए लोग सच्चाई से रूबरू होंगे।

# पर्दे पर फिर जमेगी राम चरण-सामंथा की जोड़ी



सामंथा रुथ प्रभु और राम चरण वर्ष 2018 में आई पीरियड एक्शन फिल्म रंगस्थलम में साथ काम कर चुके हैं। यह फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया था, जिन्होंने पुष्पा भी निर्देशित की है। राम चरण चर्चित सितारों में शुमार हैं। फिलहाल वे अपनी अगली फिल्म गेम चेंजर पर काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन एस शंकर ने किया है। इस फिल्म के साथ एस शंकर तेलुगु फिल्म निर्देशन में डेब्यू कर रहे हैं। इसके अलावा राम चरण निर्देशक बुच्ची बाबू सना की फिल्म में भी नजर आएंगे। हालांकि, अभी इस फिल्म का नाम तय नहीं है और इसे फिलहाल आरसी16 कहा जा रहा है। जब से आरसी16 का एलान हुआ है, तब से इस पर खूब चर्चा चल रही है। हालिया खबरों के मुताबिक इस फिल्म में राम चरण के साथ-साथ सामंथा रुथ प्रभु भी अहम किरदार अदा करने वाली हैं। हालांकि, आधिकारिक रूप से ऐसी कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इसे लेकर सिर्फ अटकलें ही हैं। अगर फिल्म में राम चरण के साथ सामंथा नजर आती हैं तो ये दोनों की साथ में ये दूसरी खबर होगी।

## चार साल से कर रहे स्क्रिप्ट पर काम

इससे पहले सामंथा रुथ प्रभु और राम चरण वर्ष 2018 में आई पीरियड एक्शन फिल्म रंगस्थलम में साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया था, जिन्होंने पुष्पा भी निर्देशित की है। अभी आरसी 16 से जुड़ी जानकारियों को गुप्त रखा गया है। कहा जा रहा है कि ये एक रुरल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म होगी। ये फिल्म कबड्डी खेल पर आधारित होगी। एक बातचीत में निर्देशक बुच्ची बाबू सना ये कह चुके हैं कि वे करीब चार साल से इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित होगी।



# राम माधवानी ने मेरे अंदर छिपी खास कला को ढूंढा, जिसके बारे में मुझे खुद नहीं पता था

एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने निर्देशक राम माधवानी के साथ काम करने पर खुशी व्यक्त की और साझा किया कि कैसे राम माधवानी ने उनके अंदर छिपी खास कला को खोजा, जिनके बारे में उन्हें खुद भी नहीं पता था। सुष्मिता राम माधवानी की क्राइम थ्रिलर सीरीज आर्या में मुख्य भूमिका में नजर आ रही हैं। नीरजा के निर्देशक के साथ काम करने के बारे में जानकारी साझा करते हुए सुष्मिता ने कहा, राम माधवानी के साथ काम करना हमेशा आनंददायक होता है। मैं वास्तव में उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करती हूं। उन्होंने सीधी-साधी आर्या को जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम व्यक्ति के रूप में बदल दिया। पूर्व मिस यूनिवर्स ने कहा, ऑफ-स्क्रीन, राम ने मेरे भीतर उस कला को खोजा है, जिनके बारे में मैं कभी खुद भी नहीं जानती थी। मुझ पर उनका भरोसा अविश्वसनीय है, उन्होंने मुझसे पहले ही मुझमें आर्या को देख लिया था। सुष्मिता ने आगे कहा, आर्या अंतिम वार के लिए, राम और मैंने आर्या के किरदार को समझा। जब उन्होंने मुझसे उस किरदार में ढलने के लिए कहा, तो मैंने उनकी बात मानी और ठीक वैसे ही किया। आप स्क्रीन पर दर्द और गुस्सा देख सकते हैं, यह सब राम के मार्गदर्शन के कारण हुआ।





# ड्रीम गर्ल बन दिलों पर राज करने को तैयार करिश्मा कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर जल्द ही मर्डर मुबारक के साथ अपना कमबैक करेंगी। सस्पेंस, कॉमेडी और रोमांस से भरपूर ये फिल्म 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। आज नेटफ्लिक्स ने एक वीडियो साझा कर मर्डर मुबारक की घोषणा की है। निर्देशक होमी अदजानिया ने इसे निर्देशित किया है। मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा। मर्डर मुबारक अनुजा चौहान की किताब क्लब यू टू डेथ का स्क्रीन रूपांतरण है। मेकर्स आज फिल्म का एक वीडियो साझा किया है। यह वीडियो बेहद ही रोचक है। इसे देखने के बाद फिल्म का देखने का उत्साह और बढ़ गया है। करिश्मा कपूर के सथ इसमें इसमें सारा अली खान, विजय वर्मा, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा और सुहैल नैय्यर जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। ये सभी कलाकार फिल्म में कुशलतापूर्वक अपने किरदारों के गुप्त उद्देश्यों को छिपाते हैं। वहीं, पंकज त्रिपाठी भी इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे, जो एक गैर-पारंपरिक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे।

# 'द बुल' के लिए सलमान ने किया फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन

सलमान खान की अगली फिल्म 'द बुल' है। इसमें वो ब्रिगेडियर फरूख बुलसारा के रोल में नजर आएंगे। सुनने में आया था कि सलमान इस फिल्म के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन कर रहे हैं। अब एक्टर की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं जिसमें वो एक दम फिट नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को देखकर कहा जा सकता है कि सलमान ने 'द बुल' के लिए काफी मेहनत की है। वो इस फिल्म के लिए खास ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। इन तस्वीरों को देखकर कहा जा सकता है कि सलमान ने 'द बुल' के लिए काफी मेहनत की है। वो इस फिल्म के लिए खास ट्रेनिंग भी ले रहे हैं।

हाल ही में एक फैन कपल ने सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट विजिट किया। इस दौरान उन्होंने सलमान और उनके पिता सलीम खान से मुलाकात की। फैन ने अपने फैमिली मेंबर्स से वीडियो कॉल पर सलमान की बात भी करवाई। अब इस मुलाकात की फोटोज और वीडियोज वायरल है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो बुलसारा का किरदार निभाने के लिए सलमान रोजाना साढ़े 3 घंटे की हार्डकोर ट्रेनिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी डाइट में भी चेंज किया है।

## 25 साल बाद साथ काम करेंगे सलमान-करण

'द बुल' को करण जौहर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए वो और सलमान 25 साल बाद साथ काम करने जा रहे हैं। फिल्म की टीम पिछले साल 28 दिसंबर को मुंबई के फिल्मसिटी में मुहूर्त के लिए इकट्ठी हुई थी। इस दौरान यह कन्फर्म किया गया था कि फिल्म फरवरी 2024 में फ्लोर पर जाएगी। दो महीने के लिए पोस्टपोन हो चुकी है एक रिपोर्ट की मानें तो डायरेक्टर विष्णुवर्धन के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग दो महीने के लिए पोस्टपोन हो गई है। ऐसा इंडिया और मालदीव के बीच चल रहे विवाद के चलते हुआ है।

## 1988 में हुए ऑपरेशन कैक्टस पर बेस्ड है 'द बुल'

'द बुल' की कहानी 1988 में हुए फेमस ऑपरेशन कैक्टस पर बेस्ड है। यह ऑपरेशन इंडियन आर्मी ने मालदीव को टैरर अटैक से बचाने के लिए किया था।

इस ऑपरेशन को ब्रिगेडियर फरूख बुलसारा ने लीड किया था। फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो, 'करण, विष्णु और सलमान को इस फिल्म का स्क्रीनप्ले तय करने में अभी थोड़ा और वक्त लगेगा।

मेकर्स इसे मालदीव में ही शूट करना चाहते थे पर अब वो अपनी स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव कर रहे हैं। साथ ही भारत-मालदीव के बीच रिश्ते सुधरने का इंतजार कर रहे हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### टाटा का मार्केट कैप 30 लाख करोड़ के पार

#### दूर-दूर तक टक्कर में नहीं हैं अंबानी-अडानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की दिग्गज कारोबारी घराने टाटा ग्रुप का मार्केट कैप 30 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। पहली बार देश का कोई कारोबारी घराना इस मुकाम पर पहुंचा है। टाटा ग्रुप का मार्केट कैप 30.4 लाख करोड़ रुपये पहुंच चुका है। दूर–दूर तक कोई इसके आसपास भी नहीं है। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस ग्रुप का मार्केट कैप 21.6 लाख करोड़ रुपये है। गौतम अडानी के



अडानी ग्रुप का मार्केट कैप 15.6 लाख करोड़ रुपये है। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर एचडीएफसी ग्रुप है। इस ग्रुप का मार्केट कैप 13 लाख करोड़ रुपये है। बजाज ग्रुप भी 10 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ देश के टॉप पांच कारोबारी घरानों में शामिल हैं। टाटा ग्रुप की 25 लिस्टेड कंपनियां हैं। मार्केट के कुल मार्केट कैप में 80 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी केवल पांच कंपनियों की है। ग्रुप की सबसे वैल्यूएबल कंपनी टीसीएस है जिसका मार्केट कैप 15.1 लाख करोड़ रुपये है। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद देश की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। टाटा ग्रुप में टीसीएस के बाद टाटा मोटर्स दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। इसका मार्केट कैप 3.4 लाख करोड़ रुपये है। यह देश की सबसे वैल्यूएबल ऑटो कंपनी है। टाटा ग्रुप में मार्केट कैप के हिसाब से टाइटन तीसरे नंबर पर है। इसका मार्केट कैप 3.2 लाख करोड़ रुपये है। टाटा स्टील 1.8 लाख करोड़ रुपये के साथ चौथे और टाटा पावर 1.3 लाख करोड़ रुपये के साथ पांचवें नंबर पर है।

### एयर बैग में खराबी के कारण होंडा ने वापस मंगाए 750,000 अमेरिकी वाहन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** होंडा मोटर कंपनी ने मंगलवार को कहा कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका में एयर बैग में खराबी के कारण 750,000 वाहनों को वापस बुला रही है जो दुर्घटना के दौरान अनजाने में खुल सकते हैं। रिकॉल में 2020–2022 मॉडल वर्षों के कुछ होंडा पायलट, एकॉर्ड, सिविक वाहन और 2020 और 2021 मॉडल वर्षों के कुछ होंडा सीआर–वी वाहन शामिल हैं।

होंडा ने सुरक्षा नियामक के पास दायर एक बयान में कहा कि उसके पास 3,834 वारंटी दावे थे और जून 2020 के बाद से रिकॉल मुद्दे से संबंधित चोटों या मौतों की कोई रिपोर्ट नहीं थी। गौरतलब है कि टोयोटा मोटर ने दिसंबर में दुनिया भर से 1.12 मिलियन वाहनों को वापस बुलाया क्योंकि सेंसर में शॉर्ट सर्किट के कारण एयर बैग डिजाइन के अनुसार खुल नहीं सके। इसके अलावा दिसंबर में होंडा ने ईंधन पंप विफलता के जोखिमों के कारण दुनिया भर में 4.5 मिलियन वाहनों को वापस बुलाया जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका में 2.54 मिलियन वाहन शामिल थे।

# लहसुन की कीमतें छू रहीं आसमान

## बढ़कर 600 रुपये किलो तक पहुंचा भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** थोक और खुदरा बाजारों में लहसुन की कीमतें आसमान छू रही हैं। देश के कई शहरों में एक किलो लहसुन की कीमत 600 रुपये तक पहुंच गई है। हालांकि, व्यापारियों का कहना है कि एक महीने में स्थिति सामान्य हो जाएगी। लहसुन की कीमतों में उछाल की वजह से लोग इसकी खरीदारी में कटौती कर रहे हैं। कम उपज और कमजोर सप्लाई की वजह से लहसुन की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है।

### थोक मंडियों में आज के भाव

कमोडिटी ऑनलाइन के मुताबिक बुधवार को थोक मंडियों में लहसुन की औसत कीमत 7275 रुपये प्रति क्विंटल है। इसकी अधिकतम औसत कीमत 8200 और न्यूनतम 6400 रुपये प्रति क्विंटल है। बुलंदशहर के गुलावती मंडी में देसी लहसुन बुधवार को 8000 से 8200 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है। लखनऊ में यह 14000 से 17000 रुपये प्रति क्विंटल है। लहसुन की बढ़ती कीमतों की वजह से खुदरा बाजार में भी स्थिति गंभीर हो गयी है। वाशी के एक खुदरा विक्रेता देवदास शिंदे ने एचटी से कहा कि खुदरा कीमत पिछले सप्ताह 280-300 प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 520-600 प्रति किलोग्राम हो गई है। ग्राहक खरीदारी नहीं कर रहे हैं। वे केवल कीमत पूछते हैं। एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले सप्ताह लहसुन



की कीमत 140 प्रति किलोग्राम थी, अब वाशी थोक बाजार में इसकी कीमत 350-375 प्रति किलोग्राम है। इसी मंडी से मुंबई महानगर क्षेत्र को लहसुन की सप्लाई की जाती है।

बाजार के थोक विक्रेता सूर्यकांत घोडेकर के अनुसार, बाजार में सप्लाई पर्याप्त नहीं है। गुजरात से स्टॉक खत्म हो रहा है और कुछ स्टॉक मध्य प्रदेश से आ रहा है। पूरे देश में इसकी कमी है। तेजी कब तक रहेगी के सवाल पर उन्होंने बताया कि कम से कम 15 दिनों तक स्थिति कठिन रहेगी। तब तक कीमत 200 रुपये प्रति किलो से नीचे नहीं जाएगी। स्थिति को पूरी तरह सामान्य होने में कम से कम एक महीना लगेगा, क्योंकि तब तक नया स्टॉक भरपूर मात्रा में आ जाएगा।

# शेयर बांटने की तैयारी में केनरा बैंक

## ऐलान के बाद रॉकेट बने बैंक के शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केनरा बैंक के शेयरों में बुधवार को तूफानी तेजी आई है। केनरा बैंक के शेयर 5 पर्सेंट से अधिक कीतेजी के साथ 550.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। सरकारी बैंक के शेयरों ने बुधवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। केनरा बैंक के शेयरों में यह ताबड़तोड़ तेजी एक बड़े ऐलान के बाद आई है। केनरा बैंक ने शेयर बांटने पर विचार करने का ऐलान किया है। केनरा बैंक के शेयर मंगलवार को 521.25 रुपये पर बंद हुए थे। बैंक के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 268.85 रुपये है।

### शेयर बांटने पर 26 फरवरी को फैसला




केनरा बैंक ने बुधवार को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 26 फरवरी 2024 को मीटिंग होनी है। इस बैठक में केनरा बैंक का बोर्ड शेयर बांटने (स्टॉक स्प्लिट) के प्रपोजल पर विचार करेगा। केनरा बैंक ने बताया है कि इनसाइडर ट्रेडिंग पर सेबी के रेगुलेशंस को ध्यान में रखते हुए बैंक के डायरेक्टर्स, डेजिगनेटेड पर्सन्स, उनके रिश्तेदार और बैंक के साथ जुड़े लोगों के लिए 7 से 28 फरवरी 2024 तक के लिए ट्रेडिंग विंडो बंद रहेगी।

**एक साल में 87 प्रतिशत चढ़ गए बैंक के शेयर–** केनरा बैंक के शेयर पिछले एक साल में 87 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। सरकारी बैंक के शेयर 7 फरवरी 2023 को 294.65 रुपये पर थे। केनरा बैंक के शेयर 7 फरवरी 2024 को 550.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 6 महीने में केनरा बैंक के शेयरों में 68 पर्सेंट का उछाल आया है। केनरा बैंक को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 3656 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। बैंक के मुनाफे में 26.87 पर्सेंट का उछाल आया है। पिछले साल की समान अवधि में केनरा बैंक को 2881.5 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। दिसंबर 2023 तिमाही में बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 9.5 पर्सेंट बढ़कर 9417 करोड़ रुपये रही है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 8600 करोड़ रुपये थी।

# सोना 150 रुपये टूटा, चांदी 600 रुपये लुढ़की



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में मंदी के संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव 150 रुपये की गिरावट के साथ 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इससे पिछले करोबारी सेशन के दौरान सोना 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

इस दौरान चांदी की कीमत भी 600 रुपये की गिरावट के साथ 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिसमें) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 150 रुपये की गिरावट के साथ 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी गिरावट के साथ क्रमशः 2,022 डॉलर प्रति औंस और 22.32 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार करते दिखे।

# डाबर च्यवनप्राश ने लॉन्च किया 'साइंस इन एक्शन' अवेयरनैस कैंपेन

**भोपाल।** भारत की प्रमुख विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को आयुर्वेद के फायदों और सेहतमंद जीवनशैली के बारे में जागरुक बनाने के लिए जागरुकता अभियान 'साइंस इन एक्शन' की शुरूआत की है। यह कैंपेन आयुर्वेद के संबंध में वैज्ञानिक रूप से जांचे गए तथ्यों के बारे में बताएगा, ताकि परिवार सोच-समझ कर अपने रोज़मर्रा के विकल्पों को चुन सकें और स्वस्थ रह सकें। इस अभियान के तहत डाबर, जाने-माने आयुर्वेदिक चिकित्सकों के साथ 22 शहरों के स्कूलों में सेमिनार का आयोजन भी करेगा। ये सत्र बच्चों को बताएंगे कि किस तरह आयुर्वेद उनके समग्र स्वास्थ्य को सनिश्चित कर उज्जवल भविष्य का निर्माण करने में योगदान दे सकता है।



इस अभियान के हिस्से के रूप में और भावी पीढ़ियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए, डाबर ने देश भर में बच्चों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल भी शुरू की है। इस पहल के तहत, डाबर च्यवनप्राश एक प्रसिद्ध डॉक्टर के साथ मिलकर बच्चों को बदलते मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस के कारण होने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित करेगा। इस अभियान को आज भोपाल में नालन्दा पब्लिक स्कूल के 250 से अधिक बच्चों के लिए आयोजित एक विशेष सत्र के साथ हरी झंडी दिखाई गई।

कैंपेन का लॉन्च करते हुए डाबर इंडिया लिमिटेड श्री ब्यास आनंद, प्रमुख सीएसआर और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन ने कहा, ''आज के दौर में सभी लोग अपने स्वास्थ्य और कल्याण का महत्व समझ रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए डाबर उन्हें विज्ञान पर आधारित जानकारी देकर परम्परा और आधुनिकता के बीच के अंतर को दूर करना चाहता है।

### सीताराम जिंदल को प्राकृतिक चिकित्सा और लोकोपकारी कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मभूषण से सम्मानित किया गया

बेंगलुरू एजेंसी। परोपकार एवं स्वास्थ्यसेवा के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम, डॉ. सीताराम जिंदल, को प्रतिष्ठित पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। इस खबर से पूरे भारत में खुशी की लहर फैल गई है। यह सम्मान उन्हें अभूतपूर्व परोपकारी कार्यों के लिए दिया गया है, खासकर प्राकृतिक चिकित्सा (नेचरक्योर) के क्षेत्र में। दवारहित चिकित्सा में डॉ. जिंदल का योगदान और जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट (जेएनआई) की स्थापना ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया है। 1932 में हरियाणा के नालवा गांव में जन्मे डॉ. जिंदल का प्राकृतिक चिकित्सा का कार्य विश्वविद्यालय के दिनों से ही शुरू हो गया था, जब उन्हें पेट की टीबी से जूझना पड़ा था।

ऐसा लग रहा था उनकी समस्या का कोई इलाज नहीं है, फिर उन्होंने एक छोटे-से प्राकृतिक चिकित्सा क्लीनिक में शरण ली। उपवास रखने, एनीमा और दूसरे अपारंपरिक तरीकों से उन्हें आराम महसूस होने लगा। इस बदलावकारी अनुभव की वजह से प्राकृतिक चिकित्सा और योग पर उनका गहरा विश्वास हो गया। एक व्यापक नैचुरोपैथी और योग अस्पताल खोलने की सोच से प्रेरित होकर डॉ. जिंदल ने साल 1977-79 में बेंगलुरू के बाहरी इलाके में एक बड़ी जमीन खरीदी। यहां से जेएनआई की नींव पड़ी, जोकि अनुसंधान विंग से परिपूर्ण था। इसे जिंदल एल्युमिनियम लिमिटेड (जेएएल) से काफी ज्यादा आर्थिक सहायता मिलती थी।

# टाटा मोटर्स ने पेश किया टर्बोट्रॉन 2.0 इंजन

## जो ट्रकिंग को बनाता है अधिक कुशल और विश्वसनीय




- तकनीकी रूप से उन्नत, 180-204 पीएस पावर नोड्स में उपलब्ध, 19-42 टन सेगमेंट में ट्रकों को देता है पाव

मुंबई, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज अपना तकनीकी रूप से उन्नत इंजन, टर्बोट्रॉन 2.0 पेश किया है। ट्रकिंग में उत्कृष्टता का एक नया मानक स्थापित करेगा। यह अत्यधिक ईंधन कुशल और विश्वसनीय इंजन है। इस बहुपयोगी इंजन को पूरी तरह से देश में ही बनाया गया है, और यह सभी श्रेणियों में कई प्रयोगों के लिए 19-42 टन रेंज में टाटा ट्रकों को शक्ति प्रदान करेगा। टर्बोट्रॉन 2.0 इंजन तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स, पार्सल और कूरियर सेगमेंट के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। इसके ग्राहकों से मिले फीडबैक के आधार पर उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह इंजन बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। साथ ही स्वामित्व की कुल लागत को कम करता है। इस इंजन के मजबूत प्रदर्शन के लिए इंजीनियर किया गया है। (टीसीओ)। इसके अलग-अलग ड्यूटी साइकिल और कठोर इलाकों में 30 लाख किमी से ज्यादा और कुल 70,000 घंटों तक के कठोरता परीक्षण के दौर से गुजारा गया है। टर्बोट्रॉन 2.0 इंजन में बीएस6 स्टेज 2 उत्सर्जन नियमों का पूरी तरह अनुपालन किया गया है। टर्बोट्रॉन 2.0, प्लेटफॉर्म-एग्नोस्टिक है और इसे सिग्ना, अल्ट्रा, एलपीटी और काउल प्लेटफॉर्म के साथ पेश किया गया है। यह 6 साल/6 लाख किमी की वारंटी के साथ आता है। कुशल और बहुपयोगी 5-लीटर टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन टर्बोट्रॉन 2.0 को 180-204 पीएस तक की कई रेंज में पेश किया गया है। इसकी बेहतर ड्राइविंग के लिए 700-850 एनएम की रेंज में एक फ्लैट टॉर्क कर्व प्रदान करने के लिए इंजीनियर किया गया है। लंबे तेल निकास और 1 लाख किमी के सर्विस इंटरवल की इसकी खासियत उच्च राजस्व जनरेट करने के लिए इसे लंबी अवधि तक काम करने की क्षमता देती है।

## एचडीएफसी बैंक ने स्व-रोज़गार कम्युनिटी के लिए बिजनेस क्रेडिट कार्ड रेंज के

# लॉन्च के साथ एसएमईपेमेंट सॉल्यूशंस का विस्तार किया

- बैंक के मौजूदा एसएमई पेमेंट सॉल्यूशंस की एक संपूर्ण नई रेंज
- इस रेंज के 4 वेरिएंट हैं- बिज़फर्स्ट, बिज़ग्रो, बिज़पावर और बिज़ब्लैक




**मुंबई, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, ने आज बिज़नेस मालिकों, उद्यमियों और फ्रीलांसरों के लिए कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड की बिजनेस रेंज के लॉन्च के साथ अपने एसएमई पेमेंट सॉल्यूशंस के विस्तार की घोषणा की।

क्रेडिट कार्ड 4 वेरिएंट में उपलब्ध होंगे - बिज़फर्स्ट, बिज़ग्रो, बिज़पावर और बिज़ब्लैक। बिज़नेस क्रेडिट कार्ड रेंज 55 दिनों का बेस्ट इन क्लास ब्याज-फ्री क्रेडिट साइकिल प्रदान करती है। इसमें क्रेडिटकार्ड धारक, विभिन्न सर्विसेज के बिल, जीएसटी, आयकर, विक्रेता भुगतान, बिज़नेस ट्रैवल और बिज़नेस उत्पादकता उपकरण जैसे मुख्य व्यावसायिक खर्चों पर बचत करती है।

यह ऑफर बैंक द्वारा पेश किए जाने वाले एसएमई पेमेंट सॉल्यूशंस के मजबूत समूह का एक हिस्सा है। एचडीएफसी बैंक का एसएमई भुगतान समाधान स्व-रोज़गार करने वाले लोगों, एसएमई और एमएसएमई की विविध भुगतान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

बिज़नेसेज की भुगतान और प्राप्ति, दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार, बैंक ने एक इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म पेश किया है जो विक्रेता भुगतान, उपयोगिता बिल और वैधानिक भुगतान आदि जैसे सभी भुगतानों के लिए सुविधा प्रदान करता है।

### कार्ड पर ईएमआई और लोन की सुविधा

फ्रीलांसर/जीआईजी कर्मचारी स्व–रोज़गार कैटेगरी में एक नया उभरता हुआ वर्ग है और बैंक इस वर्ग की खास आवश्यकताओं को पूरा करते हुए शीघ्र ही गीगा बिज़नेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च करेगा। इस नई बिज़नेस क्रेडिट कार्ड रेंज को लॉन्च करने के मौके पर, श्री पराग राव, कंट्री हेड–पेमेंट्स, लायबिलिटीज प्रोडक्ट्स, कंज्यूमर फाइनेंस एंड मार्केटिंग एचडीएफसी बैंक ने कहा कि ''एचडीएफसी बैंक में, हम स्व–रोज़गार के साथ–साथ बिज़नेस सेक्टर में एमएसएमई से लेकर बड़े कॉर्पोरेट तक की विविध भुगतान आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्व–रोज़गार कम्युनिटी की खास जरूरतों को समझते हुए, क्रेडिट कार्ड की हमारी बिज़नेस रेंज, उनकी रोजमर्रा की बिज़नेसेज आवश्यकताओं का समर्थन करने में एक व्यावहारिक गेम–चेंजर बनने के लिए डिज़ाइन की गई है।''

# नंबर-1 टेस्ट बॉलर बने बुमराह

● अश्विन तीसरे स्थान पर पहुंचे, टॉप-5 ऑलराउंडर्स में 3 भारतीय ● टॉप-10 बैटर्स में विराट इकलौते इंडियन

दुबई (एजेंसी)। जसप्रीत बुमराह आईसीसी की टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती 2 टेस्ट में बेहतरीन बॉलिंग का फायदा मिला। इसी के साथ ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को 2 स्थान का नुकसान हुआ और वह तीसरे नंबर पर पहुंच गए। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा हैं। टॉप-5 टेस्ट ऑलराउंडर्स में अब 3 भारतीय हो गए। वहीं विराट कोहली 2 टेस्ट नहीं खेलने के बावजूद टॉप-10 बैटर्स में शामिल इकलौते भारतीय हैं।

## बुमराह ने हासिल किए करियर बेस्ट रेटिंग पॉइंट्स

जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के घरेलू टेस्ट सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबलों में ही 15 विकेट झटक लिए। उन्होंने पहले टेस्ट में 6 और दूसरे में 9 विकेट लिए। दूसरे मुकाबले में वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे थे। अब बुधवार को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की लेटेस्ट रैंकिंग में वह टॉप पर पहुंच गए। बुमराह को 3 स्थान का फायदा हुआ। वह ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, अश्विन और रबाडा को पीछे कर टॉप पर पहुंचे। बुमराह के फिलहाल 881 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जो उनके करियर में बेस्ट है।

## तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनने वाले पहले भारतीय

बुमराह फिलहाल वनडे बॉलर्स में छठे और टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में 100वें नंबर पर हैं। लेकिन वह बाकी 2 फॉर्मेट में भी पहले नंबर पर रह चुके हैं। बुमराह पहली बार टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचे। इसी के साथ वह तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 पोजिशन हासिल करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए।

30 साल के बुमराह ने 34 टेस्ट में 155 विकेट लिए हैं। उनके नाम 10 बार पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 89 वनडे में 149 विकेट लिए हैं। वहीं टी-20 के 62 मैचों में उनके नाम 74 विकेट हैं।



34 मैच | 155 विकेट | 10 : 5-विकेट
20.19 औसत | 6/27 बेस्ट

- **अश्विन को हुआ 12 पॉइंट्स का नुकसान**– बुमराह से पहले भारत के ही ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन नंबर–1 टेस्ट बॉलर थे। वह इस पोजिशन पर पिछले साल मार्च से बने हुए थे, वह 11 महीने बाद टॉप पोजिशन से हटे। अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 3 ही विकेट ले सके, इसलिए उन्हें 12 पॉइंट्स का नुकसान हुआ। वह 841 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर 3 पर हैं। टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में अश्विन और बुमराह के अलावा भारत से रवींद्र जडेजा और बिशन सिंह बेदी ही पहले नंबर पर पहुंच सके हैं।
- **बैटर्स रैंकिंग में यशस्वी को फायदा**– इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में डबल सेंचुरी बनाने यशस्वी जायसवाल को 37 स्थान का फायदा हुआ। वह 29वें नंबर पर पहुंच गए हैं। निजी कारणों से शुरुआती 2 टेस्ट नहीं खेल सके विराट कोहली छठे से सातवें नंबर पर पहुंच गए। वह टॉप–10 बैटर्स में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। बैटर्स में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पहले, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे और इंग्लैंड के जो रूट तीसरे नंबर पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी एक स्थान की गिरावट के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए। शुभमन गिल 14 स्थान के फायदे के साथ 38वें नंबर पर पहुंच गए।
- **टॉप–5 ऑलराउंडर्स में 3 भारतीय**– भारत के अक्षर पटेल को दूसरे टेस्ट में अच्छी बैटिंग के कारण ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फायदा हुआ। वह छठे से पांचवें नंबर पर पहुंच गए। उनके साथ भारत के ही रवींद्र जडेजा पहले और अश्विन दूसरे नंबर पर हैं। इस तरह टॉप–5 टेस्ट ऑलराउंडर्स रैंकिंग में 3 भारतीय हो चुके हैं। ऑलराउंडर्स में तीसरे नंबर पर बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और चौथे नंबर पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स हैं। जो रूट 2 स्थान के नुकसान के साथ छठे नंबर पर पहुंच गए।

## नाबालिग से बलात्कार, हॉकी खिलाड़ी वरूण कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी खिलाड़ी वरूण कुमार के खिलाफ पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है क्योंकि एक महिला ने उन पर शादी का वादा करके कथित तौर पर कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक विमान कंपनी में कार्यरत महिला ने दावा किया कि वह 2018 में जब अर्जुन पुरस्कार विजेता वरूण के संपर्क में आई तो 17 साल



की थी। उस समय वरूण यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में ट्रेनिंग कर रहा था। प्राथमिकी (एफआईआर) में महिला ने आरोप लगाया है कि वरूण ने इंस्टाग्राम के जरिए उससे संपर्क किया और मिलने के लिए जोर दिया। वह मिलने के लिए मैसेज करता रहा लेकिन जब महिला ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो उसने महिला के मित्रों को उसे मुलाकात के लिए मनाने को कहा। मुलाकात करने पर वरूण ने कहा कि वह उसे पसंद करता है। वे मित्र बने रहे और धीरे–धीरे उनके बीच रिश्ता बन गया। जुलाई 2019 में भविष्य के बारे में बात करने का हवाला देकर वह महिला को बेंगलुरू के जयनगर के होटल में ले गया और वह नाबालिग है, यह जानते हुए भी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने जब रोकने का प्रयास किया तो उसने शादी करने का वादा किया।

## हम टीम बैठक की जगह खिलाड़ियों से संवाद को प्राथमिकमा दे रहे है : जो रूट

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से जरूरत के मुताबिक संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है। इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही पांच मैचों की श्रृंखला अभी 1–1 ये बराबर है।
भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अब तक बल्ले से नाकाम रहे रूट ने कहा, 'हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने



वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक–दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा, 'हमारी टीम नतीजे की परवाह किये बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलायी है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे है। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।

### 19 डब्ल्यूसी

## क्वेना मफाका ने रचा इतिहास, सबसे ज्यादा बार पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अंडर–19 विश्व कप अभियान में दक्षिण अफ्रीका को भले ही सेमीफाइनल में भारत के हाथों हार का सामना करना पड़ा तो लेकिन तेज गेंदबाज क्वेना मफाका ने इतिहास को फिर से लिख दिया। पूरे टूर्नामेंट में उनके उल्लेखनीय स्पैल में उन्होंने 9.71 की औसत से 21 विकेट लिए। मफाका ने दुनिया के सामने खुद को भविष्य के लिए एक आशाजनक प्रतिभा के रूप में घोषित किया। वह अंडर 19 विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक विकेटों के रिकॉर्ड की बराबरी करने के करीब पहुंच गए लेकिन बांग्लादेश के इनामुल हक जूनियर (2014) द्वारा निर्धारित 22 विकेटों के आंकड़े से केवल एक विकेट पीछे रह गए। हालांकि, वह अंडर–19 विश्व कप के एक संस्करण में सबसे अधिक पांच विकेट लेकर इतिहास की किताब में अपना नाम दर्ज करवाने से पीछे नहीं रहे। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 5/38, जिम्बाब्वे के खिलाफ 5/34 और श्रीलंका के खिलाफ 6/21 से शानदार गेंदबाजी की। उनसे पहले केवल चार खिलाड़ी टूर्नामेंट में दो बार पांच विकेट लेने का दावा करने में सफल रहे थे। मफाका ने तीन बार पांच विकेट हासिल किए और श्रीलंका के डुनिथ वेललेज (2022), अफगानिस्तान के शफीकुल्ला गफारी (2020), पाकिस्तान के अनवर अली (2006) और रियाज अफरीदी (2004) को पीछे छोड़ दिया। मफाका 2022 में टूर्नामेंट में अपनी पहली उपस्थिति में 7 विकेट लेने में सफल रहे।

### दिल्ली के कोच पोंटिंग बोले-

## ऋषभ पंत आईपीएल खेलेंगे

● इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग करेंगे, पर कप्तानी और विकेटकीपिंग अभी तय नहीं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत आईपीएल 2024 के लिए तैयार हैं। पोंटिंग ने बताया कि पंत ने खुद कहा कि वह टीम के लिए खेलेंगे। कोच ने कहा कि पंत का विकेटकीपिंग और कप्तानी करना कन्फर्म नहीं है, लेकिन वे बैटिंग जरूर करेंगे।

ऋषभ पंत ने दिसंबर 2022 के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है। 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से रुड़की जाते वक्त पंत की कार का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गए।

इसके बाद इलाज और रिकवरी के चलते वे फील्ड से दूर रहे। 30 दिसंबर 2022 को ऋषभ पंत का एक्सीडेंट हुआ। उन्होंने 10 फरवरी 2023 को बैसाखी



के सहारे चलने की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की।

ऋषभ पंत ने 16 जनवरी 2024 को बेंगलुरु में टीम इंडिया का प्रैक्टिस सेशन अटेंड किया था। वे कप्तान रोहित शर्मा और बाकी प्लेयर्स से बात करते भी नजर आए।

### पोंटिंग

रिकी पोंटिंग इस वक्त मेलबर्न में हैं। उन्हें अमेरिका की मेजर लीग (एमएलसी) में वॉशिंगटन फ्रीडम टीम का हेड कोच बनाया गया है। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान आईपीएल और पंत पर सवाल किया गया। पोंटिंग ने कहा कि पंत से पूरा टूर्नामेंट खेलने की उम्मीद करना ठीक नहीं, लेकिन वे जितना भी खेलें, टीम के लिए बोनस होगा। पोंटिंग ने कहा, ऋषभ कितने मैच खेल पाएंगे, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। टूर्नामेंट शुरू होने में 6 ही सप्ताह का समय बचा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि वे विकेटकीपिंग कर सकेंगे। दिल्ली के कोच ने कहा, एक चीज की गारंटी देता हूं, अगर मैं पंत से अभी पूछूं तो वे कहेंगे कि मैं हर मैच खेलूंगा, कीपिंग भी करूंगा और नंबर 4 पर बैटिंग भी करूंगा।

### पंत की गैरमौजूदगी में 14 में से सिर्फ 5 मैच जीती थी दिल्ली

पोंटिंग बोले, पंत शानदार खिलाड़ी हैं। वे हमारे कप्तान हैं और पिछले साल हमने उन्हें बहुत मिस किया। वे एक्सीडेंट के बाद 12–13 महीनों से क्रिकेट से दूर हैं। मैं तो यही कहूंगा कि इस तरह के एक्सीडेंट से बच जाना ही चमत्कार है, वे तो अब क्रिकेट खेलने के लिए भी तैयार हैं। पोंटिंग ने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि पंत जल्दी फिट हो जाएं। अगर वे पूरा टूर्नामेंट नहीं भी खेल सके तो 14 में से 10 मुकाबले तो जरूर ही खेलेंगे। फील्डिंग नहीं कर सके तो इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग करेंगे। पोंटिंग ने कन्फर्म किया कि अगर पंत कप्तानी नहीं कर सके तो डेविड वॉर्नर ही टीम की कमान संभालेंगे। वॉर्नर ने पिछले सीजन में दिल्ली की कप्तानी की थी, लेकिन टीम 14 मैचों में महज 5 जीत के साथ 9वें नंबर पर रही थी।

## न्यूजीलैंड ने 281 रन से जीता पहला टेस्ट

● साउथ अफ्रीका 247 पर ऑलआउट, सेंचुरी चूके बेडिंघम; रचिन रवींद्र प्लेयर ऑफ द मैच

माउंट मॅन्गानुई (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को पहला टेस्ट 281 रन से हरा दिया। माउंट मॅन्गानुई के बे ओवल मैदान पर साउथ अफ्रीका को 529 रन का टारगेट मिला। टीम चौथे दिन तीसरे सेशन में 247 रन ही बना सकी। डेविड बेडिंघम ने 87 रन की पारी खेली। बाकी कोई बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका।

न्यूजीलैंड से काइल जैमिसन ने 4 और मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट लिए। दोहरा शतक लगाने वाले रचिन रवींद्र प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने पहली पारी में 2 विकेट भी लिए। टीम से केन विलियमसन ने दोनों पारियों में शतक लगाए। न्यूजीलैंड ने डिक्लेयर की दूसरी पारी

न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए थे। टीम ने इसी स्कोर पर अपनी पारी घोषित की और साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 527 रन का टारगेट मिला।



240 रन | 366 बॉल | 26 चौके | 3 सिक्स

### 100 रन के अंदर 4 विकेट गंवाए

विशाल टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने 5 ही रन के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए। एडवर्ड मूर 0 और कप्तान नील ब्रांड 3 रन बनाकर आउट हुए। 73 रन के स्कोर तक टीम ने 4 और विकेट गंवा दिए। रायनार्ड वान टोंडर 31 और जुबैर हम्जा 36 रन बनाकर आउट हो गए।

**बेडिघंम ने संभाला, टीम को 150 के पार पहुंचाया**– नंबर-5 पर बैटिंग करने उतरे डेविड बेडिंघम ने साउथ अफ्रीका को संभाला, उन्होंने फिफ्टी लगाकर टीम को 100 और फिर 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने कीगन पीटरसन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर ली। पीटरसन 87 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 105 रन की साझेदारी टूटी।

**बेडिंघम के बाद बिखरी टीम**– 178 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवाने के बाद साउथ अफ्रीका टीम संभल ही नहीं सकी। कीगन पीटरसन 16, क्लायड फोर्च्यून 11, डुआन ओलिवर 1, शेफो मोरेकी 6 और डेन पैटरसन 15 रन बनाकर आउट हो गए।

## 12वीं राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियनशिप का पटना में आगाज



### 1000 खिलाड़ी ले रहे है भाग

**पटना , बिहार (एजेंसी)।** भारत दुनिया में शतरंज की महाशक्ति क्यूँ बन रहा है इसका उदाहरण आपको देश की राष्ट्रीय स्कूल चैंपियनशिप में ही मिल जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और ऑल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वाधान में 12वीं राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियनशिप का आज आरंभ पटना के गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में हो गया।
प्रतियोगिता में देश के लगभग 29 राज्यों से एवं केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 1000 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। बड़ी बात यह है की विभिन्न आयु वर्ग में कुल 12 राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक साथ आयोजित हो रही है और यह सभी विश्व शतरंज संघ द्वारा अधिकृत फीडे रेटिंग स्पर्धा है।
यह प्रतियोगिता अंडर 7 आयु वर्ग अंडर 9 अंडर 11 अंडर 13 अंडर 15 अंडर 17 बालक और बालिका वर्ग में खेली जा रही है। प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों में विजेता खिलाड़ियों को कुल 5 लाख से ज्यादा के नगद पुरस्कार सहित मेडल और ट्रॉफी दिए जाएंगे, यह प्रतियोगिता 6 फरवरी से आरंभ होकर 10 फरवरी तक चलेगी।
प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार विजेता ग्रैंडमास्टर और भारतीय टीम के कोच प्रवीण थिप्से नें किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर बिहार सरकार के खेल विभाग के प्रमुख सचिव डॉ बी राजेंद्र, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती वंदना प्रेयसी के साथ बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक श्री रविंद्रन शंकरण, निदेशक सहसचिव श्री पंकज कुमार राज, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के सचिव श्री अजीत कुमार वर्मा, ऑल बिहार शतरंज संघ के अध्यक्ष श्री दलजीत खन्ना तथा सचिव धर्मेंद्र कुमार उपस्थित। प्रतियोगिता में कुल नौ चक्रों की बाजी खेली जाएगी उसमें आए हुए अंकों के आधार पर विजेता का फैसला किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

## ट्रेन में यात्री के खाने में मिला कॉकरोच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम के जरिए रेल यात्रियों को दिए जाने वाले पैक्ड फूड में गड़बड़ी की शिकायत सामने आई है। वंदे भारत एक्सप्रेस से रानी कमलापति से जबलपुर की यात्रा कर रहे एक यात्री को उसके खाने में मरा हुआ कॉकरोच मिला। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद उन्होंने पश्चिम मध्य रेलवे में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। दो दिनों के बाद उस शख्स ने इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। राजभारत पी (डॉ. शुभेन्दु केशरी ) नामक एक्स हैंडल के जरिए पोस्ट में लिखा गया,मैं 1 फरवरी को ट्रेन नंबर 20173 आरकेएमपी से जेबीपी (वंदे भारत एक्सप्रेस)से यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान मुझे भारतीय रेलवे द्वारा दिए गए खाने के पैकेट में मरा हुआ कॉकरोच मिला, जिसे देखकर मैं सदमे में आ गया। शख्स ने शिकायत पत्र के अलावा खाने की कुछ तस्वीरें भी साझा की। शख्स ने लिखित तौर पश्चिम रेलवे में इस घटना की शिकायत दर्ज करवाई। वहीं, एक्स पर आईआरसीटीसी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा,आपके बुरे अनुभव के लिए हमें हार्दिक खेद है। मामले को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित सेवा प्रदाता पर भारी जुर्माना लगाया गया है।

## बीजेपी के साथ जाएगी आरएलडी! सपा से बनते-बनते बिगड़ी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकदल को लेकर दावा किया जा रहा है कि वह समाजवादी पार्टी (सपा) और आइएनडीआइ अलायंस का दामन छोड़ एनडीए का हाथ थाम सकते हैं। इस बीच केंद्रीय मंत्री और अपना दल एस की नेता अनुप्रिया पटेल ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए अहम टिप्पणी की है। अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मैंने मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी पढ़ा है कि आरएलडी जल्द ही एनडीए परिवार में शामिल होगी। मैं अपनी पार्टी की ओर से उनका स्वागत करती हूं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा, हालांकि मुझे बीजेपी और आरएलडी के बीच सीट बंटवारे के समझौते के बारे में जानकारी नहीं है। मैं यूपी या कहीं और से किसी भी पार्टी का एनडीए में शामिल होने का स्वागत करती हूं, ताकि एनडीए मजबूत हो सके। वहीं, बीजेपी के आरएलडी से नजदीकी बढ़ाने और उत्तर प्रदेश में पांच सीटों की पेशकश की चर्चा तेज है। अगर आरएलडी बीजेपी के साथ आती है तो विपक्षी गठबंधन आईएनडीआइए को प्रदेश में झटका लगना तय है। आरएलडी की बीजेपी के साथ गठबंधन की चर्चाओं से समाजवादी पार्टी खेमे में भी बेचैनी है। आरएलडी का सपा से सात सीटों का गठबंधन 19 जनवरी को हो चुका है।

## पाकिस्तान में छिपे आतंकी का सहयोगी पंजाब से गिरफ्तार, पिस्टल और कारतूस भी बरामद

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब में आतंकवादी लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। लांडा कनाडा में और रिंदा पाकिस्तान में छिपा हुआ है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस की 'एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स' ने तीनों के कब्जे से दो पिस्तौल और 10 कारतूस भी बरामद किए हैं। यादव ने एक पोस्ट में कहा, '' एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पंजाब ने कनाडा में छिपे लखबीर लांडा और पाकिस्तान में छिपे हरविंदर रिंदा के तीन सहयोगियों- जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्का और कुलविंदर सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।'' जोबन गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम के तहत दर्ज अपराधों में वांछित था और लंबे समय से फरार था। यादव ने कहा, '' जोबन और बिक्का भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत दर्ज एक से अधिक मामलों में भी वांछित थे।'' उन्होंने कहा, '' प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी विदेश में छिपे आकाओं के आदेश पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते थे।'

# 9 राज्यों में बारिश का अलर्ट, पंजाब-हरियाणा में कड़ाके की ठंड से मिलेगी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड के मैदानी इलाकों के साथ-साथ उत्तरी राजस्थान और उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 6-10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। यह सामान्य से नीचे है। राजस्थान के बाकी हिस्सों, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 11-16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। यह सामान्य से 4-6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी ने अपने ताजा रिपोर्ट में बताया है कि एक चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम बंगाल और निचले क्षोभमंडल स्तर पर स्थित है।



मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों के लिए मौसम का पूर्वानुमान लगाया है। इसके मुताबिक, सात फरवरी को अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में भी बारिश के आसार बन रहे हैं। आईएमडी ने कहा है कि 9-11 फरवरी के दौरान उत्तर प्रायद्वीपीय भारत में अलग-अलग स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। अगले 2 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 15-25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 8 और 9 फरवरी को असम और मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है।

अगले 2 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम, पूर्व और मध्य भारत के कई हिस्सों में 3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने की संभावना है। उसके बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर की स्थिति होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बर्फबारी और बारिश के चलते मंगलवार को चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 470 से ज्यादा सड़कें बंद हो गई। राज्य आपात परिचालन केंद्र के मुताबिक, 473 सड़कों पर आवाजाही ठप हो गई।

## मोदी सरकार ने 10 साल में बनाया आंतरिक सुरक्षा का एक मजबूत तंत्रः अमित शाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सिक्योरिटी बियॉन्ड टुमॉरोः फोर्जिंग इंडियाज रेजिलिएंट फ्यूचर विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि, 'बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने देश में आंतरिक सुरक्षा का एक मजबूत तंत्र तैयार करने में महत्त्वपूर्ण कामयाबी हासिल की है।' इस मौके पर शाह ने 'ओआरएफ फॉरेन पॉलिसी सर्वे' को भी लॉन्च किया। आजादी के बाद दशकों तक तुष्टिकरण की राजनीति के चलते देश ने चुनौतियों का सामना किया और विकास की राह में कहीं पीछे छूट गया।यह बात जगजाहिर है कि सालों तक आंतरिक सुरक्षा के मामले में देश आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद से ग्रसित रहा, जिसका उदाहरण है जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट। इन क्षेत्रों में न कभी विकास संभव हो सका, न ही कभी कनेक्टिविटी बढ़ाई जा सकीऔर इंफ्रास्ट्रक्चर हमेशा अधर में लटका रहा। साल 2014 के बाद मोदी जी की ज़ीरो टॉलरेंस की नीति और आतंकवाद को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन समझने वाले शाह के सख्त फैसलों की वजह से जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट जैसे तीन बड़े हॉट-स्पॉट आज विकास की राह पर अग्रसर हैं।

## कृष्णा नदी में मिली राम लला जैसी प्राचीन विष्णु प्रतिमा, आभामंडल पर दशावतार के निशान मौजूद

**रायचूर, एजेंसी।** कर्नाटक के रायचूर जिले के एक गांव में कृष्णा नदी से भगवान विष्णु की एक प्राचीन प्रतिमा मिली है। राम लला की नवनिर्मित प्रतिमा से मिलता हुआ यह प्राचीन विग्रह पुरातत्ववेत्ताओं के अनुसार 11वीं या 12वीं शताब्दी का हो सकता है। भगवान विष्णु की इस खड़ी प्रतिमा के प्रभामंडल के चारों ओर दशावतारों को उकेरा गया है।



सूत्रों का कहना है कि इस अनूठे संयोग में सबसे अद्भुत बात यह है कि तकरीबन हजार साल पुराने विग्रह का रूप-रंग और स्वरूप अयोध्या में राम लला के भव्य-दिव्य मंदिर में स्थापित विग्रह से मिलता-जुलता है। भगवान विष्णु के इस विग्रह के साथ ही एक प्राचीन शिवलिंग भी मिला है।

रायचूर यूनिवर्सिटी में प्राचीन इतिहास और पुरातत्व की लेक्चरर डा.पद्मजा देसाई ने भगवान विष्णु की प्रतिमा के संबंध में बताया कि यह निश्चित रूप से एक मंदिर के गर्भगृह का हिस्सा रही होगी। संभवतः इसे मंदिर में हुई तोड़फोड़ से बचाने के लिए नदी में डाला गया होगा। इस प्रतिमा को थोड़ी क्षति पहुंची है। विग्रह की नाक थोड़ी क्षतिग्रस्त है।

डा. देसाई ने बताया कि कृष्णा नदी क्षेत्र में पाई गई इस प्रतिमा में विशेष नक्काशी की गई है। उसके प्रभामंडल पर विष्णु के दशावतार बने हैं। उस पर मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिम्हा, वामन, राम, परशुराम, कृष्ण, बुद्ध और कल्की अलंकृत हैं। विष्णु की खड़ी प्रतिमा के चार हाथ हैं, जिसमें दो ऊपर उठे हाथ शंख और चक्र से सुसज्जित हैं। नीचे की ओर सीधे किए दो हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में हैं। इनमें एक कटि हस्त और दूसरा वरद हस्त है। हालांकि, इस विग्रह पर गरुड़ का चित्रण नहीं है। जबकि आमतौर पर विष्णु प्रतिमा में गरुड़ भी होते हैं। यह विग्रह ग्रंथों में उल्लेखित भगवान वेंकेटेश्वर से मिलती-जुलती है। देसाई ने इंगित किया कि विष्णु जी को साज-सज्जा पसंद है इसलिए उन्हें मालाओं और आभूषणों से अलंकृत किया गया है।

## नंद गोपाल नंदी ने औद्योगिक भूखंडों की आवंटन प्रक्रिया पर उठाए सवाल, इसकी मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने औद्योगिक भूखंडों की आवंटन प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। साथ ही साक्षात्कार के जरिये हाल ही में जो आवंटन हुए हैं, उनकी रिपोर्ट तलब की है। आवंटन प्रक्रिया और भूखंड पाने वाले औद्योगिक संस्थानों के नाम भी मांगे हैं। मंत्री के आदेश के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की औद्योगिक भूखंडों की योजना खतरे में पड़ गई है। अब औद्योगिक भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिये नहीं बल्कि नीलामी के जरिये किया जाएगा।



पिछले साल अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश के बाद नोएडा और ग्रेनो प्राधिकरण में औद्योगिक भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिये करने पर उनके बोर्ड ने मुहर लगा दी थी। योजना निकालकर साक्षात्कार के जरिये आवंटन कर दिया नोएडा प्राधिकरण ने औद्योगिक भूखंड की योजना निकालकर साक्षात्कार के जरिये आवंटन कर दिया। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी 44 औद्योगिक भूखंडों की योजना निकाल दी। अब प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को पत्र जारी किया है। इसमें औद्योगिक भूखंडों की आवंटन प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। मंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि साक्षात्कार के जरिये आवंटन नीति पर मुख्यमंत्री का आदेश-मार्गदर्शन लिया जाना था, लेकिन बिना इसके आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। नंदी ने कहा कि कई औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उनसे मिले और आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी नहीं बताया। इसमें सुधार की जरूरत है। ग्रेनो प्राधिकरण ने 44 औद्योगिक भूखंडों की योजना 30 जनवरी को लॉन्च की थी। मंत्री के आदेश के बाद यह योजना संकट में आ गई है। इन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिए होना प्रस्तावित है। इन 44 भूखंडों में से आठ भूखंड सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में, सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन में एक भूखंड, इकोटेक चार में एक, ईकोटेक छह बी में दो, ईकोटेक छह में 23 भूखंड और उद्योग केंद्र एक्सटेंशन वन में सात और उद्योग विहार एक्सटेंशन में दो भूखंड हैं। ये भूखंड 135 वर्ग मीटर से लेकर 20354 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। आदेश के बाद यह योजना बंद हो सकती है। हालांकि, अभी तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। औद्योगिक विकास मंत्री ने औद्योगिक विकास आयुक्त से कहा है कि साक्षात्कार के जरिये अब तक किन भूखंडों आवंटन किया गया। किस-किस औद्योगिक संस्था को भूखंड दिए गए, रिपोर्ट मांगी है। आवंटन प्रक्रिया को संकलित करते हुए मुख्यमंत्री को रिपोर्ट भेजी जानी है। यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश के बिना अभी सिर्फ नीलामी के जरिये आवंटन हो। उन्होंने कहा कि आवंटन प्रक्रिया पारदर्शी है, लेकिन अभी तक इसमें मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन नहीं मिला है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा, नोएडा प्राधिकरण की तरफ से निकाली गई औद्योगिक भूखंड योजना के तहत यूपी दिवस पर आवंटन पत्र भी जारी कर दिए हैं। योजना में कोई रुकावट नहीं है। भूखंड आवंटन करने के लिए सभी मानकों के अंतर्गत साक्षात्कार प्रक्रिया की गई थी। आगे शासन की तरफ से तय नीति पर ही आवंटन होगा।

## ट्रूडो ने कनाडा को बना दिया चरमपंथी समूहों और गैंगस्टरों का अड्डा, नागरिकों में भय और बेचैनी बढ़ी

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के हालात को लेकर एक चिंताजनक रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में खुलासा कियागया है कि प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने स्वार्थ के लिए कनाडा को चरमपंथी समूहों और गैंगस्टरों का अड्डा बना दिया है जिस कारण कनाडाई नागरिकों के दिलों में भय और बेचैनी बढ़ती जा रही है । रिपोर्ट के अनुसार अपने शांतिपूर्ण और विविध समाज के लिए जाना जाता कनाडा वर्तमान में चरमपंथी समूहों और गैंगस्टरों से जुड़ी हिंसक घटनाओं में वृद्धि से जूझ रहा है। दक्षिण सर्रे में रात भर हुई गोलीबारी की नवीनतम घटना ने एक बार फिर गिरोह से संबंधित हिंसा में वृद्धि के बारे में चिंता बढ़ा दी है।अधिक परेशान करने वाली बात यह धारणा है कि प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो सहित कुछ राजनीतिक नेताओं पर वोट बैंक की राजनीति के लिए इन उपद्रवियों को खुश करने का आरोप है। विचाराधीन घटना दक्षिण सर्रे में हुई, जहां स्थानीय समुदाय के सदस्यों का दावा है कि लक्षित घर दिवंगत खालिस्तान चरमपंथी, हरदीप सिंह निज्जर के एक सहयोगी का है, जो कनाडा के समाज के लिए चरमपंथ और गिरोह हिंसा के बढ़ते खतरे की याद दिलाता है।

# म्यांमार में रहने वाले भारतीयों को एडवाइजरी

### विदेश मंत्रालय ने कहा– रखाइन प्रांत न जाएं, वहां रह रहे भारतीय फौरन निकलें

**म्यांमार एजेंसी।**
म्यांमार में हिंसा और तनाव के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय वहां रहने वाले भारतीयों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों को वहां के रखाइन प्रांत की यात्रा नहीं करने के लिए कहा गया है। मंत्रालय की ओर से यह भी कहा गया कि रखाइन प्रांत में रह रहे भारतीय फौरन किसी सुरक्षित जगह चले जाएं।

विदेश मंत्रालय ने अपनी एडवाइजरी में कहा- बिगड़ती सुरक्षा स्थिति, लैंडलाइन समेत कम्युनिकेशन के अन्य साधनों की स्थिति बिगड़ रही है। जरूरी सामान की कमी भी हो रही है। इसे देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे म्यांमार के रखाइन प्रांत की यात्रा न करें। जो भारतीय नागरिक पहले से ही रखाइन में हैं, उन्हें तुरंत यहां से बाहर निकलने की सलाह दी जाती है।



रखाइन प्रांत और कई अन्य क्षेत्रों में अक्टूबर 2023 से जातीय समूहों और म्यांमार की सेना के बीच गंभीर लड़ाई देखी गई है।

दरअसल, फरवरी 2021 में म्यांमार में सेना ने लोकतांत्रिक सरकार को हटाकर सस्ता पर कब्जा कर लिया। वहां की स्टेट काउंसलर आंग सान सू की और राष्ट्रपति विन मिंट समेत कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग हलिंग ने खुद को देश का प्रधानमंत्री घोषित कर दिया था। सेना ने देश में 2 साल के आपातकाल की घोषणा की थी। इसके बाद से म्यांमार में गृह युद्ध चल रहा है। म्यांमार का सीधा असर भारत पर पड़ रहा 1 फरवरी को विदेश मंत्रालय के स्पोक्सपर्सन रणधीर जैसवाल ने कहा था- हम म्यांमार में बिगड़ती स्थिति से चिंतित हैं, जिसका सीधा असर हम पर पड़ रहा है। एक पड़ोसी देश और म्यांमार के मित्र के रूप में भारत लंबे समय से हिंसा के खात्मे और समावेशी संघीय लोकतंत्र की वकालत करता रहा है। म्यांमार के साथ भारत की खुली सीमा है। ये चार राज्यों से लगती है। दोनों देशों के बीच 1600 किलोमीटर का बॉर्डर है। भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट का एग्रीमेंट 1970 में हुआ था। तब से सरकार इसे लगातार रिन्यू करती रही है। आखिरी बार इसे 2016 में रिन्यू किया गया था। म्यांमार में विद्रोही गुटों और सेना के बीच लड़ाई तेज हो रही है। इस बीच वहां के नागरिक और सैनिक भागकर भारत आ जाते हैं। ज्यादातर लोग मिजोरम में पनाह लेते हैं। इसे रोकने के लिए हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया है कि भारत-म्यांमार बॉर्डर पर खुली सीमा की फेंसिंग की जाएगी।

# भारत आ रहे अमेरिकी जहाज पर हमला, ब्रिटिश शिप पर भी ड्रोन अटैक

**हूती एजेंसी।**
लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने दो जहाजों पर हमला किया। ये जहाज अमेरिका और ब्रिटेन के थे। इनमें से एक जहाज अमेरिका से भारत आ रहा था।

यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस के मुताबिक मंगलवार गेर रात लाल सागर में आगे बढ़ रहे अमेरिकी जहाज स्टार नासिया के नजदीक हूतियों की बोट देखी गई थी। वहीं, ब्रिटेन के जहाज मॉर्निंग टाइड पर मंगलवार सुबह हमला हुआ। दोनों जहाजों पर कितने क्रू मेंबर सवार थे इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।



अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने साथ मिलकर शनिवार 3 फरवरी देर रात यमन पर हमला किया। सैनिकों ने हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाके पर हमला किया। अमेरिकी एयरफोर्स के हवाले से बताया गया कि हमले 36 ठिकानों पर किए गए। इनमें हथियार रखने की जगह, मिसाइल, एयर डिफेंस सिस्टम और रडार से जुड़ी साइट्स शामिल थे। दरअसल, हूती विद्रोही लगातार लाल सागर में जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इसके खिलाफ अमेरिका और ब्रिटेन कार्रवाई कर रहे हैं। दोनों देशों का यह तीसरा जॉइंट ऑपरेशन है। इसके पहले अमेरिका और ब्रिटेन ने 28 जनवरी और 11 जनवरी को यमन पर हमला किया था। वहीं, 11 जनवरी से अब तक अमेरिका 10 बार यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बना चुका है।अमेरिका और ब्रिटेन ने बयान जारी कर कहा- हूती विद्रोहियों के हमलों के चलते लाल सागर से गुजरने वाले 2 हजार जहाजों को अपना रास्ता बदलना पड़ा। इस समुद्री रास्ते से जहाज दुनियाभर में इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट करते हैं। इसी रास्ते पर दुनिया का करीब 15 प्रतिशत शिपिंग ट्रैफिक होता है। हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इस समस्या को खत्म करने और व्यापार को बचाने के लिए हूती विद्रोहियों को रोकना जरूरी है। दरअसल, इजराइल-हमास जंग के चलते हूती विद्रोहियों ने गाजा का समर्थन करने के लिए लाल सागर में जहाजों पर हमले शुरू किए हैं और वे शिपिंग रूट्स को निशाना बना रहे हैं। 23 दिसंबर 2023 को लाल सागर में जहाज पर भी हमला हुआ था। यह जहाज भारत आ रहा था और इसमें सवार ऑपरेटिव टीम के सभी 25 लोग भारतीय थे। इस पर अफ्रीकी देश गैबॉन का झंडा लगा था। हमले के बाद इस ट्रेड रूट की सुरक्षा के लिए भारत ने अपने 5 वॉरशिप उतार दिए। इसके पहले 19 दिसंबर को हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाईजैक कर लिया था। यह जहाज तुर्किये से भारत आ रहा था। हूती विद्रोहियों ने इसे इजराइली जहाज समझ कर हाईजैक किया था। प्रोफेसर अरुण कुमार बताते हैं कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी व्यापार के समुद्री मार्ग की सुरक्षा को लेकर चिंतित है।

## ऊदी बोला- इजराइल के साथ डिप्लोमैटिक रिश्ते नहीं बनाएंगे

**दुबई, एजेंसी।** सऊदी अरब का कहना है कि जब तक फिलिस्तीन स्वतंत्र राज्य नहीं बन जाता, तब तक सऊदी और इजराइल के बीच कोई राजनयिक संबंध नहीं होंगे। सऊदी अरब ने यह बात अमेरिका से कही है। दरअसल, अमेरिका इजराइल-सऊदी रिलेशन शुरू कराने को लेकर तमाम कोशिशें कर रहा है। हालांकि, बुधवार को सऊदी ने साफ कर दिया कि जब तक फिलिस्तीनियों को उनके अधिकार नहीं मिल जाते वो इजराइल के साथ संबंध नहीं रखेगा। सऊदी विदेश मंत्रालय ने कहा- हमने अमेरिका को बता दिया है कि हम इजराइल के साथ राजनयिक संबंध तक तक नहीं शुरू करेंगे जब तक वो गाजा में हो रहे हमले रोक नहीं देता। साथ ही फिलिस्तीन को स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता नहीं दे देता। एक दिन पहले यानी 6 फरवरी को ही अमेरिका ने कहा था कि इजराइल और सऊदी के बीच राजनयिक संबंध बनाने को लेकर बातचीत करने के लिए राजी हैं। अमेरिका के इस बयान के बाद ही सऊदी ने इजराइल के साथ किसी भी तरह के संबंध बनाने के लिए मना कर दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 5 फरवरी को रियाद में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129